नई दिल्ली
शनिवार 22 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 124
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 38

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

दिल्ली में ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम

मप्र में निवेश संभावनाओं पर संवाद, मुख्यमंत्री हुए शामिल

आज 'एमपी : अनलॉकिंग द हार्ट ऑफ इंडिया' विषय पर विशेष फायरसाइड चैट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम- 2026 में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान मप्र की आर्थिक एवं औद्योगिक विकास यात्रा, निवेश की संभावनाओं तथा राज्य को देश के प्रमुख विकास केंद्र के रूप में स्थापित करने के प्रयासों पर विचार साझा किया। मप्र की संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत करने का यह महत्वपूर्ण आयोजन हुआ। ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम का दो दिनी आयोजन शुरू हुआ है। यह शनिवार 22 अगस्त को भी होगा। इसमें देश और दुनिया के प्रमुख उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं एवं वैश्विक विशेषज्ञों की सहभागिता वाले इस प्रतिष्ठित मंच पर मप्र की विकास संभावनाओं, निवेश अवसरों और औद्योगिक क्षेत्र में राज्य की नई दिशा पर विशेष चर्चा शुरू हुई है। फोरम के दूसरे दिन 22 अगस्त को 'एमपी : अनलॉकिंग द हार्ट ऑफ इंडिया' विषय पर विशेष ▸▸ शेष पेज 5 पर

20 स्पेस स्टार्टअप के सीईओ-फाउंडर्स से पीएम का संवाद, कृषि से लेकर पर्यावरण तक में स्पेस टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में देश के 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और संस्थापकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक प्रतिभाओं, कंपनियों और निवेश के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। ऐसा माहौल तैयार किया जाना चाहिए कि जब दुनिया अंतरिक्ष क्षेत्र के बारे में सोचे तो उसकी नजर भारत की ओर जाए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की: प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युवा उद्यमियों और नवोन्मेषकों से मिलकर उन्हें खुशी हुई, जिन्होंने एक नए और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रवेश करने का साहस दिखाया है। उन्होंने कहा कि इन उद्यमियों ने जोखिम उठाया, सुधारों पर भरोसा किया और लगातार अपने प्रयास जारी रखे। उनके परिश्रम से पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

युवाओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि विकसित करें

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष उद्योग और सामाजिक विकास से जुड़े अन्य क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने युवाओं में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा और रुचि विकसित करने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स को अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ अधिक सहयोग करने का सुझाव दिया। मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र के उद्यमियों को नए और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में आगे बढ़ने का साहस दिखाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने के फैसले में जो दृष्टि थी, उसमें इन उद्यमियों के आत्मविश्वास ने और मजबूती दी है।

आम लोगों के जीवन में लाएं बदलाव

मोदी ने स्टार्टअप्स से यह भी विचार करने को कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कृषि, पशुधन प्रबंधन, डेयरी, पर्यावरण समेत आम लोगों के दैनिक जीवन से जुड़े अनेक क्षेत्रों में किस तरह बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को भरोसा दिलाया कि भारत की भविष्य की अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण में सरकार उनका निरंतर साथ देती रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सामने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक मजबूत, नवोन्मेषी और व्यावसायिक रूप से सक्षम मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

त्यौहार से पहले चीनी 70 रु. प्रति किलो पहुंची

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन से ठीक पहले खुदरा बाजार में चीनी की कीमतें 70 रुपए प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। चीनी के बढ़ते दामों से आम जनता के बजट के साथ-साथ मिठाई और

खाद्य उद्योग की लागत भी बढ़ गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी चीनी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त (ड्यूटी-फ्री) आयात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी। सरकार ने 21 अगस्त से 31 अक्टूबर 2026 तक इस आयात की मंजूरी दी है। यह अवधि त्योहारी सीजन से ठीक पहले की है।

अब एक साल की प्रैक्टिस पर बन सकेंगे जज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सेवा में जूनियर डिवीजन सिविल जज के पद पर भर्ती के नियमों में एक बड़ा और राहत देने वाला बदलाव किया है। शीर्ष अदालत ने भर्ती के लिए अनिवार्य

3 साल की लीगल प्रैक्टिस (वकालत) की शर्त को घटाकर अब 1 साल कर दिया है। पीठ ने मई 2025 के अपने ही फैसले के खिलाफ दाखिल पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह संशोधन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में सिविल जज भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों के पास कम से कम 1 साल की सत्यापित एक्टिव वकालत का अनुभव होना अनिवार्य होगा।

कथित रूप से पेलेट से घायल छात्र साहिल लोचब के मामले में दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस, राहुल ने पूछा- एफआईआर रोक कौन रहा था?

छह घंटे के धरने के बाद एफआईआर, राहुल गांधी बोले- न्याय की दिशा में पहला कदम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पेलेट गन से घायल छात्र साहिल लोचब के मामले में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने आखिरकार एफआईआर दर्ज कर ली। एफआईआर दर्ज होने के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर छह घंटे से अधिक चले अपने धरने को समाप्त किया और इसे न्याय की दिशा में पहला कदम बताया। पुलिस के अनुसार, मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 और 125 के तहत दर्ज किया गया है। इसके पहले संसद मार्ग पुलिस थाने से लेकर डीसीपी कार्यालय तक राहुल गांधी ने एफआईआर लिखने का निवेदन किया। मीडियाकर्मियों की उपस्थित में डीसीपी को दिखाया, साहिल को कहां, कहां कथित रूप से पेलेट गन की गोलियां लगी। एक आंख भी क्षतिग्रस्त बताई जा रही है।

राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर घायल छात्र साहिल लोचब, उसकी मां और वकील के साथ संसद मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। उनका आरोप था कि 20 जुलाई को दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान पेलेट गन से घायल हुए साहिल की शिकायत पर एक महीने से एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी। पहले मंदिर मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की गई, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ने पर राहुल गांधी संसद मार्ग थाने पहुंचे और डीसीपी से भी मुलाकात की। इसके बाद वह ▸▸ शेष पेज 5 पर

आंख की रोशनी प्रभावित, दो बार सर्जरी हुई

धरने के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि एक युवा के शरीर में अब भी सैकड़ों छर्रे हैं। उनके मुताबिक, तीन छर्रे साहिल की आंख में लगे हैं, जबकि कुछ छर्रे दिल के पास भी हैं जिन्हें डॉक्टर निकाल नहीं पाए हैं। उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट दिखाते हुए कहा कि छात्र की एक आंख की रोशनी प्रभावित हुई है और उसे दो बार सर्जरी से गुजरना पड़ा है।

एफआईआर दर्ज करने में इतना समय क्यों?

राहुल गांधी ने कहा, "केस लॉज हुआ है, ये न्याय का पहला कदम है।" उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है तो एफआईआर दर्ज करने में इतना समय क्यों लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी एफआईआर दर्ज करना चाहते थे, लेकिन "ऊपर से न्याय की ब्रेक लगी हुई थी।" राहुल ने यह भी दावा किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए गृह सचिव और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अंतिम मंजूरी लेनी पड़ी। उन्होंने सवाल किया, "तो आप समझ जाइए, एफआईआर रोक कौन रहा था।" हालांकि, यह राहुल गांधी का आरोप है; पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज करने में किसी राजनीतिक मंजूरी की आवश्यकता होने की पुष्टि नहीं की गई है।

पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह दें जवाब

राहुल गांधी ने कहा कि एफआईआर किसी व्यक्ति के खिलाफ पूर्व निष्कर्ष नहीं है, बल्कि घटना की जांच और जवाबदेही तय करने की पहली कानूनी प्रक्रिया है। उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पेलेट गन के इस्तेमाल को गंभीर अपराध बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले में जवाब देने की मांग की।

राहुल गांधी का बेवजह धरने पर बैठना कांग्रेस की राजनीतिक हताशा का प्रतीकः नड्डा

कहा, राहुल गांधी खुद को सुर्खियों में जिंदा रखने के लिए यह 'कैमरा-जीवी' ड्रामा कर रहे

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि आज पूरा देश एक बार फिर राहुल गांधी की उस सस्ती और ध्यान भटकाने वाली राजनीति का गवाह बना है, जिसका प्रदर्शन उन्होंने संसद मार्ग थाने के बाहर किया है। राहुल गांधी का आज का यह धरना न तो छात्रों के लिए है और न ही न्याय के लिए है, यह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक हताशा का प्रतीक है और राहुल गाँधी की 'फुटेज खाने की भूख' है। नड्डा ने कहा कि पूरा देश जानता है कि 20 जुलाई की घटना को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही संज्ञान ले लिया है और पूर्व जज की अध्यक्षता में एक 5 सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन कर दिया है। जब देश की सबसे बड़ी अदालत मामले की जांच कर रही है, तो आज थाने के बाहर जाकर कैमरे के सामने बैठकर राहुल गांधी क्या साबित करना चाहते हैं? ▸▸ शेष पेज 5 पर

ऐसे हुई मारपीट

जयपुर के बगरू में सीजेपी कार्यकर्ताओं की पिटाई

रांका से धक्का-मुक्की, कार्यकर्ताओं को दौड़ाया, पत्थर फेंके, हाथ तोड़े

- अभिजीत दीपके की 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी
- रामपुरा-कंवरपुरा गांव के सरकारी स्कूल की बदहाली का जायजा लेने पहुंचे थे सीजेपी कार्यकर्ता

एजेंसी ▸▸ जयपुर

जयपुर के बगरू इलाके में स्थित रामपुरा-कंवरपुरा गांव में शुक्रवार को उस वक्त भारी बवाल हो गया, जब कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ता 'स्कूल ठीक करो' अभियान के तहत स्थानीय सरकारी स्कूल की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। ग्रामीणों ने राजनीतिक रोटियां सेंकने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं को गांव से खदेड़ दिया, धक्का-मुक्की की और जमकर मारपीट की। ग्रामीणों ने कार्यकर्ताओं पर रेत भी उछाला और पत्थरबाजी भी की। इस दौरान सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका सहित अन्य कार्यकर्ताओं की गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए और पथराव भी हुआ। रांका और पार्टी ▸▸ शेष पेज 5 पर

तबेले में बैठकर पढ़ रहे हैं बच्चे, इमारत पूरी तरह जर्जर

दरअसल, स्कूल की मुख्य इमारत के पूरी तरह जर्जर होने के कारण एक साल पहले इसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, प्रशासन ने स्कूल को 4 किलोमीटर दूर शिफ्ट किया था, लेकिन दूरी अधिक होने के कारण बच्चे वहां जाने में असमर्थ थे। ऐसे में मजबूरीवश गांव के ही एक नागरिक के तबेले में टीन शेड के नीचे स्कूल चलाया जा ▸▸ शेष पेज 5 पर

सड़क सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा, ब्लैक स्पॉट, स्पीड मैनेजमेंट और इमरजेंसी रिस्पॉन्स पर जोर

हाईवे पर हादसों पर लगेगी लगाम, एनएचएआई और रोड सेफ्टी बोर्ड ने बनाई नई रणनीति

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क हादसों को कम करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए, एनएचएआई यानि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को संस्थागत बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, बैठक का उद्देश्य प्राधिकरण और बोर्ड के बीच दीर्घकालिक और व्यवस्थित सहयोग के लिए संस्थागत ढांचा तैयार करना था, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा के मानकों को और मजबूत किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों को गति दी जा सके।

बैठक में एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूदा सड़क सुरक्षा प्रबंधन की स्थिति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। इसमें सड़क सुरक्षा प्रदर्शन, उभरते रुझान, संस्थागत व्यवस्था और शासन प्रणाली के साथ-साथ हाईवे इंजीनियरिंग, संचालन, सड़क सुरक्षा ऑडिट और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के प्रबंधन पर चर्चा हुई।

ब्लैक स्पॉट और तेज रफ्तार पर विशेष नजर

बैठक में वाहनों की गति के प्रभावी प्रबंधन, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा से जुड़े मौजूदा तंत्र का विस्तृत आकलन किया। इसके अलावा, दुर्घटना के बाद तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने और तकनीक के इस्तेमाल पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक को राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा के लिए प्राधिकरण और बोर्ड के बीच समन्वय ▸▸ शेष पेज 5 पर

देशभर के 400 से अधिक उद्यमी जुटेंगे, 2 लाख सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को मिला योजना का लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार से नई दिल्ली में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में देशभर के उद्यमी, विशेषज्ञ और विभिन्न हितधारक शामिल होंगे। इसका उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, ज्ञान और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

मंत्रालय के संयुक्त सचिव देवेश देवल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कॉन्क्लेव में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 400 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

देवल ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी घटक से अब तक दो लाख से अधिक व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से करीब 11 से 12 लाख रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार, कॉन्क्लेव के दौरान सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के सामने आने वाली चुनौतियों, सफल उद्यमों के अनुभवों, नवाचार और क्षेत्र के भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसका मकसद छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए उनकी क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में सबके सामने ला दी पूरी सच्चाई

मुख्यमंत्री रेड्डी का विदेश मंत्रालय पर आरोप, राजनीतिक कारणों से रद्द किया दौरा

तेलंगाना सीएम का कार्यक्रम उनके पद, यात्रा उद्देश्य के हिसाब से ठीक न होने पर नहीं दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को अमेरिका की यात्रा की अनुमति न दिए जाने के मामले की गूंज शुक्रवार को विदेश मंत्रालय में भी सुनाई दी। राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में सवाल उठा कि सूबे के सीएम ने मंत्रालय पर राजनीतिक कारणों के चलते उनका यह दौरा रद्द करने का आरोप लगाया है। जिसका साफ शब्दों में जवाब देते हुए मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्रियों से लेकर अन्य गणमान्य लोगों की यात्राओं को लेकर राजनीतिक मंजूरी विदेश मंत्रालय द्वारा ही दी जाती है। लेकिन उससे पहले मंत्रालय ऐसी किसी भी यात्रा के कार्यक्रम का व्यापक रूप से आकलन करता है। जिसमें कार्यक्रम संबंधित व्यक्ति के पद और यात्रा के उद्देश्य के मुताबिक ठीक होना चाहिए। जहां तक तेलंगाना सीएम की अमेरिका यात्रा के इस विशेष मामले की बात है, तो इस संबंध में मंत्रालय को जो उनका यात्रा कार्यक्रम सौंपा गया था। वह उनके पद और यात्रा के मकसद के दृष्टिकोण से उचित नहीं था। जिसकी वजह से हमने उन्हें इसके लिए हरीझंडी प्रदान नहीं की है।

अब 23 को होगी स्वदेश वापसी: सीएम कार्यालय ने एक बयान के जरिए कहा कि विदेश मंत्रालय की वजह से तेलंगाना के मुख्यमंत्री को अपनी प्रस्तावित अमेरिका यात्रा रद्द होने के चलते अब 23 अगस्त को ▸▸ शेष पेज 5 पर

ब्रिटेन जाने पर नहीं लगाई रोक

रणधीर ने यह भी कहा कि मंत्रालय ने तेलंगाना सीएम की अमेरिका यात्रा को लेकर मंजूरी नहीं दी है। लेकिन उनकी ब्रिटेन की यात्रा के लिए हमने उन्हें अनुमति दे दी है। बताते चलें कि मंत्रालय के प्रवक्ता का यह स्पष्टीकरण मुख्यमंत्री कार्यालय के केंद्र पर लगाए गए बयान के कुछ घंटों बाद सामने आया। अभी रेड्डी फिलहाल तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में लंदन में हैं। ब्रिटेन में अपने कार्यक्रमों को समाप्त करने के बाद उन्हें अमेरिका रवाना होना था। अंत में वह 30 अगस्त को स्वदेश यानी हैदराबाद वापस लौटने वाले थे। लेकिन अब विदेश मंत्रालय की स्वीकृति के बिना उनका अमेरिका दौरा रद्द हो गया है।

राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय ने मामले पर नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत यात्रा पर असमंजस बरकरार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अगले महीने भारत की मेजबानी में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और उससे पहले बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत यात्रा को लेकर बना हुआ सस्पेंस खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर भारत की तरफ से लगातार उन्हें नई दिल्ली की इस बहुप्रतीक्षित यात्रा के लिए आधिकारिक रूप से आमंत्रित किए जाने की पुष्टि की जा चुकी है। जबकि दूसरी ओर ढाका का कहना है कि ऐसी शीर्ष यात्रा दोनों देशों के बीच विश्वास पर आधारित सम्मानजनक और अनुकूल माहौल तैयार होने पर ही की जाएगी।

23 से 24 अगस्त तक होनी थी यात्रा: फिलहाल मामले पर दोनों देशों के बीच बैक चैनल से वार्ता जारी है। मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की इस महीने होने वाली प्रस्तावित दो दिवसीय यात्रा (23 से 24 अगस्त तक) कुछ मुद्दों के चलते टल गई है। लेकिन पर्दे के पीछे से कोशिशें जारी हैं। यहां बता दें कि विदेश मंत्रालय ने पीएम रहमान को दो बार आमंत्रित ▸▸ शेष पेज 5 पर

अपडेट मिलने पर जानकारी देंगे: जायसवाल

राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर पूछे गए एक सवाल के उत्तर में बताया कि अभी उनके पास इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। जैसे ही इसे लेकर कोई अपडेट होगी। वह उसे तुरंत मीडिया के साथ साझा करेंगे। पूर्व में उन्होंने यह भी कहा था कि भारत बांग्लादेश के साथ पारस्परिक हितों और पारस्परिकता के मुताबिक, सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने का इच्छुक है।

भारतीय उच्चायुक्त ने की उच्चस्तरीय बैठकें

इस पूरे घटनाक्रम के मध्य बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने ढाका के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से बीते दिनों मुलाकात की है। जिसमें प्रधानमंत्री रहमान भी शामिल हैं। इन मुलाकातों का सार यही है कि इनमें भारत के राजनयिक ने इस बात पर ही जोर दिया है कि भारत और बांग्लादेश के संबंध अनुकूल और सकारात्मक वातावरण के साथ ही आगे बढ़ने चाहिए। त्रिवेदी ने बांग्लादेश के वित्त मंत्री खुसरू महमूद चौधरी के साथ भी एक मुलाकात की है। जिसमें द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं और ▸▸ शेष पेज 5 पर

इमारत पुरानी होने के कारण चल रहा था ध्वस्तीकरण कार्य

करोल बाग में ढही इमारत एक की मौत, तीन जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में शुक्रवार को एक पुरानी दो मंजिला इमारत ध्वस्तीकरण कार्य के दौरान भरभराकर ढह गई। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई और तीन अन्य जख्मी हुये हैं। पुलिस ने इमारत गिराने का ठेका लेने वाले शख्स को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार सुबह 11.15 बजे रैगरपुरा में प्यारे लाल रोड पर हुई। बिल्डिंग नंबर 3512 को तोड़े जाने का कार्य निजी ठेकेदार अपने श्रमिकों से करवा रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि इमारत मालिकों ने ध्वस्तीकरण कार्य के लिए एक निजी ठेकेदार को काम पर रखा था और ढांचा गिराने के लिए संबंधित सिविक एजेंसी से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। जिस समय ध्वस्तीकरण हो रहा था इमारत अचानक ढह गई, जिससे साइट पर काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। पुलिस और अग्निशमन सेवा के कर्मी व एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि शेख शमशाद नाम का मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। उसके शव को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शवगृह भेजा गया है। एक अन्य मजदूर मोहम्मद अयूब को सिर में चोट लगी और उसका दाहिना हाथ टूट गया। उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। एक अन्य मजदूर शेख सईद उल भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है और उसे इलाज के लिए जीवन माला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चौथे मजदूर की पहचान रफीकउल के रूप में हुई जिसे मामूली चोटें आई हैं। बाद में वह अपने घर चला गया। पुलिस ने बताया कि भवन मालिकों और विध्वंस कार्य में शामिल ठेकेदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

कार का शीशा तोड़ दो करोड़ के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में कार का शीशा तोड़कर तीन बैगों में रखे लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण और हीरे चोरी कर लिए गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीमों ने तुरंत मौके का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के विश्लेषण के बाद हेलमेट पहने मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों की पहचान की गई और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार को करोल बाग थाने में बीकानेर चौक के पास कार की पिछली खिड़की का शीशा तोड़कर आभूषणों से भरे तीन बैग चोरी होने के संबंध में सूचना दी गई थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

शिकायतकर्ता जयपुर का एक ज्वैलर है, जो आभूषण और हीरे लेकर व्यापारिक सिलसिले में दिल्ली आया था। उनके बयान के अनुसार, चोरी हुये आभूषणों और हीरों की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है। क्राइम टीम, स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की टीमों ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज के गहन विश्लेषण के दौरान हेलमेट पहने और मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों की पहचान की गई। मोटरसाइकिल का पता लगाया गया और उसके रजिस्टर्ड मालिक को ढूंढा गया। उसे और उसके दो भाइयों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह का कहना है कि चोरी हुए सामान का पता लगाने और मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के प्रयास जारी हैं।

चार बड़े ऑपरेशन में 12 ड्रग तस्कर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों के सिंडिकेट को बड़ा झटका देते हुये आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की टीमों ने चार बड़े ऑपरेशन में 12 ड्रग तस्कर सलाखों के पीछे पहुंचाये हैं। इनके पास से 882 ग्राम हेरोइन, 514 ग्राम मिलावटी पाउडर, 15.548 किलो गांजा और 3.358 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार इस सिलसिले में भलस्वा डेयरी, बवाना और शाहबाद डेयरी थानों में केस दर्ज हुये। भलस्वा डेयरी मामला चार अगस्त को दर्ज किया गया था। इसमें शेख फरीद, वसीम खान और नूर सलीम को अरेस्ट किया गया। इनसे 102 ग्राम हेरोइन, 302 ग्राम हेरोइन और 514 ग्राम मिलावटी पाउडर और 42 ग्राम हेरोइन बरामद हुये। शाहबाद डेयरी मामला 18 अगस्त को दर्ज हुआ। इसमें वैभव जोशी, जसपाल, शुभम को पकड़ा गया। इनसे क्रमशः 3.358 किलो हाइड्रोपोनिक वीड/ओजी, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ है और एक महिंद्रा थार बरामद हुई। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में बुधवार को केस दर्ज हुआ और इसमें रमेश, सुमित्रा को पकड़ा गया।

इनसे क्रमशः 5.253 किलो हाइड्रोपोनिक वीड, 2,350 रुपये नकद, और 10.295 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई। भलस्वा डेयरी के एक अन्य केस में शाकिब, फरमान, छोटे खान और जब्बार को पकड़ा गया। इनसे 436 ग्राम हेरोइन और बलेनो कार बरामद हुई। कुल चार केस में 12 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। बरामद ड्रग्स की कीमत लगभग 3.75 करोड़ रुपये आंकी गई है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्रः लाल बहादुर, पताः के–482, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 239/2016, U/s 394/411/34 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 239/2016, U/s 394/411/34 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री उपासना सतीजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर–पश्चिम
DP/11741/NW/2026 कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C/84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) रिजवान पुत्र हकीमुद्दीन निवासी लोनी सफी कब्रिस्तान, पानी की टंकी के पास, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश; (2) शाहरुख पुत्र फारुख निवासी वंथला साइबर सिटी कॉलोनी, गली नं. 1, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर नं. **228/2019, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना जहांगीर पुरी, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रिजवान (2) शाहरुख** मिल नहीं रहे/(रही) हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) रिजवान (2) शाहरुख** फरार हो गये/(गई) हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे/(रही) हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **228/2019, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना जहांगीर पुरी, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) रिजवान (2) शाहरुख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.10.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
(उ.-प.) कमरा नं. 06, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/11694/NW/2026
(Court Matter)

राहुल के धरने के बाद पुलिस ने लिया फैसला

पैलेट गन मामले में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीजेपी के 'संसद चलो' मार्च के दौरान 20 जुलाई को पैलेट गन के छर्रे लगने से 19 वर्षीय साहिल लोचब के घायल होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को राहुल गांधी के संसद मार्ग थाने में धरना देने के बाद दिल्ली पुलिस द्वारा यह निर्णय लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार लोचब के साथ राहुल गांधी सबसे पहले मंदिर मार्ग थाने गए और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उनकी मांग नहीं माने जाने पर वह संसद मार्ग थाने गए और नई दिल्ली जिले के डीसीपी सचिन शर्मा से मुलाकात की। किसी प्रकार का आश्वासन ना मिलने के बाद वह धरने पर बैठ गए। गौरतलब है कि प्रदर्शन के दौरान लोचब की आंखों और पेट में पैलेट (छर्रे) लगे थे और बाद में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ट्रॉमा सेंटर में उनकी सर्जरी हुई थी। लोचब की दाईं आंख में गंभीर चोट आई थी और उनके परिवार की ओर से दावा किया गया था कि चोट के कारण उनकी आंख की रोशनी जाने का खतरा है।

संसद मार्ग थाने के आसपास रही आरएएफ तैनात

एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर राहुल गांधी के धरने पर बैठने के बाद संसद मार्ग थाने के अंदर और आसपास त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) की तैनाती की गई थी।

दो अंतरराज्यीय हथियार तस्कर चढ़े हत्थे

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने दो अंतरराज्यीय हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों दोनों कई आपराधिक मामलों में शामिल थे और अदालतों ने इन्हें 'घोषित अपराधी' करार दिया था। आरोपियों के नाम श्रीकेश (32) और प्रशांत भारद्वाज हैं। पुलिस के अनुसार श्री केश तीन साल से ज्यादा समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। उसे 2023 में पीओ घोषित किया गया था। डकैती, गोलीबारी, जबरन वसूली और हथियार तस्करी जैसे 10 मामलों में शामिल था। आरोपी के पिता का नाम बाबू लाल है और वह राजस्थान के जिला धौलपुर का रहने वाला है। इसे बुधवार को गिरफ्तार किया गया। दरअसल 15 जुलाई 2022 को धौलपुर निवासी दो आरोपियों बृजराज उर्फ खैतान और जितेंद्र उर्फ पप्पू को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली के पास पकड़ा गया था। तलाशी के दौरान उनके पास से 16 अवैध पिस्तौलें बरामद हुई थी। इसके बाद स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान श्री केश के भाई भगवान दास को भी गिरफ्तार किया गया था, जिसके कहने पर अवैध हथियार लाए गए थे। जितेंद्र उर्फ पप्पू ने बताया था कि उसने एमपी से लाए गए हथियारों की खेप में से दो पिस्तौलें श्री केश को दी थी। श्री केश को पकड़ने और पिस्तौलें बरामद करने की कोशिशें की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। बाद में छह जनवरी 2023 को पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे इस मामले में पीओ घोषित कर दिया था। गुरुवार को गिरफ्तार किया गया आगरा निवासी प्रशांत भारद्वाज 2016 से फरार था। उसे 2017 में पीओ घोषित किया गया था। वह दो अन्य आपराधिक मामलों में भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि 26 अगस्त 2016 को प्रशांत भारद्वाज के भाई अजय भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से 20 देसी पिस्तौलें बरामद हुई थी। वह प्रशांत भारद्वाज का भाई था। इस संबंध में भी स्पेशल सेल थाने में केस दर्ज किया गया था। अजय ने बताया था कि वह अपने भाई प्रशांत भारद्वाज के कहने पर धार, एमपी से यूपी और दिल्ली/एनसीआर तक अवैध हथियारों की तस्करी का काम कर रहा था।

डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड कर्नल को ठगने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर सेना के एक रिटायर्ड कर्नल से 15.50 लाख रुपये की ठगी के मामले को सुलझा लिया है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी साइबर ठगी करने वाले गिरोहों को 'म्यूल' बैंक खाते उपलब्ध कराने में शामिल थे और उनके तार कंबोडिया तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सक्रिय साइबर ठगी गिरोहों से जुड़े पाए गए हैं। गिरफ्तार किये गये लोगों में लुधियाना निवासी सरबजीत (38), सूरज (30), संदीप (32) और सीकर के रहने वाला नरेश उर्फ लकी शामिल हैं।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार के अनुसार इस मामले में शिकायतकर्ता दक्षिण दिल्ली के मुनिरका एन्क्लेव में रहने वाले रिटायर्ड कर्नल थे। उन्हें 15 अप्रैल को फोन कर बताया गया कि महाराष्ट्र पुलिस के आदेश पर उनका फोन नंबर बंद किया जा रहा है। इसके बाद उनसे दूसरे नंबर से संपर्क किया गया जहां एक व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए दावा किया कि उनके विवरण का इस्तेमाल अवैध बैंक खाते खोलने में किया गया है और यह खाता मुंबई में धन शोधन, निवेश धोखाधड़ी और आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़ा पाया गया है। आरोपियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के फर्जी गिरफ्तारी वारंट, अदालत के दस्तावेज, अग्रिम जमानत संबंधी दस्तावेज और मुंबई उच्च न्यायालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से जुड़े फर्जी पत्र भेजकर शिकायतकर्ता को डराया धमकाया। इसके बाद उन्हें और उनकी पत्नी को 'डिजिटल अरेस्ट' करने की जानकारी दी गई और संपत्ति का विवरण साझा करने के लिए मजबूर किया गया। इस तरह से उनसे 15.50 लाख रुपये ट्रांसफर करवाये गये। मामले में 19 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान ठगी की रकम लुधियाना के सरबजीत के खाते में पहुंचने का पता चला। पूछताछ में सामने आया कि उसने अपना चालू खाता सूरज को दिया था, जिसे सूरज ने सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम' के जरिए नरेश उर्फ लकी तक पहुंचाया। सरबजीत, सूरज और संदीप खाते की किट नरेश को सौंपने के लिए जयपुर गए थे और नरेश ने ही ठगों को खाता उपलब्ध कराया था। बाद में राजस्थान में छापेमारी कर नरेश को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि नरेश 'टेलीग्राम' के जरिए सूरज से चालू खाते हासिल करता था और उन्हें कंबोडिया तथा यूएई में सक्रिय साइबर ठगी करने वालों को उपलब्ध कराता था।

भोगल स्थित पंत नगर में बुजुर्ग महिला की हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के भोगल स्थित पंत नगर में शुक्रवार को बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया। महिला का नाम 70 वर्षीय प्रीति कुमार बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया गया। शुरुआती जांच में पुलिस लूटपाट का विरोध करने पर हत्या की आशंका जता रही है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी और आईपी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रीति कुमार घर में अकेली भूतल पर रहती थी। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। महिला के चेहरे पर चोटों के निशान पाये गये है और उनके दोनों हाथ बंधे हुये थे। मृतका के एक रिश्तेदार ने बताया कि पूरा घर आगे से पीछे तक बिखरा पड़ा था। लूटपाट के इरादे से वारदात को अंजाम दिये जाने की प्रबल आशंका है। पुलिस वारदात को लूट का रूप देने की कोशिश वाले एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2026/3585/194 **E-Procurement Tender Notice** भिलाई दिनांक 18/8/2026
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम नं.	निविदा लागत राशि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	निगम क्षेत्र में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य।	197859	2,15,58,000.00	10.09.2026

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे आनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
परियोजना शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई

निहाल विहार का मामला

पति पत्नी के बीच हुआ था झगड़ा, ससुराल वालों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पीट पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निहाल विहार में एक 31 वर्षीय सॉफ्टवेयर को ससुराल पक्ष के लोगों ने पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक का नाम विनय गुप्ता बताया गया है। पुलिस का कहना है कि पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। पत्नी ने अपने मायकेवालों को बुलाया और पति को पिटवाया। मारपीट में लगी चोटों की वजह से विनय की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार विनय लक्ष्मी पार्क का रहने वाला था। उसकी शादी लगभग साढ़े तीन साल पहले बुद्ध विहार की रहने वाली 31 साल की प्रमिला (परिवर्तित नाम) से हुई थी। दोनों के जुड़वां बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) हैं, जिनकी उम्र करीब साढ़े चार महीने है। शुक्रवार सुबह पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद पत्नी ने अपने मायके वालों को बुलाया। वे निहाल विहार स्थित विनय के घर पहुंचे। घर पहुंचने पर पत्नी के परिवार वालों ने कथित तौर पर विनय के साथ बुरी तरह मारपीट की। मारपीट में लगी चोटों के कारण विनय गुप्ता की मौत हो गई। इस घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। चार संदिग्ध लोगों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। विनय गुप्ता नोएडा में एडोब (Adobe) में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर कार्यरत था। उनकी पत्नी गृहिणी हैं।

एसआईआर के तहत 31 अगस्त को होगा पहली ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में किए गए बदलाव के तहत पहली ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 31 अगस्त को किया जाएगा।

सीईओ कार्यालय द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के तहत, अब पहली ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 31 अगस्त को किया जाएगा। इसके बाद, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 31 अगस्त से 30 सितंबर तक निर्धारित की गई है। प्राप्त आपत्तियों का निपटारा करने की प्रक्रिया 31 अगस्त से 29 अक्टूबर 2026 तक पूरी की जाएगी, जिसके उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार नवंबर 2026 को होगा।

गणना फार्म जमा करने का कार्य 17 अगस्त 2026 को समाप्त हो चुका

गौरतलब है कि गणना फार्म जमा करने का कार्य 17 अगस्त 2026 को समाप्त हो चुका है। हरिभूमि 20 अगस्त के अंक में त्रुटिवश 'अब 24 अगस्त 2026 तक मतदाता गणना फार्म जमा करा कर सकते हैं' प्रकाशित हो गया था। गणना फार्म जमा करने का कार्य 17 अगस्त 2026 को खत्म हो गया था।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प जीन्द	जीन्द जिले में जुलाना निर्वाचन क्षेत्र में 5 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा विशेष मरम्मत। (कार्य कार्यक्रम 2026-27), 1. पाथरी अप्रोच रोड (रोड आईडी 6604), 2. सिवाह से रेलवे स्टेशन सिवाह रोड (रोड आईडी 6600), 3. राम राय से राम राय संस्कृत महाविद्यालय रोड (रोड आईडी 6632), 4. बिरोली अप्रोच रोड (रोड आईडी 6679), 5. नॉर्दन बाईपास जीन्द से गांव किशनपुरा (राजावाली गोहर) रोड (रोड आईडी 12478) + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 31.08.2026	969.80 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398098075 pwdeepdjind@gmail.com
2	लोनिवि भ व प करनाल	असंध, जिला करनाल में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एमजीपी और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)।	21.08.2026 07.09.2026	772.55 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प चण्डीगढ़	जीन्द जिले में एमसी सीमा जुलाना के तहत आरडी 0.000 से 5.000 तक जुलाना टाउन में एनएच-352 (पुराना एनएच 71) के आंतरिक रोड की 4-लेनिंग सहित पुनर्निर्माण के सेंट्रल वर्ज में प्लांटेशन कार्य का विकास + 1 कार्य।	20.08.2026 31.08.2026	41.58 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9779691170 eehortpwd@gmail.com
4	लोनिवि भ व प यमुनानगर	यमुनानगर जिले में गांव हरनोल में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण।	20.08.2026 26.08.2026	25.36 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in
5	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक	यांत्रिकी उपमण्डल, रोहतक में एचडीपीई पाइप और स्क्रैप मदों के स्टोरेज हेतु दिल्ली बाईपास रोहतक में यांत्रिकी कर्मशाला में चारदिवारी का निर्माण।	बंद होने की तिथि 26.08.2026	6.27 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com
6	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार	"हिसार टाउन में विराट नगर में आरसीसी एनपी3 600 एमएम आईडी बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" चार्जेबल टू : आजाद नगर हिसार टाउन में सीवरेज स्कीम हेतु संशोधित वार्षिक रखरखाव आकलन।	बंद होने की तिथि 26.08.2026	20.59 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01662-247033 eephisar@gmail.com
7	पंचायती राज फरीदाबाद	फरीदाबाद जिले के 15 गांवों में (फेज-2) में 90 वॉट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की आपूर्ति।	20.08.2026 31.08.2026	13.15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com
8	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	कलसा - गांव कलसा, ब्लॉक पिहोवा में राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी का निर्माण + 4 कार्य।	18.08.2026 24.08.2026	185.01 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
9	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	बापडी - गांव बापडी ब्लॉक लाडवा में भूत माजरा रोड पर शिव धाम में चारदिवारी और सीआर. शैड का निर्माण।	19.08.2026 26.08.2026	29.63 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
10	पंचायती राज करनाल	गांव नारायणा, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल हरियाणा में पाल चौपाल को पूरा करने हेतु आकलन + 8 कार्य।	20.08.2026 29.08.2026	154.36 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in
11	सिविल सर्जन फरीदाबाद	एनटीईपी कार्यक्रम के तहत एसीएफ टीबी विभाग समेत पब्लिक प्राईवेट सपोर्ट एजेंसी पीपीएसए।	21.08.2026 03.09.2026	1.38 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	8059682590 dtohrfbd@rntcp.org
12	सिविल सर्जन नारनौल	नारनौल में जिला महेन्द्रगढ़ के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु औषधियों, मेडिकल कंज्यूमेबल्स और लैब रीजेंट्स इत्यादि मदों की अधिप्राप्ति के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में।	21.08.2026 10.09.2026	1 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416313250 dhs.csmhn@hry.nic.in
13	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (कैल्शियम ग्लुकोनेट इंजेक्शन 100 एमजी/एमएल, फास्फेट एनिमा 100 एमएल, पिलोकारपाइन 1% आई ड्रोप इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा।	24.08.2026 01.09.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9896154463 director.kcghc-hry@gov.in
14	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (डिस्पोजेबल पैच, कॉटन बड्स, नायलोन 10-0, डिस्पोजेबल निडल 24 अदद इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा।	24.08.2026 01.09.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9896154463 director.kcghc-hry@gov.in
15	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (मिथोट्रेक्सेट इंज., इंज. वोलुलाइट पी, इंज. वेलेथामेट, इंज. कार्बोप्रोस्ट इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा।	26.08.2026 02.09.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9896154463 director.kcghc-hry@gov.in
16	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल में चिकित्सा उपकरण (टेम्पोरल बोन डिस्सेक्शन लैब वॉल माउंटेड/स्टेशन फिटेड के लिए माइक्रोस्काइप) के लिए ई-निविदा।	26.08.2026 07.09.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9896154463 director.kcghc-hry@gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/320/48493/I/88/7 दि. 21.08.26

'दिल्ली को स्वच्छ हवा देना हमारी प्राथमिकता'

राजधानी में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर होगी सख्त कार्रवाई : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को स्वच्छ हवा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पर्यावरणीय नियमों का पालन करने वाले उद्योगों को सरकार हर संभव सहयोग देगी, लेकिन जो इकाइयां नियमों का उल्लंघन करेंगी या दिल्ली की हवा को प्रदूषित करेंगी, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्रदूषण के स्रोत पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी के लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ हवा उपलब्ध कराने के लिए प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। सरकार ने औद्योगिक इकाइयों से होने वाले वायु प्रदूषण पर विशेष निगरानी बढ़ाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जनवरी से जुलाई 2026 के बीच 2,011 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा के लिए हमारी कार्रवाई लगातार और अधिक प्रभावी होगी। हमारा स्पष्ट संदेश है, जो उद्योग पर्यावरणीय नियमों का पालन करेंगे, उन्हें सहयोग और सुविधा दी जाएगी, लेकिन जो दिल्ली की हवा को प्रदूषित करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। दिल्ली सरकार स्वच्छ हवा की इस लड़ाई को जनभागीदारी का आंदोलन बनाना चाहती है, जिसमें सरकार, उद्योग और नागरिक मिलकर काम करें। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और हरित राजधानी बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। दिल्ली के नागरिक भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यदि कहीं औद्योगिक प्रदूषण, खुले में कचरा या अन्य सामग्री जलाने, धूल प्रदूषण, अवैध रूप से कचरा डालने या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली कोई गतिविधि दिखाई देती है, तो उसकी सूचना सरकार तक पहुंचाएं। आपकी एक जिम्मेदार सूचना से प्रदूषण फैलाने वालों की पहचान तेजी से हो सकती है और समय पर कार्रवाई संभव हो सकती है।

'106 इकाइयां की गई सील'

मुख्यमंत्री ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 106 इकाइयां निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं करती हुई पाई गईं, जबकि 78 इकाइयां दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) से वैध संचालन की सहमति के बिना संचालित होती मिलीं। सरकार ने इन निरीक्षणों के बाद नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। 44 मामलों में पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है, जबकि 33 गैर-अनुपालन वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ क्लोजर ऑर्डर जारी किए गए हैं। अन्य मामलों में भी संबंधित पर्यावरणीय कानूनों और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार के अभियान का फोकस केवल औद्योगिक प्रदूषण तक सीमित नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण के अन्य प्रमुख स्रोतों, जैसे सड़क की धूल, वाहनों से होने वाला प्रदूषण, निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियां, कचरा जलाने और अन्य प्रदूषणकारी गतिविधियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही औद्योगिक उत्सर्जन की नियमित और जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है ताकि प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की समय पर पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

'ग्रीन दिल्ली ऐप या एमसीडी 311 ऐप पर करें शिकायत'

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक ऐसी गतिविधियों की शिकायत ग्रीन दिल्ली ऐप या एमसीडी 311 ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। सरकार का मानना है कि नागरिकों की वास्तविक और विश्वसनीय सूचनाएं प्रदूषण संबंधी उल्लंघनों की पहचान और उन पर त्वरित कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। दिल्ली सरकार प्रदूषण की निगरानी और कार्रवाई की व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था, तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत कर रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन सामने आते ही उसकी पहचान हो और संबंधित एजेंसियां तेजी से कार्रवाई कर सकें।

उपराज्यपाल ने विभागों को दिए निर्देश

'कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए सुधार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को राजधानी में नियमन में कमी और अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरी कवायद का केंद्र आम नागरिक होना चाहिए और सरकारी प्रक्रियाओं में होने वाला प्रत्येक सुधार दिल्लीवासियों के रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाने वाला होना चाहिए। उपराज्यपाल ने सभी विभागों को नियमन में कमी और अनुपालन संबंधी प्रक्रियाओं से जुड़े कार्यों को तेजी और प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक नियमों, जटिल प्रक्रियाओं और लालफीताशाही को कम करते हुए ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें नागरिकों को सरकारी सेवाओं और अनुमोदनों के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने जोर दिया कि सुधार केवल कागजों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि उनका असर जमीन पर दिखाई देना चाहिए। कम कागजी कार्रवाई, कम औपचारिकताएं और तेज मंजूरियां आम नागरिकों के लिए सरकारी व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बना सकती हैं।

उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' के विजन के अनुरूप दिल्ली में ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था तैयार करने की जरूरत है, जो लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह और तेज हो। उन्होंने विभागों से कहा कि सुधारों को तय समयसीमा में पूरा करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उनका वास्तविक लाभ दिल्ली की जनता तक पहुंचे। इसका उद्देश्य ऐसी 'विकसित दिल्ली' का निर्माण करना है, जहां नागरिकों को सरकारी कामकाज में कम बाधाओं का सामना करना पड़े और सेवाएं अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हों।

खबर संक्षेप

भारद्वाज ने मांगा एलजी से मिलने का समय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के एलजी से रेखा गुप्ता सरकार में हुए स्वास्थ्य, साइकिल और चावल खरीद घोटाले पर चर्चा करने के लिए मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि पहले भी जनता से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर मिल कर चर्चा करने के लिए एलजी को कई पत्र लिखे हैं लेकिन उन्होंने मेरे किसी पत्र का जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब जनता के पैसे से एलजी को सारी सुविधाएं मिलती है तो वे विपक्ष के नेताओं से मिलने से बच नहीं सकते। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर एलजी से कहा कि हमने आपकी सरकार के अधीन हुए तीन बड़े घोटालों, स्वास्थ्य घोटाला, साइकिल घोटाला और चावल घोटाला पर चर्चा करने के लिए आपसे समय मांगा है।

जिम में लगी आग, लोगों को सुरक्षित निकाला बाहर

नई दिल्ली। ग्रेटर कैलाश-1 में स्थित अभिनेता सलमान खान के ब्रांड वाले 'फ्रैंचाइजी' जिम में गुरुवार देर रात आग लग गई। समय रहते वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्रेटर कैलाश के एम ब्लॉक मार्केट में एक इमारत की पहली मंजिल पर स्थित 'सलमान खान जिम' में आग गुरुवार रात करीब 10:15 बजे लगी। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है और यह मामूली आग थी। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।

वेतन बढ़ाने पर प्रवेश वाही व सत्या शर्मा का एमटीएस कर्मियों ने किया अभिनंदन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग में पात्र 4,400 एमटीएस (डीबीसी) कर्मचारियों ने समान काम समान वेतन करने पर महापौर प्रवेश वाही व स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा का आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में एमटीएस (डीबीसी) कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय पहुंचकर महापौर वाही व स्थायी समिति की अध्यक्ष शर्मा को फूल मालाएं पहनाकर अभिनंदन करते हुए मिठाईयां बांट कर अपनी खुशी प्रकट की। इस मौके पर महापौर वाही ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार और निगम बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ वादे नहीं करते, बल्कि उन्हें पूरा भी करते हैं। समान वेतन का निर्णय इसी संकल्प का परिणाम है। वाही ने कहा कि पिछली सरकारों ने कर्मचारियों के साथ अनेक वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए।

पश्चिमी क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के तहत नगर निगम ने शुक्रवार को पश्चिमी क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता एवं जनभागीदारी अभियान चलाया। निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 25 वार्डों में सफाई अभियान, 95 सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई, 3 किलोमीटर रेलवे ट्रैक और 3.8 किलोमीटर सड़कों से हटाया गया कूड़ा एवं अवैध पोस्टर-बैनर हटाए गए है। निगम द्वारा दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत आज पश्चिमी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर स्वच्छता, जन जागरूकता और सैनिटेशन गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान सफाईकर्मियों, पार्षदों, वार्ड समितियों तथा स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को गति दी। अभियान के दौरान विकासपुरी में पिंक टॉयलेट की विशेष सफाई की गई। इसमें वॉश बेसिन, काउंटर तथा शौचालय के आंतरिक एवं बाहरी हिस्सों की सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया गया। इस गतिविधि की समीक्षा वार्ड संख्या 97 के पार्षद सुनील चड्ढा के साथ की गई। जबकि शंकर गार्डन विकासपुरी क्षेत्र में सफाई कर्मियों एवं स्थानीय निवासियों की सहभागिता से जन स्वच्छता अभियान चलाया गया।

पूर्व सांसद सज्जन कुमार का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता सज्जन कुमार का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। भारी संख्या में उपस्थित दिल्ली कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों की उपस्थिति में निगम बोध घाट पर सज्जन कुमार के परिजनों ने अंतेष्टि कार्यक्रम को पूर्ण किया। सज्जन कुमार के बेटे जगप्रवेश ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। गौरतलब है कि तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे सज्जन कुमार को तबियत खराब होने के बाद बृहस्पतिवार को सफदरजंग अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया था। बाहरी दिल्ली से तीन बार लोकसभा सदस्य रहे सज्जन कुमार दिल्ली में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में दोषी पाये जाने के बाद तिहाड़ जेल में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। निगम बोध घाट पर भारी तादाद में उनके समर्थक अंतिम विदाई के समय मौजूद थे। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर मादी पुर में उनके कार्यालय पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था।

अरबिंदो कॉलेज ने पौधारोपण अभियान में की सहभागिता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा कमला नेहरू रिज में दिल्ली विश्वविद्यालय एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कॉलेज के मीडिया संयोजक प्रो. हंसराज सुमन ने बताया कि विश्वविद्यालय के अनुसार, 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत 70 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है और इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय एवं वन विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर रूपम कपूर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कॉलेज प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने बताया कि हमारा कॉलेज छात्रों को पढ़ाने के अलावा, पाठ्य सहगामी क्रियाओं के माध्यम से विभिन्न सोसायटी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है मास्टर प्लान 2047 : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मास्टर प्लान -2047 (एमपीडी-2047) दिल्ली के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने, पुरानी कॉलोनियों के पुनर्विकास, हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा आधुनिक नियोजन समाधानों के माध्यम से यातायात की समस्या का समाधान करने का एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में जमीन सीमित है, लेकिन हमारी सोच और विजन सीमित नहीं है। आशीष सूद ने कहा, की यह दूरदर्शी मास्टर प्लान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निरंतर मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मजबूत प्रतिबद्धता के तहत आकार ले रहा है। पहले विभिन्न प्राधिकरणों के बीच समन्वय की कमी के कारण कार्यों में देरी होती थी, लेकिन आज सभी स्तरों पर बेहतर तालमेल और साझा उद्देश्य के साथ हम दिल्ली की जनता के लिए इन परिवर्तनकारी सुधारों को सुचारु रूप से लागू कर सकते हैं। मंत्री सूद ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोग के साथ एमपीडी-2047 दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और टिकाऊ राजधानी के रूप में विकसित करेगा, जो युवाओं सहित दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगी।

समाज के हर वर्ग को मिले किफायती आवास

मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली की सबसे बड़ी चुनौती हमेशा सीमित लैंड रही है, लेकिन हमारा विजन सीमित नहीं है। एमपीडी-2047 के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि समाज के हर वर्ग को किफायती आवास, आधुनिक बुनियादी ढांचा और बेहतर सुविधाएं मिलें। ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट और लैंड पूलिंग को एकीकृत करके हम भावी पीढ़ियों के लिए एक सुव्यवस्थित और टिकाऊ राजधानी के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बिस्तरों, डॉक्टरों और दवाओं की नहीं है कोई कमी : पंकज

'मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए तैयार है सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसमी और संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह से तैयार है और दिल्ली के अस्पतालों में बिस्तरों, डॉक्टरों और दवाओं की कोई कमी नहीं है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित हुई स्वास्थ्य समीक्षा बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि इन्फ्लूएंज़ा एच1एन1 के 1777 मामले आए हैं और राजधानी दिल्ली के अस्पताल पूरी तरह तैयार है। मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू और मलेरिया की स्थिति की भी समीक्षा की गई, डेंगू के 246 और मलेरिया के 80 मामले सामने आए, लेकिन किसी की भी मौत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जन-स्वास्थ्य के लिए तैयारी एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। हमारी प्राथमिकता रोगों का जल्द पता लगाना, समय पर इलाज और अस्पतालों में पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करना है। डॉ पंकज ने फिर दोहराया कि दिल्ली सरकार मौसमी और संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और नागरिकों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

हमारी प्राथमिकता समय पर बीमारियों की पहचान कर तुरंत उपचार मुहैया करवाना और लगातार निगरानी करना है। दिल्ली के अस्पताल और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से तैयार हैं और हमारी सरकार नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी।

'अस्पतालों में जरूरी व्यवस्थाएं मजबूत'

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार लगातार मरीजों की संख्या पर नजर रख रही है और जरूरतों के हिसाब से अस्पतालों में जरूरी व्यवस्थाएं मजबूत कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमने दिल्ली की तैयारियों की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ साझा किया है, जिसमें अस्पतालों में बिस्तरों, डॉक्टर, दवाइयों और अन्य जरूरी सुविधाओं के इंतजाम शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हमें भरोसा दिलाया है कि केंद्र सरकार राजधानी दिल्ली को हर जरूरी मदद देगी।

खबर संक्षेप

आठवीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में एक व्यक्ति की गिरने से मृत्यु हो गई है। जिससे पूरी सोसायटी में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त नन्दग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि आज लगभग 10:00 बजे थाना नंदग्राम पर सूचना प्राप्त हुई कि किसी व्यक्ति की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का नाम अशोक घई पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल, उम्र लगभग 77 वर्ष है। जो कि अपने परिवार के साथ आठवीं फ्लोर पर रहते थे, वहां से गिर के इनकी मृत्यु हो गई। परिजनों से वार्ता करके घटना की जानकारी ली जा रही है।

नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। चावला कॉलोनी क्षेत्र में स्पेयर पाट्र्स की दुकान का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने एक आरोपी रवि निवासी संत नगर फरीदाबाद को गिरफ्तार कर उससे चोरी के पैसों में से 1500 बरामद किये है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह नशा करने का आदी है और पूर्व में भी उसका अपराधिक रिकॉर्ड है। 12 अगस्त की रात को आरोपी दुकान के ताले तोड अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिसको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस पके अनुसार नरेश कुमार निवासी सेक्टर-7 ए फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 अगस्त को सुबह उसका बेटा 100 फुट रोड गोली मार्केट बल्लभगढ़ स्थित अपनी दुकान पहुंचा तो दुकान के शटर पर लगे दोनों ताले गायब थे। शटर खोलकर अंदर देखने पर दुकान का गल्ला खुला हुआ मिला, जांच करने पर करीब 15 हजार रुपये की नकदी चोरी होने का पता चला।

गुरुग्राम में नए स्टोर के साथ प्रिस्मारा ज्वेल्स ने बढ़ाया ऑफलाइन विस्तार

> प्रयोगशाला में प्राकृतिक रत्नों से तैयार अंगूठियां, कानों के आभूषण, कंगन चार्म्स शामिल हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

120 वर्ष पुराने केजीके समूह के लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड प्रिस्मारा ज्वेल्स ने गुरुग्राम के रूट 65, एम3एम में अपना दूसरा रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। इससे पहले ब्रांड ने नई दिल्ली के सेंट्रल मार्केट, लाजपत नगर में अपना पहला स्टोर शुरू किया था।

नया स्टोर एनसीआर में कंपनी के विस्तार को गति देगा और गुरुग्राम के ग्राहकों को समकालीन लाइफस्टाइल ज्वेलरी के नए विकल्प उपलब्ध कराएगा। प्रिस्मारा ज्वेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के

सीईओ सारांश कोठारी ने कहा कि गुरुग्राम की आधुनिक जीवनशैली और मजबूत उपभोक्ता आधार इसे ब्रांड के लिए महत्वपूर्ण बाजार बनाते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी का अगला विस्तार जयपुर में करने की योजना है। प्रिस्मारा के संग्रह में प्रयोगशाला में निर्मित हीरों और प्राकृतिक रत्नों से तैयार अंगूठियां, कानों के आभूषण, पेंडेंट, कंगन और चार्म्स शामिल हैं। ब्रांड के ओम्ब्रे, कलीडो, फ्लोरा एंड फॉना, फॉरएवर लव और टाइमलेस क्लासिक जैसे संग्रह रोजमर्रा की जीवनशैली को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। 10,000 से अधिक डिजाइनों के साथ ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार आभूषण चुनने और विशेष अनुकूलन की सुविधा भी मिलेगी।

पूर्व विधायक शारदा राठौर ने नगर निगम कर्मचारियों को दिया अपना समर्थन

निगम के हड़ताली कर्मचारियों ने विधायक धनेश अदलक्खा के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हड़ताल के 16 वें दिन नगर निगम फरीदाबाद की महिला कर्मचारियों ने संभाला आंदोलन का मोर्चा हड़ताल को 22, 23, 24 अगस्त तक बढ़ाने का किया ऐलान बड़खल विधानसभा के विधायक धनेश अदलखा के प्रतिनिधि सुमित त्यागी को दिया ज्ञापन।

हड़ताल का समर्थन करने बल्लभगढ़ की पूर्व कांग्रेस विधायक शारदा राठौर भी धरना स्थल पर पहुंची सरकार पर लगाए गरीब सफाई कर्मचारियों के शोषण का आरोप। हड़ताल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि सफाई कर्मचारी दिनभर मेहनत कर गांव शहरों को स्वस्थ वातावरण देता है परंतु आज यह समाज का सबसे

पिछड़े तबके का कर्मचारी सरकार के खिलाफ खड़ा होकर संघर्ष कर रहा है सरकार सफाई सीवर जैसे कामों को ठेकेदारी में देकर देश की मेहनतकश आबादी के साथ अन्याय कर रही है अपने भाषण में शारदा राठौर ने हरियाणा में चल रही हड़ताल का समर्थन किया। आज के विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन की उप प्रधान महिला नेता ललिता देवी ने की। मंच संचालन महिला नेता विनीता ने किया वक्तगणों में आज मुख्य वक्ता महिला नेता सुरेश देवी, कविता, बीना, सपना कमला एवं अन्य महिलाओं ने एवं बलबीर बालगुहेर, सुनील चिंडालिया, अनिल चिंडालिया ने कर्मचारियों को संबोधित किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महिला नेता ललिता ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सरकार का जो नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खोखला साबित हो रहा है। आज प्रदेश की पालिका, परिषद, निगमों में हजारों की संख्या में महिला कर्मचारी सफाई का कार्य करती है वह सभी कर्मचारी सरकार के शोषण से पीड़ित हैं वर्षों से कर्मचारी पालिका रोल पर कच्चे कर्मचारी के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

आईएचडब्ल्यूई 2026 का भव्य शुभारंभ

आयुष और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय पर होगा विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नमो गंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9वें इंटरनेशनल हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो (आईएचडब्ल्यूई) 2026 का शुक्रवार को भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। 21 से 23 अगस्त तक चलने वाले इस तीन दिवसीय एक्सपो के साथ 18वीं आरोग्य संगोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में आयुष, आयुर्वेद, होम्योपैथी, प्रिवेंटिव

हेल्थकेयर और इंटीग्रेटेड मेडिसिन के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. महेश कुमार दाधीच, सीईओ, नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड आदि।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज सचदेवा पुत्रः स्व. श्री बलदेव राज सचदेवा पताः मकान नं. 6/82, प्रथम तल, गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने case **FIR No. 149/2016 U/s 288/304A IPC, थानाः जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज सचदेवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज सचदेवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 149/2016 U/s 288/304A IPC, थानाः जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीरज सचदेवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.09.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, दूसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11704/SHD/2026 (Court Matter)

सोने-चांदी के आभूषण बरामद

पुलिस मुठभेड़ के दौरान अपराधी घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना लोनी पुलिस ने गुरुवार की रात में पुलिस मुठभेड़ के दौरान नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के।दौरान अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया।

उसके कब्जे से कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस बरामद व नकबजनी की घटना में चोरी किया गए सोने चांदी के आभूषण (कीमत करीब 50 लाख) बरामद हुए हैं । डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि थाना लोनी पुलिस रात में संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग कर रही थी। निठोरा अण्डरपास के पास चैकिंग की जा रही थी तभी जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नकबजनी की घटना कारित करने वाला अभियुक्त एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर निठोरा की तरफ से आ रहा है । चैकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पास आने पर पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल को रोकने का बहाना बनाकर धीमा किया तथा एकदम से मोटरसाइकिल को तेज चलाकर निठोरा की तरफ मोडकर भागने लगा। जिसके कंधो पर एक पिट्ठू बैग टंगा है ।

थाना एनआईटी और बल्लभगढ़ की बड़ी कार्रवाई

साइबर ठगी के 3 अलग-अलग मामलों में 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना एनआईटी और साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के तीन मामलों में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक खातों का इस्तेमाल करने से लेकर ठगी की रकम को आगे पहुंचाने और फ्रॉड से हासिल मोबाइल फोन की खरीद-फरोख्त तक आरोपियों की भूमिका रही है। ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 91.50 लाख की ठगी, बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले तीन गिरफ्तार पहले मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 91 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पवन कुमार निवासी विनोद नगर ईस्ट दिल्ली गौरव त्यागी निवासी बालाजी विहार गाजियाबाद उत्तर प्रदेश तथा जितेन्द्र निवासी लोहा मंडी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपियों ने खाताधारक इन्द्रजीत का बैंक खाता ठगों तक पहुंचाने में भूमिका निभाई थी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम कुमार,** आर एम एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, जिनका कार्यालय का पता-प्लॉट नंबर C-38, खसरा नंबर 262/258/217/4, C-ब्लॉक, राजन बाबू रोड, आदर्श नगर, दिल्ली-110033 ने **सीटी संख्या 5367/2019 धारा 138 एन आई अधिनियम, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रेम कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **प्रेम कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **प्रेम कुमार, सीटी संख्या 5367/2019 धारा 138 एन आई अधिनियम, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री आकाश शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर, कमरा नंबर 213, दूसरी मंज़िल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/11748/NW/2026

आर्थिक अपराध शाखा सेंट्रल की कार्रवाई

जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमेश पांडे निवासी गांव कपूरी जिला बलिया उत्तर प्रदेश हाल निवासी जलवायु विहार सेक्टर-77 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी को बलिया उत्तर प्रदेश से 20 अगस्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने शिकायतकर्ता से ऐसी जमीन का सौदा कर दिया, जो उसके नाम पर थी ही नहीं। जमीन की वास्तविक स्थिति शिकायतकर्ता के सामने आने के बाद भी आरोपी ने शिकायतकर्ता को दूसरी जमीन दिलाने का भरोसा दिया और उससे लाखों रुपये और भी ले लिये। जांच में फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा जमीन मालिक के नाम से फर्जी हस्ताक्षर करने की बात भी सामने आई है। शिकायतकर्ता हर्ष त्यागी निवासी घरौडा फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर रिवाजपुर फरीदाबाद में 2610 वर्ग गज जमीन खरीदने का सौदा करीब 1.62 करोड़ रुपए में किया था। शिकायत के अनुसार इस सौदे के लिए आरोपी पक्ष को करीब 40 लाख रुपये बतौर ब्याना दिए गए थे। बाद में जब शिकायतकर्ता ने जमीन के दस्तावेजों और मालिकाना हक की जांच कराई तो पता चला कि जिस जमीन का सौदा किया गया था, वह आरोपियों के नाम पर थी ही नहीं। पहली जमीन के संबंध में सच्चाई सामने आने के बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता को दूसरी जमीन दिलाने का भरोसा दिया।

कब्जे से 3 मोबाइल फोन बरामद

बीमा कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर ठगी करने वाले चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने विभिन्न बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि के रूप में कॉल कर बीमा पॉलिसी रिफण्ड कराने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले 02 जालसाज़ों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 3 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत अभियोग सहित 03 राज्यों की कुल 24 लाख रुपये की साइबर ठगी की घटनाओं का अनावरण किया गया है ।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक रमेश कुमार शर्मा निवासी गुलधर, कविनगर गाजियाबाद के साथ बीमा पॉलिसी में रिफण्ड कराने के नाम पर कुल 11 लाख रुपए की साइबर ठगी की गई । घटना में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। घटना में फ्रीज कराये गये 143000/- रुपयों को एनसीआरपी पोर्टल की एसओपी के अनुसार रिफण्ड कराने की कार्यवाही प्रचलित है । थाना साइबर क्राइम पुलिस ने घटना कारित करने वाले अभियुक्त सुनील कुमार निवासी किरतपुर जनपद अलीगढ़, आशीष शर्मा निवासी पी थाना सेक्टर 76 जनपद फरीदाबाद हरियाणा को थाना क्षेत्र कोतवाली गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया ।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

गोरखपुर जं.-दिल्ली-जं.-गोरखपुर जं. अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा की शुरूआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलगाड़ी सं. 05057/05058 गोरखपुर जं.–दिल्ली जं.–गोरखपुर जं. विशेष की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–

15095/15096 गोरखपुर-दिल्ली जं.-गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

रेलगाड़ी सं. 15095		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 15096	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	22:45	गोरखपुर जं.	06:30	—
23:21	23:23	खलीलाबाद	04:56	04:58
23:51	23:54	बस्ती	04:28	04:31
01:40	01:50	गोंडा जं.	02:50	02:55
02:42	02:44	बुढ़वल जं.	01:40	01:42
04:40	04:50	सीतापुर जं.	00:02	00:12
07:48	07:50	बरेली	18:39	18:41
09:03	09:08	मुरादाबाद	17:18	17:23
11:42	11:44	गाजियाबाद	14:52	14:54
12:50	---	दिल्ली जं.	—	14:10

चलने के दिनः 15095 गोरखपुर जं. से दिनांक 27.08.2026 से (प्रत्येक बृहस्पतिवार) और **15096 दिल्ली जं. से** दिनांक 28.08.2026 से (प्रत्येक शुक्रवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2910/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 21 सितम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : नई दिल्ली – कम्यूनिटी सेंटर		आईसीआईसीआई बैंक लि., 33, कम्युनिटी सेंटर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली – 110025
004605022088	राजेश कुमार जुनेजा	
004657001004	राजेश कुमार जुनेजा	
004657001020	राजेश कुमार जुनेजा	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – द्वारका		आईसीआईसीआई बैंक लि., एचआई स्क्वायर, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर 5 मलु, द्वारका, नई दिल्ली – 110075
025057000184	संदीप सिंह	
शाखा का नाम : दिल्ली – जनकपुरी सी1		आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, सी–1/7, जनकपुरी, दिल्ली–पश्चिम, नई दिल्ली – 110058
037857000084	रोमा गुप्ता	
शाखा का नाम : पहाड़गंज		आईसीआईसीआई बैंक लि., 8987, 3/7, देश बंधु गुप्ता रोड, नई दिल्ली – 110055
072257000082	पुनीत डावर	
शाखा का नाम : दिल्ली – विवेक विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी130, विवेक विहार, फेज I, दिल्ली – 110095
082957000026	पीयूष	
082957000060	सोनू राणा	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – शक्ति नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., 27/6, शक्ति नगर, नई दिल्ली – 110007
100457000028	इन्दिरा चंडाक	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – दिलशाद कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., जी–20, दिलशाद कॉलोनी, दिल्ली–110095
112705001656	अफसाना	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – करोल बाग डब्ल्यूईए		आईसीआईसीआई बैंक लि., 16/6 डब्ल्यूईए, अजमल शाह रोड, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005
112905001522	सुजाता भसीन	
112957000067	सुजाता भसीन	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – मुखर्जी नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., 868 डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली – 110009
113057000072	संजय	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – लोनी रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., 602/4ए, रामनगर लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली – 110032
135157000080	विकाश पाल	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – भजनपुरा		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी45/6, मेन वजीराबाद रोड, भजनपुरा, दिल्ली – 110053
136005002017	नौमान कुरेशी	
शाखा का नाम : दिल्ली – भीकाजी कामा		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप यूजी 4 से 9, मोहता बिल्डिंग, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली – 110066
181957000029	धीरेन्द्र कुमार दास	
शाखा का नाम : दिल्ली – सुभाष नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., एस-4 अजय एन्क्लेव, सुभाष नगर, नई दिल्ली – 110018
336157000050	राहुल साहनी	
शाखा का नाम : दिल्ली – रोहिणी, सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., ई2/27, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली 110085
344357000044	दिव्या दिव्या	
344357000053	सतीश चतरा	
शाखा का नाम : दिल्ली – शकरपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., डब्ल्यूए-88, मेन मदर डेयरी रोड, शकरपुर, दिल्ली – 110092
344605001177	साहिल ग्रोवर	
शाखा का नाम : दिल्ली – पुसा रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., 30 बी, पूसा रोड, दिल्ली – 110060
410457000046	मैरी सिंह रावत	
शाखा का नाम : दिल्ली – विकास मार्ग		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए–148, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली – 110092
424805000677	सुरेश सी आर	
424857000059	सुरेश सी आर	
शाखा का नाम : दिल्ली – बाली नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, एच–21, बाली नगर, दिल्ली – 110015
459657000010	प्रिया धीमान	
शाखा का नाम : दिल्ली – पटपड़गंज रेजी. एरिया		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 19 और 20, सीएससी-1, डीडीए मार्केट, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, जिला-पूर्वी दिल्ली, दिल्ली – 110092
501557000001	अमित कुमार अग्रवाल	
शाखा का नाम : दिल्ली – पटपड़गंज इंड. एरिया		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 418, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली – 110092
560957000018	बिरेन्द्र कुमार चौधरी	
शाखा का नाम : दिल्ली – मयूर विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., सी2425, आचार्य निकेतन, मयूर विहार, फेज 1, दिल्ली – 110091
629757007115	नंदानी नंदानी	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – रोहिणी		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टॉवर, सेक्टर 8, रोहिणी, नई दिल्ली–110085
629857010476	अभिषेक कुमार	
629857010676	अभिषेक कुमार	
शाखा का नाम : दिल्ली – ई 14 डिफेंस कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., ई 14, ग्राउंड फ्लोर, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली – 110024
630057002383	दीप्ति अग्रवाल	
शाखा का नाम : दिल्ली – साउथ एक्सटेंशन		आईसीआईसीआई बैंक लि., ई–17, प्रथम तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट–II, नई दिल्ली – 110049
664257015097	मोहम्मद नाजिम	
शाखा का नाम : दिल्ली – जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी1/514, प्रथम तल, जनकपुरी, दिल्ली–110058
755657000031	हरप्रीत सिंह	
शाखा का नाम : दिल्ली – लाजपत नगर 4		आईसीआईसीआई बैंक लि., 17–ए, रिंग रोड, लाजपत नगर 4, नई दिल्ली – 110024
071457000079	नरूसिंह चरण महापात्रा	
शाखा का नाम : कोटपुतली		आईसीआईसीआई बैंक लि., श्री गणेश ट्रेडर्स, पार्क के सामने, पंजाबियो की गली, कोटपुत्तली, राजस्थान 303108
065257000398	नरेश कुमार ज्योतिषी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – पालम विहार		आईसीआईसीआई बैंक लि., पालम कॉर्पोरेट प्लाजा, अंसल एपीआई, पालम विहार, गुड़गांव, हरियाणा – 122017
245257000032	अजय कुमार	
शाखा का नाम : आगरा – ट्रांस यमुना		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए–2, ट्रांस यमुना कॉलोनी, आगरा, उत्तर प्रदेश – 282006
434305000381	सौरभ शर्मा	
शाखा का नाम : कुण्डली – जी.टी. रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., शोरूम नंबर 1, गांव कुण्डली की राजस्व सम्पदा, सोनीपत, हरियाणा – 131028
546057000029	राजेश राजेश	

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे – अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 22.08.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, दिल्ली

भवदीय, हस्ता./– प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

यह केवल छात्रों का नहीं, दो संस्कृतियों और दो परंपराओं का मिलन

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत-जापान के बीच दीर्घकालिक संबंधों की नींव शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और साझा अनुभवों के जरिए मजबूत की जानी चाहिए...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री आवास पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसमें कूटनीति की औपचारिकता की जगह बच्चों की मुस्कान थी, भाषाओं की दूरी की जगह संवाद था और दो देशों की संस्कृति के बीच दोस्ती का एक सहज सेतु बनता दिखाई दे रहा था। उत्तर प्रदेश-जापान निवेश बैठक के क्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'ए डायलॉग विद द फ्यूचर' में जापान के यामानाशी प्रान्त से आए 13 विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों ने लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के यामानाशी से आए विद्यार्थियों और उनके फैकल्टी सदस्यों तथा लखनऊ के युवा साथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए जापानी अभिवादन 'ओहायो गोजाइमासु' से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह प्रदेश भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है और इसे 'हार्टलैंड ऑफ इंडिया' के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस अवध क्षेत्र में आज यह संवाद हो रहा है, उसी क्षेत्र में अयोध्या स्थित है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि है। जापानी विद्यार्थियों ने आगरा में ताजमहल देखा, मथुरा, जो भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि है, पास में ही है और अब वाराणसी तथा सारनाथ जाने का अवसर उन्हें मिलेगा।

सीएम योगी ने जापानी विद्यार्थियों का किया आत्मीय स्वागत

शिक्षा और संस्कृति से मजबूत होंगे रिश्ते

अपने भविष्य की कहानी लिख रहे हैं भारत-जापान के युवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों का मिलन नहीं है। यह दो संस्कृतियों, दो परंपराओं और दो देशों की युवा पीढ़ियों का मिलन है। अगले वर्ष भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के ये विद्यार्थी भविष्य के राजदूत के रूप में इस संबंध को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सबसे बड़ी युवा कार्यशक्ति वाले उत्तर प्रदेश के बच्चे हैं और दूसरी ओर तकनीक, परंपरा और प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले जापान के बच्चे। एक बच्चा लखनऊ के किसी गांव से आया है और दूसरा जापान के किसी गांव से। एक हिंदी बोलता है, दूसरा जापानी, लेकिन दोनों के बीच सबसे बड़ी समानता यह है कि दोनों अपने भविष्य की कहानी लिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने जापानी विद्यार्थियों और लखनऊ के बच्चों के साथ ली सेल्फी

संवाद के आत्मीय माहौल के बीच मुख्यमंत्री ने जापानी विद्यार्थियों और लखनऊ के बच्चों के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री के साथ तस्वीर लेने को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। यह सहज क्षण कार्यक्रम की औपचारिकता से अलग एक ऐसी याद बन गया, जिसे भारतीय और जापानी विद्यार्थी लंबे समय तक अपने साथ संजोकर रखेंगे।

खबर संक्षेप

झारखंड विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

रांची। झारखंड विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले को लेकर रांची के विधानसभा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। 12 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति ने विधानसभा के कर्मचारियों को फोन कर धमकी दी थी। फोन करने वाले ने कर्मचारियों से विधानसभा नहीं जाने की बात भी कही थी।

निर्मला सीतारमण व जयशंकर से मिले सीएम

पटना। बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। उन्होंने नेपाल के पानी से लेकर बिहार के बजट व पर्यटन विकास के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में भारत-नेपाल जल एवं बांध परियोजनां पर चर्चा की गई। बिहार के डिप्टी सीएम विजय चौधरी और जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा भी बैठक में मौजूद रहे।

सपा के पीडीए नारे पर सीएम योगी का तंज

ये गिरगिट, 'पी' को पहले पिछड़ा, फिर पंडित बताया, किसी दिन पाकिस्तान भी कर देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले पार्टी के लोग पीडीए को कैसे परिभाषित करते हैं, कभी इनका पी पिछड़ा था, फिर पंडित हो गया। देखना एक दिन ये लोग पी से पाकिस्तान कर देंगे। इनके बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ये कब क्या बोलेंगे, कोई भरोसा नहीं। ये ऐसे गिद्ध हैं कि जिस पेड़ पर चढ़ेंगे, उसको ही सुखा डालेंगे। सबसे कष्टकारी बात यह थी कि सामान्य शिष्टाचार व संस्कार के तहत मायावती ने आकर बाबूजी को श्रद्धांजलि दी, लेकिन सपा मुखिया ने प्रत्यक्ष आकर श्रद्धांजलि देना तो दूर, शब्दों से भी कुछ व्यक्त नहीं किया। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण, कितना शर्मनाक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण कल्याण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान-हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे पद्म विभूषण कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

कन्नौज से सपा का रिश्ता रहा है, लेकिन वहां डॉ. आंबेडकर के नाम पर बने सरकारी मेडिकल कॉलेज से सपा मुखिया ने बाबा साहेब का नाम हटा दिया। हमारी सरकार में इसे फिर से बाबा साहेब के नाम पर किया

खास बातें

- पूर्व सीएम कल्याण सिंह की 5वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि
- सपा पर लगाया अपमान करने का आरोप
- नाम बदलने के आरोपों का भी किया जिक्र
- सत्ता जाती है तो जाए, भगवान राम का अपमान स्वीकार नहीं

'कल्याण सिंह टूट सकता है, लेकिन झुक नहीं सकता'

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी दबाव में आकर काम करने वाले व्यक्ति नहीं थे। वह कहा करते थे, कल्याण सिंह टूट सकता है लेकिन झुक नहीं सकता। बाबूजी ने जीवनभर अपने इस वचन को निभाया। जन्मभूमि आंदोलन के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा था कि संघर्ष स्वीकार्य है, सत्ता दूर हो जाए यह भी स्वीकार है, लेकिन अपने प्रभु श्रीराम का अपमान स्वीकार्य नहीं। आज जब हम लोग अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण और रामलला का विराजमान होना देखते हैं तो बाबूजी की स्मृति सहसा अंतःकरण में उठती है।

समाजवादी पार्टी पर महापुरुषों के नाम हटाने का आरोप

सीएम योगी ने कहा कि बाबूजी ने मूल्यों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, यही उनकी पहचान थी। सपा नेतृत्व ने सिर्फ बाबूजी के निधन के समय अपमान नहीं किया, महापुरुषों का अपमान उसकी आदत है। कन्नौज से समाजवादी पार्टी का रिश्ता रहा है, लेकिन वहां डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर बने सरकारी मेडिकल कॉलेज से सपा मुखिया ने बाबा साहेब का नाम हटा दिया। हमारी सरकार में इसे फिर से बाबा साहेब के नाम पर किया गया।

स्किल्ड मैनपावर पर हुआ मंथन

यूपी-जापान हेल्थकेयर एंड केयर इकॉनामी पार्टनरशिप में निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी-जापान हेल्थकेयर एंड केयर इकॉनामी पार्टनरशिप के सेक्टोरल सेशन में उत्तर प्रदेश और जापान के बीच हेल्थकेयर, मेडिकल एजुकेशन, रोबोटिक्स, फार्मा और कुशल मानव संसाधन के क्षेत्र में साझेदारी की नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति और जापान की अत्याधुनिक तकनीक का संगम दोनों देशों के लिए हेल्थकेयर सेक्टर में नए अवसर पैदा कर सकता है।

युवाओं को जापानी भाषा और कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 47 से बढ़कर 83 से अधिक हो गई है। जापान में प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए उत्तर प्रदेश वहां डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल तकनीशियन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जापानी कंपनियों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को जापानी भाषा और कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर में जापान के साथ सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हाल में आयोजित निवेश कार्यक्रम में नई पीढ़ी के स्टार्टअप उद्यमियों ने भी भाग लिया। फार्मा क्षेत्र में एक ही दिन 12 कंपनियों के साथ एमओयू किए गए।

यूपी के पास बड़ी युवा आबादी व प्रशिक्षित मानव संसाधन

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे, एयर कनेक्टिविटी, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास ने प्रदेश को निवेश के लिए अनुकूल बनाया है।

पेज एक का शेष

20 स्पेस स्टार्टअप...

निजी भागीदारी की अनुमति सराहनीय- उद्यमी: बैठक में स्टार्टअप संस्थापकों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे इस क्षेत्र में कई नए अवसर पैदा हुए हैं। उद्यमियों ने देश के निजी अंतरिक्ष उद्योग में हो रही तेज प्रगति और भविष्य की अपनी योजनाओं को प्रधानमंत्री के साथ साझा किया। उन्होंने सरकार से मिल रहे मजबूत सहयोग और उद्योग के भीतर बढ़ते तालमेल का भी उल्लेख किया। बैठक में स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सल, ध्रुव स्पेस, गैलेक्सआई, पियरसाइट, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस और डिगंतरा सहित 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप के संस्थापक और प्रमुख शामिल हुए।

मप्र में निवेश ...

फायरसाइड चैट आयोजित होगी। इसमें टैक्सटाइल क्षेत्र में मप्र में नई संभावनाओं पर चर्चा होगी।

वीविंग द फ्यूचर विषय पर विशेष सत्र आज : 22 अगस्त को 'वीविंग द फ्यूचर : बिल्डिंग एन इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल वैल्यू चेन इन एमपी' विषय पर विशेष सत्र होगा। इसमें मप्र के उद्योग सचिव जॉन किंग्सली, ओरिएंट क्रॉफ्ट के संस्थापक एवं सुधीर ढींगरा तथा पीडब्ल्यूसी इंडिया के रानेन बनर्जी सहभागिता करेंगे। इस सत्र में मप्र में एकीकृत टेक्सटाइल वैल्यू चेन के विकास, उद्योगों के विस्तार तथा निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। फोरम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वैश्विक पूंजी, नई अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संक्रमण, व्यापार एवं आपूर्ति श्रृंखला, भारत-अमेरिका संबंध और वैश्विक निवेश जैसे विषयों पर भी प्रमुख सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

छह घंटे के धरने ...

थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

14 अगस्त को दी थी सात पन्नों की शिकायत: 19 वर्षीय साहिल लोचब के अनुसार, 20 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान कनॉट प्लेस के पास वह पेलेट गन की चपेट में आया था। घटना के बाद उसे लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में एम्स रेफर किया गया, जहां उसकी दो सर्जरी हुईं। साहिल ने बताया कि उसने 14 अगस्त को पुलिस को सात पन्नों की शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन शुक्रवार तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। एफआईआर दर्ज होने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि अब जांच के जरिए यह पता चलना चाहिए कि पेलेट गन का इस्तेमाल किसने किया, किसके आदेश पर किया गया और क्या उस समय बल प्रयोग कानूनी और परिस्थितियों के अनुरूप था। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई कांग्रेस नेता भी राहुल गांधी के धरने में शामिल हुए। दिल्ली पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज किए जाने के साथ ही राहुल गांधी का धरना समाप्त हो गया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग, पुलिस की जवाबदेही और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक बहस तेज कर दी है।

कहा, राहुल गांधी ...

क्या नेता प्रतिपक्ष का देश की न्यायपालिका पर से विश्वास उठ गया है? सच्चाई यह है कि राहुल गांधी खुद को सुर्खियों में जिंदा रखने के लिए यह 'कैमरा-जीवी' ड्रामा कर रहे हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि आज जब राहुल गांधी संसद मार्ग डीसीपी ऑफिस पहुंचे, तो उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच पहले से ही 20 जुलाई के सभी मामलों की सघन जांच कर रही है। डीसीपी ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि वे इस मामले को भी क्राइम ब्रांच को भेज रहे हैं। प्रशासन के इस स्पष्टीकरण के बावजूद धरने पर बैठ जाना राहुल गांधी के 'हठयोग' को दर्शाता, कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है। इससे साफ हो जाता है कि उनका मकसद किसी को न्याय दिलाना या जांच करवाना नहीं है, बल्कि सिर्फ हंगामा खड़ा करके कानून-व्यवस्था को चुनौती देना है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे ड्रामे की टाइमिंग को समझना बहुत जरूरी है। आज कांग्रेस पार्टी 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर पूरे देश में चारों ओर से घिर चुकी है। राष्ट्रगीत के अपमान को लेकर जनता कांग्रेस से जवाब मांग रही है। कांग्रेस के एक बड़े नेता तिरंगा वाले केक को काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपनी इसी राष्ट्रविरोधी चेहरे को छिपाने और भारी फजीहत से ध्यान भटकाने के लिए, राहुल गांधी ने आनन-फानन में ध्यान भटकाने का यह ड्रामा रचा है।

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र और बहस की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन जब देश के माननीय गृह मंत्री जी ने उन्हें सीधी चुनौती दी कि आइए, संसद में बैठिए, हम हर मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं, तो पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी संसद की चर्चा से भाग खड़ी हुई। संसद के पटल पर जवाब देने की हिम्मत नहीं है, इसलिए सड़क पर बैठकर नौटंकी की जा रही है।

रांका से धक्का...

के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि हमला करने वाले गांव वाले नहीं, बल्कि भाजपा के लोग थे। दीपके ने चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे के भीतर हमलावरों पर कार्रवाई नहीं हुई और स्कूल की व्यवस्था सुधारने का काम शुरू नहीं हुआ, तो वह खुद जयपुर पहुंचकर स्कूल के सामने धरने पर बैठेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता जागरूक है और वह अराजकता फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। ग्रामीणों ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को गांव से खदेड़कर सही सबक सिखाया है।

तबेले में बैठकर पढ़ ...

रहा है। वर्तमान में जहां स्कूल संचालित हो रहा है, वहां रात में गाय-भैंसें बांधी जाती हैं और चारे का स्टॉक रखा जाता है। इसी गंदगी, बदबू और टूटे-फूटे टीन शेड के नीचे दो महिला शिक्षकों की निगरानी में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं।

हाईवे पर हादसों पर...

को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दोनों संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल से सड़क सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन और दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों को और गति मिलने की उम्मीद है।

तेलंगाना सीएम का...

ब्रिटेन की राजधानी लंदन से सीधे हैदराबाद वापस लौटना पड़ेगा। जबकि पहले उनके नेतृत्व में तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका के बोस्टन समेत अन्य जगहों की यात्रा करनी थी। जो तेलंगाना की महत्वपूर्ण आउटरीच पहल का हिस्सा थी।

पहले दो मुख्यमंत्रियों को नहीं दी मंजूरी: गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय द्वारा रेवंत रेड्डी को विदेश यात्रा की अनुमति न दिए जाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी दो अन्य राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्रियों की यात्राओं को भी इसी प्रकार से रद्द किया जा चुका है। जिसमें 2019 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाले सी-40 क्लाइमेट समिट में भाग लेने से लेकर 2022 में सिंगापुर में होने वाले वर्ल्ड सिटीज समिट में जाने की अनुमति मंत्रालय ने नहीं दी थी। इसके अलावा 2021 में पश्चिम-बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इटली के रोम जाने की मंजूरी नहीं दी गई थी। जिसमें वह वेटिकन में विश्व शांति सम्मेलन में शिरकत करने वाली थीं।

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री ...

किया है। जिसमें एक का संबंध भारत की द्विपक्षीय यात्रा करने और दूसरा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शिरकत करने से जुड़ा हुआ है। फिलहाल आधिकारिक रूप से ढाका की अंतिम घोषणा का इंतजार है।

राष्ट्रपति भवन ने वापस ली सूचना: इन सबके बीच मामले पर शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन ने अपनी एक आधिकारिक सूचना को वापस ले लिया है। जिसमें उन्होंने शनिवार (22 अगस्त) को होने वाले चेंज ऑफ गार्ड समारोह को रद्द करने की जानकारी दी थी। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि बांग्लादेश के पीएम के भारत आगमन पर दिए जाने वाले औपचारिक स्वागत का पूरी तरह से अभ्यास करने के लिए समय मिल सके।

भारतीय उच्चायुक्त ...

साझा हितों के मामले पर विचार-विमर्श किया गया।

हसीना की ब्रीफिंग से बदल गई तस्वीर: यहां बता दें कि पूर्व में बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध एक बार फिर से पटरी पर लौटते हुए नजर आ रहे थे। लेकिन छात्रों के हिंसक आंदोलन और उसके साथ हुए तख्तापलट के बाद से भारत में शरण लेकर रह रहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी महीने 5 अगस्त को नई दिल्ली में की गई प्रेस वार्ता के बाद हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। हालांकि इसे लेकर भारत ने पहले ही अपना रुख साफ कर दिया है। जिसमें उक्त मीडिया ब्रीफिंग से केंद्र सरकार का किसी भी तरह का कोई ताल्लुक होने से साफ इंकार किया गया है।

यूं आगे बढ़ेगा गंगा जल संधि मामला: रणधीर ने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 1996 में गंगा जल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब इसे लेकर कुल तीन दशक हो चुके हैं। दोनों देशों के बीच पानी या साझा नदियों से जुड़े सभी मामलों को संयुक्त नदी आयोग की मदद से देखा जाता है। जहां तक गंगा जल संधि को लेकर गठित की गई संयुक्त समिति की बैठक का मुद्दा है। तो उसे लेकर तकनीकी स्तर पर होने वाली बैठकों का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है।

घटना स्थल पर पहुंचे डीएम, एसएसपी

वृंदावन में निर्माणाधीन मॉल की शटरिंग ढहने से 3 मजदूरों की मौत

डॉ. कमल कान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

वृन्दावन के रुक्मिणी विहार क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक निर्माणाधीन मॉल की चौथी मंजिल पर लेंटर डालते समय शटरिंग अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई। इस दर्दनाक हादसे में मलबे में दबने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। वहीं मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख व्यक्त कर घटना की जांच के निर्देश दिए है। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल ने घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया , जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल हुए तीन मजदूरों में से एक की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय से आगरा रेफर कर दिया गया, जहां तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं

चौथे की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि वृंदावन के निर्माणाधीन ओमेक्स कोर्टयार्ड मॉल में शुक्रवार सुबह चल रहा निर्माण कार्य अचानक चीख-पुकार में बदल गया। कुछ मिनट पहले तक जहां मजदूर निर्माण कार्य में जुटे थे, वहीं अचानक शटरिंग भरभराकर नीचे आ गिरी। देखते ही देखते भारी शटरिंग और मलबे के नीचे चार मजदूर दब गए। हादसे में पश्चिम बंगाल निवासी आलम, रिफ्यूल और नेपाल निवासी शिवराम है। वहीं पश्चिम बंगाल के ही 45 वर्षीय दिलदार की हालत गंभीर है। उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर काम पूरी तरह रोक दिया गया।

यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुको की सख्त टिप्पणी

कहा- मनमानी कार्रवाई की इजाजत नहीं, कानून शुरू से ही निष्प्रभावी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के दुरुपयोग की आशंका है। कोर्ट ने कहा कि 1986 का यह कानून शुरू से ही निष्प्रभावी (स्टिलबॉर्न) है, क्योंकि किसी व्यक्ति को सिर्फ गैंगस्टर का लेबल लगा देने के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि हिंसा और संगठित अपराध रोकने के लिए बनाया गया यह कानून अनजान नागरिकों के खिलाफ भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यूपी गैंगस्टर्स एंड एंटी-सोशल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट एक विशेष राज्य कानून है। इसे संगठित अपराध गिरोहों, आपराधिक गैंग और आदतन असामाजिक तत्वों को निशाना बनाने, नियंत्रित करने और सजा देने के लिए बनाया गया था। "स्टिलबॉर्न" एक कानूनी शब्द है।

इसका इस्तेमाल ऐसे कानून के लिए किया जाता है, जिसे शुरुआत से ही अमान्य या कानूनी रूप से निष्प्रभावी माना जाता है, क्योंकि वह किसी वैध अपराध को स्पष्ट रूप से तय नहीं करता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कानून हिंसा रोकने के नाम पर नागरिकों के खिलाफ हिंसा को "बढ़ावा" देने की स्थिति पैदा कर सकता है। पीठ ने कहा, "गैंग की परिभाषा तय करने के बाद, जिसमें उप-खंड (क) से (25वें) में सूचीबद्ध अपराधों को करना शामिल है, और गैंगस्टर को गैंग के सदस्य, नेता या आयोजक के रूप में परिभाषित करने के बाद, बिना किसी अपराध को कानून के तहत बनाए गैंगस्टर के लिए सजा तय की गई है। यही इस दंड कानून को शुरू से ही निष्प्रभावी बनाता है।"

जमीन में समा गए 4 दो मंजिला मकान

धनबाद में फिर धंसी जमीन, 10 घर जमींदोज

एजेंसी ▶▶ धनबाद

धनबाद के कतरास क्षेत्र के छाताबाद इलाके में शुक्रवार की शाम करीब चार बजे भू-धंसान में करीब 10 घर जमींदोज (ध्वस्त) हो गए। इनमें चार दोमंजिले मकान जमीन में समा गए। स्थानीय निवासी मो सज्जाद के घर के आठ लोग घर के अंदर ही फंस गए थे, जिन्हें मशक्कत के बाद सीढ़ी लगाकर सुरक्षित निकाला गया। बताया जा रहा है कि यहां करीब 20 फीट तक जमीन धंसी है। मुस्लिम बहुल इस मोहल्ले में घटना के समय कई लोग घरों के अंदर मौजूद थे।

अचानक धमाके जैसी आवाज के साथ जमीन हिलते ही लोग जान बचाने के बाहर भागने लगे। हादसे के वक्त सज्जाद के घर की महिला हुसैना बानो सो रही थीं, तभी दीवार उनके ऊपर आ गिरी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक सत्काम आनंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में भू-धंसान का मुख्य कारण अवैध खनन सामने आ रहा है। अवैध खनन के दौरान बीसीसीएल द्वारा छोड़े गए सुरक्षा पिलरों को काट दिया गया, जिससे जमीन की स्थिरता कमजोर हुई और इतनी बड़ी घटना हुई।

एक महीने पहले भी हुई थी घटना

बता दें कि छाताबाद में यह पहली घटना नहीं है। एक माह पहले 7 जुलाई को छाताबाद चार नंबर ग्राउंड के समीप तालाब में विशाल गोफ बन गया था, जिसमें तालाब का पूरा पानी समा गया था और करीब आधा दर्जन घर जमींदोज हो गए थे।

इन लोगों के धंस गए घर

इस भू-धंसान से मोहम्मद सज्जाद के अलावा मोहम्मद नईम, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद मुर्तजा, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद इमामुल, सगीर खान, सबुल खान और मोहम्मद हसनैन खान समेत कई परिवार प्रभावित हुए हैं। प्रभावित परिवारों के घरों और सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद जमीन में कंपन हुआ और मकान धंसने लगे।

राजकुमार ने 'बंटवारा 1947' के खस्ता हाल पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सनी देओल की 'बंटवारा 1947' की हालत बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी है। करीब 150 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म पहले हफ्ते में महज 33.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर पाई है। फिल्म का यह हाल क्यों हुआ, इसको लेकर तमाम तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। एक तर्क यह भी है कि शायद सनी देओल के किरदार को मुसलमान दिखाना, दर्शकों को रास नहीं आया! अब डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया है कि फिल्म में सनी देओल को एक मुस्लिम किरदार में कास्ट किए जाने की बात पर चर्चा हुई है। यह बात उनके मन में आई थी कि ऐसा किया जाना चाहिए या नहीं। जब राजकुमार संतोषी से पूछा गया कि क्या सनी देओल के मुस्लिम किरदार निभाने से फिल्म को किसी तरह का नुकसान हुआ? उन्होंने माना, 'हमने इस बारे में सोचा था।'



लाइफ Style

तापसी

बदला, संघर्ष और मां का अटूट प्यार

तापसी पन्नू की नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'गांधारी' की रिलीज डेट तय हो गई, फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित और देवाशीष मखीजा निर्देशित इस फिल्म में तापसी अपनी बेटी को बचाने वाली उग्र मां के किरदार में दिखेंगी।'फिर आई हसीन दिलरुबा' की शानदार सफलता के बाद तापसी पन्नू और लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों की जोड़ी एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

देवाशीष मखीजा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मां के अपने बच्चे को बचाने के लिए उठाए जाने वाले चरम कदमों और उसकी अटूट निष्ठा पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तापसी पन्नू एक बेहद उग्र और मजबूत महिला के रूप में केंद्र में दिखाई दे रही हैं। डार्क और सस्पेंस भरे बैकग्राउंड के साथ उनके पीछे एक देवी की छाया नजर आती है, जो प्रतिशोध, संघर्ष और रक्षा की एक गहरी कहानी की ओर इशारा करती है। पोस्टर में तापसी के आसपास चार अन्य किरदारों को भी स्थान दिया गया है। पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा कि सबकी आंखों से बहुत जल्द पट्टी उतरने वाली है और 'गांधारी' 3 सितंबर को प्लेटफॉर्म पर आ रही है। यह एक्शन से भरपूर इमोशनल-थ्रिलर फिल्म 3 सितंबर 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका 'बनी' का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी लापता बेटी की तलाश में किसी भी हद तक जाने को तैयार है। तापसी के अलावा फिल्म में इशवाक सिंह, छाया कदम, स्वास्तिका मुखर्जी, मीता वशिष्ठ और जतिन सरना जैसे मंजे हुए कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए लेखिका और निर्माता कनिका ढिल्लों ने बताया कि 'गांधारी' के जरिए वे एक ऐसी महिला की कहानी बताना चाहती थीं जो विपरीत परिस्थितियों के आगे झुकने से साफ इनकार कर देती है।

हॉलीवुड मसाला

एवेंजर्स डूम्सडे के लिए मार्वल ने दी गाइडलाइन

मुंबई। मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों के फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं एवेंजर्सः डूम्सडे का। इसी बीच डिज्नी प्लस व मार्वल स्टूडियोज ने दे दिया है एक लंबा-चौड़ा होमवर्क, ताकि समझ आए डूम्सडे की पहेली। किसी फिल्म को समझने के लिए फैंस अक्सर उसकी कहानी देखने आते हैं मगर एवेंजर्सः डूम्सडे की बात अलग है। अपनी फिल्मों को एक-दूसरे से बेहद बारीकी से गूंथने में उस्ताद मार्वल मूवीज एक बार फिर ऐसा ही करने जा रहे हैं। एवेंजर्सः डूम्सडे के लिए मार्वल स्टूडियोज व डिज्नी प्लस ने 15 फिल्मों की एक आधिकारिक फाउंडेशनल वॉच लिस्ट जारी की है। मार्वल स्टूडियोज के अनुसार, यदि आप तीन अलग-अलग यूनिवर्स (अर्थ-616, अर्थ-828 का फैंटास्टिक फोर और फाक्स का एक्स-मैन यूनिवर्स) के टकराने का पूरा रोमांच समझना चाहते हैं तो आपको 15 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स को देखना ही होगा।

पार्ट 2 में माइकल के किए नेक कामों को पेश करेंगे : जाफर

लॉस एंजिल्स। अभिनेता माइकल जैक्सन के जीवन पर आधारित फिल्म 'माइकल'दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म में माइकल का किरदार निभाने वाले अभिनेता जाफर जैक्सन ने अब इसके आगले भाग के बारे में जानकारी दी है। एक इंटरव्यू के दौरान जाफर ने बताया कि इसके अलावा दूसरे भाग में वो 'माइकल' के किए नेक कामों को पेश करेंगे। फिल्म नब्बे के दशक से लेकर माइकल के जीवन के अंतिम क्षणों तक की कहानी दिखाएगी। जाफर ने कहा, 'उन्होंने कभी दूसरों में अच्छाई ढूंढने की अपनी भावना को नहीं बदला। चाहे उन्होंने कितनी भी मुश्किलों का सामना किया हो, उनके साथ कैसा भी बर्ताव किया गया हो, उनके बारे में कितनी भी बातें कही गई हों, वो लोगों के साथ दयालुता से ही पेश आए। उन्होंने लोगों में अच्छाई ढूंढने की चाहत कभी नहीं छोड़ी भले ही वह अंदर से टूटे हुए थे, उनका दिल फिर भी वैसा ही रहा। मुझे उम्मीद है कि यह भावना दूसरी फिल्म में दर्शकों को भी महसूस होगी।'



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में मलाइका के जलवे

मुंबई। मलाइका अरोड़ा अपने लुक और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। 52 साल की उम्र में भी वे स्टाइल के मामले में नई एक्ट्रेस को मात देती हैं। उनका ऐसा ही अलहदा अंदाज इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में भी देखने को मिला। मलाइका अरोड़ा आईएफएफएम 2026 में शिरकत करने पहुंची थीं। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। खुद मलाइका ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न से अपनी खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं। मलाइका ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक साल बाद मेलबर्न वापसी। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का शुक्रिया हमें दोबारा बुलाने और ऐसा एहसास दिलाने के लिए कि हम कभी गए ही नहीं थे। अच्छी फिल्मों, बेहतरीन लोगों और और भी शानदार यादों के नाम रहा ये खूबसूरत समय'। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 का आयोजन 23 अगस्त तक चलेगा।



बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म में से एक प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी आगामी प्राइम ओरिजिनल फिल्म बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है और वर्ल्डवाइड प्रीमियर की तारीख की घोषणा कर दी है। इस रोमांचक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा का निर्देशन अंबीएका पंडित ने और लेखन अमिता व्यास ने किया है। फिल्म का निर्माण फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस ने एक्ट थ्री के साथ मिलकर सौरभ मल्होत्रा, मनुज मित्तरा और टीना थरवानी ने किया है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सुदीप शर्मा हैं और फिल्म में निमिषा सयाजन , बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बबीता सिंह रिपोर्टिंग का प्रीमियर 28 अगस्त को होगा। यह फिल्म भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी में (अंग्रेजी सबटाइटल्स के साथ) सिर्फ प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

टीवी मसाला

श्वेता के लिए दूल्हा ढूंढ रहीं मल्लिका, रणवीर को बताया बुद्ध

नई दिल्ली। श्वेता तिवारी के लिए दूल्हा चाहिए तो मल्लिका शेरावत तैयार हैं। रणवीर बराड़ जरूरत से ज्यादा ज्ञान दें तो उनके लिए 'गौतम बुद्ध' भी तैयार हैं। शालिनी पासी का बोलने का अंदाज पसंद आया तो उसकी नकल भी हो जाएगी। क्रिस्टल डिसूजा रो दें तो उनके आंसुओं की भी पड़ताल होगी। और इन सबके बीच थोड़ा समय बच जाए तो नाश्ते की टेबल पर कैटवॉक करके उसे 'हैप्पीनेस वॉक'भी बना दिया जाएगा। करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' के आने वाले एपिसोड्स में मल्लिका शेरावत के ऐसे ही कई रंग देखने को मिलेंगे। शो में कई जाने पहचाने चेहरे भरोसे और शक के बीच फंसे हैं। कोई किसी की नीयत पर सवाल उठा रहा है तो कोई खुद को ही सही साबित करने में लगा है। ऐसे माहौल में मल्लिका की नजर सब पर है। श्वेता तिवारी के मामले में तो मल्लिका ने जैसे मैचमेकिंग की जिम्मेदारी ही अपने सिर ले ली है। वह शुरू से ही श्वेता के लिए अच्छे साथी की बात करती रही हैं। अब तो उन्होंने बाकायदा कह दिया कि वह श्वेता को एक अच्छे यूरोपियन पुरुष से मिलवाएंगी। ऐसा पुरुष जो उन्हें प्यार करे, उनकी कद्र करे और उन्हें खुश रखे। रणवीर बराड़ की बारी आई तो मल्लिका को लगा कि रणवीर हर बात को समझाने और ज्ञान देने में ज्यादा ही आगे रहते हैं। बस फिर क्या था, उन्होंने रणवीर को अपने ही अंदाज में 'गौतम बुद्ध' बना दिया। मल्लिका का मतलब यह नहीं था कि रणवीर सच में कोई संत हैं। वह बस उनके इस अंदाज की खिंचाई कर रही थीं। मल्लिका सिर्फ यह नहीं रुकतीं हैं।

ऑपरेशन सफेद सागर में राजू को दिया गया सम्मान

नई दिल्ली। ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज 1999 के कारगिल युद्ध की कहानी पर आधारित है। सीरीज में एरियल एक्शन दिखाया गया है। हालांकि, सीरीज में एक खास बात यह भी है कि इसके हर एपिसोड के अंत में दिवंगत कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी गई है। सीरीज के हर एपिसोड के अंत में राजू श्रीवास्तव को धन्यवाद किया गया है। इस सीरीज का राजू श्रीवास्तव के परिवार के लिए विशेष महत्व है। सीरीज के सह-निर्माता कुशल श्रीवास्तव कॉमेडियन के भतीजे हैं। इस प्रोजेक्ट की जानकारी राजू को उनके निधन के पहले से थी। पहले इस सीरीज का निर्माण फिल्म के रूप में किया जाना था, मगर फिर इसे सीरीज के तौर पर रिलीज किया गया। मई 2022 में इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने हरी झंडी दिखा दी थी। कुशल श्रीवास्तव ने भारतीय वायु सेना में सात साल तक देश सेवा की है। दिसंबर 1999 में हुए कारगिल युद्ध के बाद वह वायु से सेना में भर्ती हुए। इसके बाद वह फिल्म निर्माण की पढ़ाई के लिए मुंबई चले गए।

कहानी पर निर्भर करता है फिल्म की सफलता का 70 फीसदी हिस्सा

मुंबई। भले ही 'भूल भुलैया 4' की चर्चा हो रही हो, मगर अनीस बज्मी का कहना है कि इस फ्रेंचाइजी का अगला पार्ट तभी बनेगा जब टीम को ऐसी कहानी मिलेगी, जो पिछली फिल्मों के लेवल की हो। 'भूल भुलैया 2' और '3' का निर्देशन करने वाले बज्मी कहते हैं कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है, लेकिन सिर्फ एक्टर के होने से ही फिल्म को मंजूरी नहीं मिल जाती। एक बातचीत में अनीस बज्मी के हवाले से लिखा कि एक और 'भूल भुलैया' बनाना मुश्किल है। हमने तीसरी फिल्म में अपने लगभग सारे दांव खेल दिए थे। कार्तिक और मेरी समझ बहुत अच्छी है। वह बहुत मेहनती अभिनेता हैं। कहानी मायने रखती है। अगर हमें कोई जबरदस्त कहानी मिलती है, तो हम जरूर फिल्म बनाएंगे। फिल्म की सफलता का 70% हिस्सा कहानी पर निर्भर करता है। अनीस बज्मी विद्या बालन और अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली बिना नाम वाली कॉमेडी फिल्म का भी इंतजार कर रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने पहले 'वेलकम' फ्रेंचाइजी में काम किया था। वह बताते हैं, 'अक्षय और मैंने 'वेलकम' बनाई थी, जिसे लोग आज भी देखते हैं और पसंद करते हैं। हमारे बीच बहुत प्यार और सम्मान है। हमने साथ में एक और बहुत अच्छी कॉमेडी फिल्म बनाने की कोशिश की है।' जब वह 'वेलकम' का जिक्र करते हैं, तो 'वेलकम टू द जंगल' का टॉपिक भी आता है, जिसे डायरेक्ट करने के लिए उनसे संपर्क किया गया था। हालांकि उन्होंने फिल्म का निर्देशन नहीं किया। उनका कहना है कि उन्हें टीम से कोई शिकायत नहीं है।

राजेश, राजेंद्र सुनील संग सिनेमा पर किया राज

25 साल की शर्मिला ने किया था कमाल, 1969 में रिलीज हुईं 5 फिल्में

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में शर्मिला टैगोर का नाम उन अभिनेत्रियों में लिया जाता है, जिन्होंने ग्लैमर के साथ दमदार अभिनय से भी अपनी पहचान बनाई। साल 1969 उनके करियर के लिए बेहद खास रहा। इस साल उनकी पांच हिंदी फिल्में रिलीज हुईं। इनमें राजेश खन्ना के साथ आराधना, धर्मेंद्र के साथ सत्यकाम और यकीन, राजेंद्र कुमार के साथ तलाश और सुनील दत्त के साथ प्यासी शाम शामिल थीं। आराधना ने तो उनकी लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी।. खास बात यह है कि इसी दौर को लेकर शर्मिला टैगोर ने एक इंटरव्यू में अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी दिलचस्प बात भी बताई थी। हालांकि, अलग-अलग इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में अलग बयान दिए हैं। शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना की जोड़ी उस दौर की चर्चित जोड़ियों में थी। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया। एक हालिया बातचीत में शर्मिला ने बताया था कि 'आराधना' के दौरान वह प्रेग्नेंट थीं।

राजेश के साथ खूब पसंद की गई जोड़ी

शर्मिला टैगोर का जन्म 8 दिसंबर 1944 को हुआ था। ऐसे में 1969 में उनकी उम्र करीब 24-25 साल थी। इतनी कम उम्र में वह हिंदी सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों में शामिल हो चुकी थीं। आराधना ने उन्हें स्टारडम की नई ऊंचाई दी। उनकी जोड़ी राजेश खन्ना के साथ खूब पसंद की गई. धर्मेंद्र के साथ भी उन्होंने कई यादगार फिल्में कीं। 1969 का साल इसलिए भी खास है, क्योंकि एक ही साल में शर्मिला टैगोर ने अलग-अलग कलाकारों के साथ पांच फिल्मों में काम किया। रोमांस से लेकर गंभीर कहानी तक, उन्होंने अपनी अदाकारी के कई रंग दिखाए।

आराधना बड़ी हिट साबित हुई

साल 1969 शर्मिला टैगोर के लिए काफी व्यस्त रहा। उनकी फिल्म 'आराधना' में उनके साथ राजेश खन्ना थे। फिल्म का निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था। आराधना बड़ी हिट साबित हुई। इस फिल्म के लिए शर्मिला टैगोर को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। फिल्म को उस साल की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में गिना गया। इसी साल वह 'सत्यकाम' में धर्मेंद्र के साथ नजर आईं। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इसमें अशोक कुमार और संजीव कुमार भी अहम भूमिकाओं में थे। इसके अलावा यकीन में भी उनकी जोड़ी धर्मेंद्र के साथ बनी। फिल्म का निर्देशन बृज सदाना ने किया था। तलाश में शर्मिला के साथ राजेंद्र कुमार थे। वहीं प्यासी शाम में वह सुनील दत्त और फिरोज खान के साथ नजर आईं। प्यासी शाम 23 दिसंबर 1969 को रिलीज हुई थी।

दोनों हिट फिल्मों में थी 'जुम्मा गर्ल' हीरोइन

गोविंदा की 1989 में रिलीज हुई थीं 14 फिल्में, 2 सुपरहिट और 12 फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक दौर था जब बॉलीवुड में किसी स्टार की साल में 3 या 4 फिल्में रिलीज होना भी बड़ी बात मानी जाती थी। लेकिन, 80 के दशक के आखिर में एक ऐसा चेहरा था, जो हर कुछ दिनों में बड़े पर्दे पर नजर आ रहा था। सिनेमाघरों के बाहर उसके पोस्टर बदलते थे, लेकिन नाम वही रहता था। ऐसा लग रहा था कि ये साल पूरी तरह उसी स्टार के नाम होने वाला है। फिर जब पूरे साल का हिसाब हुआ, तो नतीजा ऐसा निकला जिसने हर किसी को चौंका दिया। सिर्फ 26 साल के गोविंदा की 1989 में बैक टू बैक 14 फिल्में रिलीज हुईं, लेकिन इनमें सिर्फ 2 सुपरहिट बन सकीं। सबसे दिलचस्प बात ये रही कि दोनों हिट फिल्मों में उनके साथ वही हीरोइन थीं, जिन्हें बाद में पूरी दुनिया 'जुम्मा गर्ल' के नाम से पहचाना गया।



सिर्फ 2 फिल्मों ने बदली पूरी कहानी

जब लगातार फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चलीं, तब साल की दो फिल्मों ने पूरा खेल बदल दिया। पहली फिल्म थी गैर कानूनी, जिसमें गोविंदा के साथ श्रीदेवी, शशि कपूर और किमी काटकर नजर आईं। दूसरी थी जैसी करनी वैसी भरनी, जिसमें गोविंदा और किमी काटकर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुईं और गोविंदा के कॅरियर को बड़ा सहारा मिला।

आखिर कौन थीं वो 'जुम्मा गर्ल'

जिस हीरोइन ने गोविंदा की दोनों सुपरहिट फिल्मों में काम किया, वो थीं किमी काटकर। बाद में अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म हम के सुपरहिट गाने जुम्मा चुम्मा दे दे ने उन्हें 'जुम्मा गर्ल' की पहचान दिलाई। दिलचस्प बात ये है कि 1989 उनके लिए भी काफी बिजी साल था और उनकी कई फिल्में उसी दौरान रिलीज हुई थीं।

एक साल में 14 फिल्मों का रिकॉर्ड

1986 में फिल्मी सफर शुरू करने वाले गोविंदा ने बहुत कम वक्त में खुद को बॉलीवुड के सबसे बिजी कलाकारों में शामिल कर लिया था। 1989 में उनकी 14 फिल्में फर्ज की जंग, जेंटलमैन, दो कैदी, आखिरी बाजी, पाप का अंत, घराना, बिल्लू बादशाह, जंगबाज, आसमान से ऊंचा, ताकतवर और दूसरी फिल्में रिलीज हुईं। एक कलाकार के लिए एक ही साल में इतनी फिल्में रिलीज होना अपने आप में बड़ी बात थी, लेकिन इनमें से ज्यादातर फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब नहीं हो सकीं।

फ्लॉप फिल्मों के बाद भी नहीं रुकी रफ्तार

12 फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद भी गोविंदा ने हार नहीं मानी। अगले ही साल उन्होंने स्वर्ग जैसी बड़ी हिट दी और फिर राजा बाबू, कुली नंबर 1 और हीरो नंबर 1 जैसी फिल्मों के साथ 90 के दशक के सबसे बड़े कॉमेडी स्टार बन गए। यही वजह है कि 1989 आज भी उनके कॅरियर का सबसे अनोखा और यादगार साल माना जाता है।

कृषि मंत्री कंसाना ने कहा सरकार ने लिया कारखाना शुरू करने का निर्णय

कैलारस शुगर मिल चालू कराने एमएसएमई विभाग बुलाएगा टेंडर, इससे गन्ना किसानों की आय बढ़ेगी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऐदल सिंह कंसाना

कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मुरैना जिले के कैलारस शक्कर कारखाने को दोबारा शुरू किया जाएगा।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार ने कारखाने को दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया और भविष्य की योजना सामने रखी है। कारखाना शुरू होने से गन्ना किसानों की आय बढ़ेगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उधर कारखाना शुरू करने की मांग को लेकर जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय का 15 अगस्त से आमरण अनशन जारी है। विधायक के आंदोलन को समर्थन देने के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से कांग्रेस विधायक और नेता कैलारस पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी कैलारस जाकर अनशन में शामिल होंगे। बता दें, मुख्यमंत्री डॉ यादव की अध्यक्षता में 19 अगस्त को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कैलारस शक्कर कारखाने की जमीन का उपयोग उद्योगों की स्थापना और रोजगार बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद कारखाने की जमीन एमएसएमई विभाग को हस्तांतरित की गई थी।

कांग्रेस विधायक मिल चालू करने की मांगों को लेकर कर रहे अनशन

बड़े शक्कर मिल संचालकों से मांगे जाएंगे प्रस्ताव

मंत्री कंसाना ने कहा कि कारखाना शुरू होने से क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों की आय बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। कृषि विभाग कैलारस और आसपास के क्षेत्र में गन्ने का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करेगा, ताकि कारखाने के संचालन के लिए पर्याप्त गन्ना उपलब्ध हो सके। सरकार ने कारखाने को दोबारा संचालित करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। मंत्री के अनुसार एमएसएमई विभाग देश के बड़े शक्कर मिल संचालकों से प्रस्ताव आमंत्रित करने की प्रक्रिया में है। इसके साथ ही कारखाने के संचालन के लिए जरूरी जमीन अलग रखने के बाद बची भूमि पर विभिन्न एमएसएमई इकाइयां स्थापित करने के लिए औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।

विधायक के अनशन से बढ़ी सियासी गर्मी

एक तरफ विधायक पंकज उपाध्याय कारखाना शुरू कराने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर हैं और कांग्रेस नेता लगातार उनके आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं। वहीं, सरकार का कहना है कि कारखाने को दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया पहले से चल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि शक्कर कारखाने के दोबारा संचालन के साथ अतिरिक्त भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से मुरैना जिले में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इससे निवेश बढ़ने, नए उद्योग स्थापित होने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

सीएम ने उज्जैन में किया नवीन प्रशासनिक संकुल भवन का निरीक्षण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में 134.97 करोड़ रुपये लागत से निर्माणाधीन कार्य नवीन प्रशासनिक संकुल भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने तथा भवन में आवश्यक प्रशासनिक सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नवीन प्रशासनिक संकुल भवन की कार्य योजना एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी संत उमेशनाथ महाराज, महापौर मुकेश टेंटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, एडीजी राकेश गुप्ता, कमिश्नर आशीष सिंह,डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री निर्मला ने सुनी कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं

भोपाल। मप्र शासन की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान कराया। जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया अपेक्षित है, उन्हें संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के लिए भेजा गया।

'हर बूथ जीतो' के संकल्प के साथ उतरेगा अपना दल (एस)

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर अपना दल (एस) ने संगठन को बूथ और वार्ड स्तर तक मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी जल्द ही प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी कर संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देगी। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की अनुमति से जल्द प्रदेश कमेटी की घोषणा की जाएगी। पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2028 पार्टी के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जेन-जेड युवाओं और उद्यमियों से किया संवाद

युवाओं के आइडिया को मिलेगी उड़ान सरकार देगी तकनीकी व वित्तीय सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नई तकनीक, इनोवेशन और नई सोच के साथ आगे बढ़ें और नौकरी तलाशने वाले बनने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बनें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय नई तकनीक और नवाचार का है। हरियाणा सरकार युवाओं के आइडिया को धरातल पर उतारकर उन्हें उद्यम और रोजगार का माध्यम बनाने के लिए मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग उपलब्ध करवाएगी।

प्रदेश में करीब 12500 स्टार्टअप : मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 12,500 स्टार्टअप हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक स्टार्टअप कम से कम एक नया स्टार्टअप खड़ा करने में मदद करे, ताकि प्रदेश में 25 हजार से अधिक स्टार्टअप का मजबूत नेटवर्क तैयार हो सके।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित जेन-एच- स्टार्टअप समिट में युवा उद्यमी चौपाल में जेन-जेड युवाओं और युवा उद्यमियों से सीधे संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य औपचारिक भाषण देना नहीं, बल्कि युवाओं के बीच बैठकर उनके विचार सुनना, चुनौतियों को समझना और उनके सवालों का सीधे जवाब देना है। कार्यक्रम में युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने, फंडिंग, तकनीकी सहायता और उद्यम स्थापित करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

जेन-एचबी भारत की हार्टबीट

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में आयोजित 'जेन-एच युवा उद्यमी चौपाल' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवा उद्यमियों ने उनसे राजनीति, असफलता, तकनीक, खेल, रोजगार, नशे, स्टार्टअप, सरकारी कामकाज और परिवार से जुड़े सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा अपनी असफलता को अपनी पहचान न बनने दें, बल्कि काम को अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि तेज सफलता के पीछे भागने के बजाय निरंतरता, विश्वसनीयता और धैर्य को अपनी पूंजी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा 'जेन-जी' को 'जेन-एच' यानी हरियाणा कह रहे हैं, जबकि वे इसे 'जेन-एचबी' यानी हरियाणा-भारत कहेंगे।

'मेरी यात्रा में कोई लिफ्ट नहीं, केवल सीढ़ियां थीं'

राजनीति में बिना किसी राजनीतिक विरासत के आगे बढ़ने से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा में कोई लिफ्ट नहीं थी, बल्कि केवल सीढ़ियां थीं और कई बार अगली सीढ़ी दिखाई भी नहीं देती थी। राजनीति में आने के बाद उन्हें पहला चुनाव खुद लड़ने के बजाय किसी अन्य प्रत्याशी को चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी मिली।

सीएम ने कृषि महोत्सव को किया संबोधित

किसानों को दिन में ही पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों के लिए नई तकनीक और नवाचार ने खेती में समृद्धि के नए रास्ते खोले हैं। आने वाले समय में कृषि उद्योग, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। किसानों को दिन में ही पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को अशोक नगर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ फसल विविधीकरण, उद्यानिकी और पशुपालन से जुड़ने का आव्हान किया।

सीमा पर जवान, खेत में किसान की भूमिका समान

सीएम ने कहा कि अशोकनगर के अन्नदाता अपनी मेहनत से प्रदेश भर के किसानों के लिए मिसाल बन रहे हैं। किसान, महिला, गरीब और युवा चारों वर्ग राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण है। किसान के समृद्ध और खुशहाल होने से ही संपूर्ण समाज अन्न और धन-धान्य से परिपूर्ण रहेगा। सीमा पर जवान और खेत में किसान की भूमिका समान है। राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता और सक्रियता से किसान हित में कार्य कर रही है। इसी के परिणाम स्वरुप पूरा साल किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

किसानों को दी आगामी त्यौहारों की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्माष्टमी, बलराम जयंती, रक्षाबंधन आदि त्यौहारों की बधाई दीं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अशोकनगर के बलराम कृषि महोत्सव में उपस्थित कृषकों से वर्चुअली संवाद किया। विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा किसान जयपाल चावड़ा भी उपस्थित थे।

सतर्क स्वजनों ने रायगढ़ में दबोचा पुलिस को दी सूचना

आदिवासी नाबालिग छात्रा और युवती झांसा देकर दिल्ली ले जा रहे थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र से मानव तस्करी का मामला सामने आया है। आदिवासी समुदाय की एक नाबालिग छात्रा और एक युवती को बेहतर काम और ऊंची पगार का झांसा देकर दो युवक दिल्ली ले जा रहे थे। स्वजन की सक्रियता से दोनों को रायगढ़ जिले से ट्रेन पकड़ने से पहले पकड़ लिया गया। केरजू पुलिस चौकी ने मामले में मानव तस्करी और अपहरण का केस दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण सीतापुर थाना क्षेत्र के केरजू पुलिस चौकी अंतर्गत का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम ढोढ़ागांव निवासी कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली 16 वर्षीय आदिवासी नाबालिग छात्रा और ग्राम सरगा निवासी 19 वर्षीय युवती दोनों 16 अगस्त से घर से लापता थीं।

स्वजन लगातार दोनों की तलाश कर रहे थे। किसी को बिना बताए अचानक गायब होने से परिवार वाले परेशान थे। तलाश के दौरान स्वजन को सूचना मिली कि दोनों युवतियां रायगढ़ जिले के कापू क्षेत्र में देखी गई हैं और उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी है। सूचना के आधार पर 18 अगस्त को स्वजन रायगढ़ जिले के ग्राम केराकछार पहुंचे। वहां दोनों युवतियां दो युवकों के साथ मिलीं। पूछताछ में पता चला कि दोनों युवक उसी दिन रायगढ़ से ट्रेन के जरिए उन्हें दिल्ली ले जाने वाले थे। स्वजन दोनों को सुरक्षित छुड़ाकर वापस केरजू लाए और केरजू पुलिस चौकी में पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। केरजू पुलिस ने नाबालिग और युवती से पूछताछ की तो मानव तस्करी की साजिश सामने आई। युवतियों ने बताया कि सिहारजोर निवासी विद्याभूषण लकड़ा और कामोसिनडांड कापू जिला रायगढ़ निवासी देवलाल तिग्गा ने उन्हें दिल्ली में अच्छी नौकरी और मोटी पगार दिलाने का लालच दिया था। आरोपियों के झांसे में आकर दोनों बिना स्वजम को बताए घर से निकल गईं और आरोपियों के साथ चली गईं। दोनों युवकों ने दो दिन तक उन्हें अपने घर में ही रखा और फिर दिल्ली ले जाने की योजना बनाई थी।

मामले में नाबालिग के पिता की शिकायत पर केरजू पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) अपहरण, 143(1)(क) मानव तस्करी और 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

केरजू चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत ने बताया कि प्रकरण में मानव तस्करी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों विद्याभूषण लकड़ा और देवलाल तिग्गा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। सरगुजा-जशपुर क्षेत्र में आदिवासी युवतियों को दिल्ली-हरियाणा में काम दिलाने के नाम पर ले जाने के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। पुलिस ने स्वजन से अपील की है कि अनजान लोगों के झांसे में न आएं और बेटियों के बाहर काम पर जाने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं।

सशक्तिकरण-आत्मनिर्भरता का होगा सूत्रपात

श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को जोड़कर बनेगा जॉइंट एक्शन प्लानः गौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अद्र्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की प्रामाणिक जानकारी तथा सामाजिक संस्थाओं के जमीनी नवाचारों व अनुकरणीय गतिविधियों को समाहित कर एक बहुआयामी जॉइंट एक्शन प्लान निर्मित किया जाएगा।

इससे विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्धघुमन्तु समुदायों के स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन स्तर और रोजगार को सीधे जोड़कर आजीविका के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। गौर राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। समाज के अंतिम व्यक्ति के सर्वांगीण अभ्युदय के लिए पीएम के अंत्योदय के पावन ध्येय को साकार करने के लिए शासन और अशासकीय संस्थाएं परस्पर समन्वय स्थापित कर नए रास्तों का निर्माण कर रही हैं। संचालनालय, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय विकास द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीएम के दूरदर्शी विजन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

पवैया ने किया राज्य वित्त आयोग की वेबसाइट का शुभारंभ

भोपाल। राज्य वित्त आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.sfc.mp.gov.in का लोकार्पण गुरुवार को वल्लभ भवन में किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति में आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, आयोग के सदस्य के.के. सिंह, वीरेंद्र कुमार तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायतें मिलकर व्यापक नागरिक सहभागिता का आधार बनती हैं। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं के माध्यम से जनता की अपेक्षाएं और सुझाव सीधे शासन तक पहुंचते हैं, जब इन सुझावों को आयोग की कार्य प्रणाली में शामिल किया जाएगा, तो इसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नई वेबसाइट से आम नागरिक भी आयोग की गतिविधियों से सीधे जुड़ सकेंगे।

वैचारिक स्वच्छता अभियान की संस्थापक डॉ. वंदना ने कलेक्टर को लिखा था पत्र

सागर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाया जाएगा नो एब्यूज बोर्ड, 17 सितंबर को मनाया जाएगा नो एब्यूज डे- जनजागृति संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं के सम्मान, स्वस्थ सामाजिक संवाद और संस्कारित भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित वैचारिक स्वच्छता अभियान को सागर जिले में एक महत्वपूर्ण संस्थागत समर्थन मिला है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-सागर द्वारा 17 अगस्त को जारी आदेश क्रमांक म.बा.वि./आईसीडीएस/ 2026-27/3780 के माध्यम से जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में नो एब्यूज बोर्ड, लगाए जाने तथा प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को नो एब्यूज डे-जनजागृति संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश समाजसेविका एवं समाज सुधारक डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा कलेक्टर, जिला सागर को 6 अगस्त को प्रेषित पत्र के संदर्भ में जारी किया गया है। आदेश में यह स्वीकार किया गया है कि मां, बहन और बेटी के नाम पर अपमानजनक गालियों का प्रयोग समाज में असम्मानजनक भाषा, सामाजिक संवेदनशीलता में कमी तथा नैतिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। आदेश में वैचारिक स्वच्छता अभियान के उद्देश्य को समाज में सम्मानजनक भाषा, संस्कारित संवाद तथा महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। इसी क्रम में सभी संबंधित परियोजना अधिकारियों को अपने कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

बच्चों को मां, बहन एवं बेटी के सम्मान का संस्कार दिया जाए

वैचारिक स्वच्छता अभियान की संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सागर द्वारा जारी इस आदेश का धन्यवाद देकर स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के संस्कार निर्माण की शुरुआत घर और आंगनबाड़ी से होती है। यदि बचपन से ही बच्चों को सम्मानजनक भाषा और मां, बहन एवं बेटी के सम्मान का संस्कार दिया जाए, तो आने वाली पीढ़ी अधिक संवेदनशील और सभ्य समाज का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि नो एब्यूज बोर्ड, केवल एक बोर्ड नहीं, बल्कि भाषा और विचारों की स्वच्छता का सामाजिक संदेश है। 17 सितंबर को नो एब्यूज डे – जनजागृति संकल्प दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प दिलाना है कि वह मां, बहन बेटी की गालियों का प्रयोग नहीं करेगा और दूसरों को भी ऐसी भाषा के प्रयोग से रोकेगा।

वैचारिक स्वच्छता अभियान

डॉ. गुप्ता ने कहा कि सागर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिया गया यह कदम वैचारिक स्वच्छता अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सभी परियोजना अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि इस अभियान को जिले के अन्य शासकीय एवं सामाजिक संस्थानों में भी आगे बढ़ाया जाएगा।

बर्लिन, हैदराबाद और साओ पाउलो में खुलेंगे नए एडबल्यूएस बिल्डर लॉफ्ट

नई दिल्ली। क्लाउड कंप्यूटिंग की शुरुआत के समय ए.डबल्यू.एस ने दुनिया के कई शहरों में ए.डबल्यू.एस पॉप-अप लॉफ्ट्स नाम से खास जगहें बनाई थीं। यहां स्टार्टअप से जुड़े लोग, डेवलपर्स और ए.डबल्यू.एस के बारे में जानने वाले लोग आकर सीख सकते थे, कार्यक्रमों में शामिल हो सकते थे, मीटिंग कर सकते थे और साथ काम कर सकते थे। अब जनरेटिव ए.आई के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए ए.डबल्यू.एस ने ए.डबल्यू.एस जेन ए.आई लॉफ्ट भी शुरू किए हैं। ये अलग-अलग जगहों पर बनाए गए ऐसे केंद्र हैं, जहां स्टार्टअप और डेवलपर्स जनरेटिव ए.आई के बारे में सीख सकते हैं और इसे इस्तेमाल करने का अनुभव ले सकते हैं। हमें लगा कि ऐसे स्थायी सामुदायिक केंद्रों की जरूरत है, जहां छात्र और डेवलपर्स सीख सकें, एक-दूसरे से जुड़ सकें और अपने अनुभव साझा कर सकें। डेविड नैली, डायरेक्टर, डेवलपर एक्सपीरियंस, ए.डबल्यू.एस ने बताया की, 20 साल पहले, जबसे ए.डबल्यू.एस ने अपनी पहली सेवाएं शुरू की थीं, डेवलपर समुदाय तभी से यानि शुरुआत से ही हम पर भरोसा करता आया है। ये जगहें डेवलपर समुदाय में हमारे निवेश का एक तरीका हैं।

हर 10 में 6 प्रोफेशनल्स बोले- जॉब टाइटल के मुताबिक नहीं मिलता वेतन

नई दिल्ली। इनडीड के लेटेस्ट क्वाटर्ली हायरिंग ट्रैकर के मुताबिक हर 10 में से लगभग 6 प्रोफेशनल्स का कहना है कि उनका वेतन उनके जॉब टाईटल से मेल नहीं खाता है। इससे भारत में ऑफिसों में पदों और उनके लिए दिए जाने वाले वेतन के बीच बढ़ती विसंगति प्रदर्शित होती है। सर्वे में सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत प्रोफेशनल्स का मानना है कि उद्योगों में ज्यादा बड़े टाईटल देना आम हो गया है, जहाँ लोगों को सीनियर पद तो दे दिए जाते हैं, पर उस पद के मुताबिक वेतन उन्हें नहीं मिलता है।इस बारे में शशि कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर, इनडीड इंडिया ने कहा एक जॉब टाईटल से व्यक्ति की प्रोफेशनल पहचान होती है। लेकिन ये सबसे प्रभावशाली तब होते हैं, जब वो करियर की स्थिर प्रगति को प्रदर्शित करें, न कि दिखावटी पदोन्नति। अगर संगठनों को प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रतिभाओं को आकर्षित करना और उन्हें बनाए रखना है, तो यह तालमेल बनाना बहुत जरूरी होगा। करियर के विकास को केवल जॉब टाईटल के आधार पर नहीं मापा जा सकता है जिन प्रोफेशनल्स का पिछले दो सालों में जॉब टाईटल बदला है, उनमें से हर तीन में से एक प्रोफेशनल का कहना है कि उनका वेतन उनके जॉब टाईटल के अनुरूप नहीं बढ़ा, उनका वेतन या तो स्थिर रहा या फिर उसमें 5 प्रतिशत से भी कम बढ़ोत्तरी हुई।

चिंतन

सरकार को दबाव में लेने की कोशिश में विपक्ष

लोकतंत्र में विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि सत्ता से जवाब मांगना और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना भी होता है, लेकिन जब राजनीतिक विरोध और दबाव की रणनीति अपनाई जाती है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष मुद्दा उठा रहा है या सरकार को दबाव में लेने की कोशिश कर रहा है। दिल्ली में जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान घायल छात्र की एफआईआर को लेकर राहुल गांधी का संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठना और राजस्थान में सरकारी स्कूल की स्थिति देखने गई एक कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कार्यकर्ता आशुतोष रांका और उनकी टीम के साथ विवाद, इसी व्यापक राजनीतिक प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जंतर-मंतर मामले में छात्र साहिल का आरोप गंभीर है। उसका दावा है कि प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी दाहिनी आंख की रोशनी लगभग चली गई और शरीर में बड़ी संख्या में छर्रे अब भी मौजूद हैं। यदि यह आरोप सही है तो यह केवल एक छात्र की चोट का मामला नहीं, बल्कि पुलिस कार्रवाई और नागरिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी दर्ज होना जरूरी है। पुलिस का यह कहना कि 20 जुलाई की घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच पहले से क्राइम ब्रांच कर रही है, तर्कसंगत हो सकता है, लेकिन पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने के लिए थानों के चक्कर लगवाना व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल जरूर खड़ा करता है। इसी मुद्दे पर विपक्ष की भूमिका भी कसौटी पर है। किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, मगर पुलिस थाने के बाहर धरना देकर तत्काल एफआईआर की मांग करना राजनीतिक दबाव की रणनीति भी माना जा सकता है। वहीं, राजस्थान का स्कूल विवाद इस तस्वीर का दूसरा पहलू सामने रखता है। सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति देखने पहुंची सीजेपी टीम ने मारपीट, पत्थरबाजी और वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप लगाए, जबकि ग्रामीणों ने इसे केवल तीखी बहस बताया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आशंका थी कि स्कूल का मौजूदा ढांचा हटाया जा सकता है, जबकि टीम का दावा है कि वह केवल स्कूल की स्थिति देखने गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की मरम्मत के लिए फंड मंजूर हो चुका है। इमारत कंडम हो चुकी थी इसलिए दूसरी जगह कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। ऐसे में इस मामले को राजनीतिक रंग देना कहां तक उचित है? हालांकि दोनों पक्षों के दावों में जमीन-आसमान का अंतर है। ऐसे में राजनीतिक बयानबाजी से पहले तथ्य सामने आना जरूरी है। विडंबना यह है कि स्कूल, छात्र और पुलिस कार्रवाई जैसे जनता से सीधे जुड़े मुद्दे भी राजनीतिक खेमेबंदी में बदलते जा रहे हैं। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन सवालों का जवाब तथ्यों से मिलना चाहिए और विपक्ष की आवाज भी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। सरकार यदि वास्तव में पारदर्शी है तो उसे जांच से डरना नहीं चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी यह समझना होगा कि हर प्रशासनिक कार्रवाई को राजनीतिक दमन बताना उसकी विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है। जंतर-मंतर की घटना में निष्पक्ष जांच हो, घायल छात्र को न्याय मिले और दोषी चाहे कोई भी हो, उस पर कार्रवाई हो। राजस्थान के स्कूल विवाद में भी आरोपों की स्वतंत्र जांच हो और सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आए। लोकतंत्र की मजबूती सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से नहीं, संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीतिक दलों की जवाबदेही से होती है।

पीढ़ीगत विभाजन : कितने अभिमन्यु-भीष्म

मुद्दा
विवेक मिश्रा

यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में निर्मित एक व्यंग्य समूह जंतर- मंतर वेधशाला के निकट, देश के सभी जेनजी नक्षत्रों को एक ही कक्षा में इस प्रकार स्थापित कर देगा कि एक दशक से अधिक पुरानी सुदृढ़ सत्ता को ग्रहण झेलना पड़े, ऐसा आंकलन शायद ही किसी ने किया होगा। आंदोलन की सफ़लता के बाद सीजेपी नामक इस व्यंग्य समूह की आगामी योजनाओं पर सबकी नजर टिकी थी। 6 अगस्त को सीजेपी का नेतृत्व एक प्रेस वार्ता आयोजित करता है, ठीक कुछ घंटे पहले जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का पूर्व निर्धारित संवाद कार्यक्रम जेनजी के साथ होने वाला था। यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह (पब्लिक प्रेशर ग्रुप) के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। संगठन के विस्तार की दृष्टि से संपूर्ण देश को पांच ज़ोन में बांटकर, प्रत्येक जोन का एक प्रभारी नियुक्त करने का ऐलान होता है।

आईटी मीडिया, शोध व नीति, न्यायिक, वित्तीय जैसी इकाइयों के निर्माण की बात मुख्य संयोजक अभिजीत दीपके के नेतृत्व में रखी गई। दीपके ने सितम्बर से संपूर्ण देश में 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान को आम जनता के बीच ले जाने की बात कही, जिसका उद्देश्य लोगों के सुझावों, अपेक्षाओं और चिंताओं को सुनना बताया। इस कार्ययोजना का सबसे अहम हिस्सा इस सवाल पर केंद्रित था कि सीजेपी एक समूह के रूप किन विषयों को लेकर आगे बढ़ेगी? जिसे स्पष्ट करते हुए शिक्षा सुधार, चुनाव आयोग, न्याय पालिका, मुख्यधारा की टीवी मीडिया और दलबदल करते नेताओं की जवाबदेही जैसे मुद्दों से सम्बद्ध हो, आगे बढ़ने की बात रखी गई। इन सभी संदर्भित मुद्दों की समालोचनात्मक समीक्षा करने पर कुछ रोचक बातें प्रकट होती हैं। यह सभी मुद्दे ऐसे हैं जो सीधे जनसरोकार से जुड़ते हैं या जनसंवाद में आमतौर पर कहे-सुने जाते रहे हैं। विशेषकर जेनजी आयुवर्ग इन विषयों पर बहुत मुखर रहता है। शिक्षा सुधार का विषय तो व्यापक स्वरूप ले ही चुका है। शिक्षा संस्थाओं में जेनी जी और अल्फ़ा युवाओं से नित्य संपर्क में आने वाले, कार्यरत सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी शिक्षकों की औसत आयु देशभर में 42 से 45 वर्ष है, जबकि निजी स्कूलों में यही आयु औसत 32 से 35 वर्ष का है। तथ्यात्मक रूप से शिक्षकों और अध्यनरत विद्यार्थियों की आयु सीमा का यह अंतर जिसे हम अंग्रेजी में जेनरेशन गेप कहते हैं, इस नई युवा श्रृंखला को पढ़ने-गढ़ने में कितना और कैसे प्रभावित करेगा, यह शोध का विषय है, लेकिन यह सीजेपी की विस्तार नीति में प्रमुख स्थान रख सकता है। भारतीय मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से जन्मी सीजेपी, न्यायिक प्रणाली में विलंब, उच्च न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई व चयन प्रक्रिया जैसे सामान्य जन आधारित पहलुओं को न सिर्फ छू रही है, बल्कि बेहद बेबाकी से प्रकट करती है। इन सबको उम्र के तराजू पर तोलने की रणनीति की ओर बढ़ती लगती है।

चूंकि देश के सभी न्यायाधीशों की उम्र सर्वोच्च न्यायालय में 59 से 61 वर्ष तो उच्चतम न्यायालय में 51

से 53 वर्ष है। लंबे कार्यकाल उपरांत पदस्थापना, अनुभव व गुणवत्ता की दृष्टि से तो ठीक नजर आते हैं, पर नियुक्ति से रिटायरमेंट तक कार्य अवधि में कमी पाई जाती है। चुनाव आयोग पर, अधिकारियों व कर्मचारियों की कम संख्या, ईवीएम, एस.आई.आर और जवाबदेही से जुड़े विपक्ष के प्रश्न तो हैं ही। इस सब के मध्य केंद्रीय व राज्यों के चुनाव आयोगों में पदाधिकारियों की उम्र का माध्य भी 45 से 48 वर्ष होना, सीजेपी के केंद्र में दिखता है। औसत उम्र का यह पैमाना, मुख्य धारा के टीवी मीडिया समूहों और एंकरों से जुड़े मुद्दे में भी निकलकर आता है। वहां समाचार वाचकों (एंकरों) की उम्र भी अधिकांशतः 40 से 45 वर्ष के निकट निकल कर आती है। इन तथ्यों को कपोल कल्पित कयास नहीं कहा जा सकता है। ऐसे दो प्रसंग हैं जब सीजेपी संयोजक अभिजीत दीपके ने बुजुर्ग नेतृत्व को नकारा है।

अन्ना हजारे के विषय में कहा कि - 'कब तक बुड्ढे लोग सब कुछ निर्णय करेंगे, जिनका सब कुछ हो गया है। 60-70 की उम्र वाले लोग रिटायर्ड हों, आश्रम में बैठें'। सीजेपी नेतृत्व का स्पष्ट मानना रहा है कि बड़ी उम्र के नेताओं से संवाद करके क्या हासिल होगा? यह दबाव समूह एक नए तरह के वोटबैंक को भारतीय राजनीति में स्थापित करने की तैयारी में है, जहां सीजेपी की भूमिका किंग मेकर की रहे, जैसी भाजपा की विजय में आर.एस.एस. की रहती है। युवा मतदाताओं के नाम से अब तक प्रचलित एक बड़े वोटर समूह को, ऐसे जेन-जी आयु वर्ग में विभाजित किया गया है, जिनका 2029 के चुनाव में हिस्सा 25% रहेगा। कुल मतदाताओं की संख्या 38 करोड़ होगी और हर चार में से एक मतदाता जेन-जी रहेगा। संभावित है, जो समूह या राजनीतिक दल इनका प्रतिनिधित्व करेगा, वही देश का भी प्रतिनिधित्व करेगा। जेनजी में एकमुश्त मतदान करने की प्रवृत्ति देखी जा सकती है, क्योंकि यह जाति और धर्म के समूहों में प्रायः कम ही जुटता है। इस संपूर्ण तर्क की प्रथम परीक्षा आगामी उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों में आयोजित होगी, जहां मतदान देने वाले जेन जी युवाओं और उनसे ठीक पहले की जेनरेशन 'मिलेनियंस' की संख्या लगभग एक समान रहने वाली है। जेन-जी मतदाताओं की संख्या इस चुनाव में 45 करोड़ होगी अर्थात 34 प्रतिशत की कुल मतदाताओं में हिस्सेदारी, जबकि मिलेनियन जेनरेशन की संख्या 44 से 46 करोड़ बताई जा रही है। इसके अनुसार इनकी हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से 35 प्रतिशत के बीच रहेगी। लेकिन जैसा कि सामने आता है, मिलेनियंस की जेनरेशन कई मुद्दों और कारणों के चलते, मत विभाजन से गुजरती है और जेन जी इनसे अप्रभावित रहकर मत रखने के लिए जानी जाती है ।

ऐसे में, इस नई पीढ़ी का एकमुश्त झुकाव किसी एक दल या व्यक्ति के प्रति उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्णायक हो सकता है। इसलिए देश के सभी राजनीतिक दल और संघ अब जेनज़ी संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं। चुनावी राजनीति की दृष्टि से मतदाताओं की यह लामबंदी यद्यपि ठीक हो, लेकिन एक देश के रूप में भारतीय मतदाताओं को जाति, धर्म और अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा तो खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी

ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद हो रहे युवा

बीते कुछ सालों में ऑनलाइन गेमिंग का दायरा कुछ इस कदर बढ़ा है कि देश के युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं, अपना लाखों-करोड़ों रुपया गंवा रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग में हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। बीते दिनों पंजाब के नवांशहर में ऑनलाइन गेमिंग में 5 से 7 लाख रुपये की भारी रकम हारने के बाद तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीसरे किशोर का इलाज अस्पताल में जारी है। बीती 8 अगस्त को शाहजहांपुर में ऑनलाइन गेम में हारने से अवसादग्रस्त एक 36 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। 30 जुलाई को बिहार के कटिहार में ऑनलाइन गेमिंग की लत एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। बीती मार्च में कर्नाटक के 'बीदर आयुर्विज्ञान संस्थान' के 21 वर्षीय मेडिकल छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग में 80,000 रुपये गंवाने के बाद वित्तीय दबाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। सस्ते इंटरनेट और किफायती स्मार्टफोन के बदौलत भारत ने न सिर्फ 'डिजिटल इंडिया' तक का सफर तय किया। बल्कि इसके साथ-साथ ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग और बेटिंग जैसी इंडस्ट्री भी फलने-फूलने लगी। भारत में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग की शुरुआत किफायती इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ ही शुरू हुई। इंटरनेट और मोबाइल फोन ने इसका आधार बनाया और लोगों के बीच में तेजी से पॉपुलर किया। साल 2006 से 2010 के बीच में भारतीय मोबाइल यूजर्स के बीच ऐस-2-थ्री और 'रम्मी सर्कल' जैसे शुरुआती प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन रम्मी गेम्स को बढ़ावा दिया। 2008 में 'ड्रीम11' की शुरुआत हुई, जिसने 2012 से रियल मनी फैंटेसी क्रिकेट पेश किया। इस गेम के विनर्स से ऐसी माउथ पब्लिसिटी मिली कि देश में लगभग हर तीसरे क्रिकेट फैन के फोन में यह ऐप या ऐसी ही दूसरी ऐप मिल जाएगी। साल 2016 में भारत में टेलीकॉम कंपनियां ने मोबाइल इंटरनेट को काफी हद तक किफायती कर दिया। पूरे महीने के लिए मिलने वाला 1 से 2 जीबी डाटा डेली कर दिया गया। इससे मोबाइल गेमिंग के यूजर्स में काफी बढ़ोतरी हुई। किफायती इंटरनेट ने डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा मिला। यूपीआई ने न सिर्फ डिजिटल पेमेंट्स को आसान बनाया बल्कि रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से ट्रांजेक्शन को भी आसान बना दिया। अब लोग आसानी से इन प्लेटफॉर्म में रुपये लगा सकते थे और जीतने पर आसानी से निकाल भी सकते थे। 2017 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 'ड्रीम11' के फॉर्मेट को 'गेम ऑफ स्किल' करार दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। इससे पहले रम्मी को भी स्किल-बेस्ड गेम करार दिया जा चुका था। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों के बाद भारत में रियल मनी गेमिंग को कुछ हद तक कानूनी मान्यता मिली और भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को तेजी मिली। कोविड-19 के चलते लगे लॉकडाउन में लाखों यूजर्स ने मनोरंजन के लिए इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म का रुख किया। वहीं इस बीच इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म को घरेलू निवेशकों के साथ-साथ जमकर एफडीआई भी मिले। अकेले 2018 से 21 के बीच में ऑनलाइन गेमिंग को 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा का विदेशी निवेश मिला और ड्रीम11, एमपीएल जैसे स्टार्टअप देखते-देखते यूनिकॉर्न बन गए। भारत के ऑनलाइन गेमिंग को मिले बूम के चलते 2023 तक भारत में इसका मार्केट साइज 3.7 अरब डॉलर का हो चुका था। इसके साथ ही 2029 तक इसके 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। निस्संदेह, ऑनलाइन गेम के लालच में किशोर-युवा विवेक खो देते हैं। आज कम कीमत पर मोबाइल फोन और कनेक्टिविटी मौजूद हैं और इसकी वजह से ऑनलाइन जुए की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फ़ैल रही है जो कि यह एक चिंता का विषय बन गया है। वास्तव में, आज मोबाइल दुधारी तलवार जैसे हो गए हैं। सूचना-संवाद तो देते हैं, साथ ही तमाम आघातों की आशंकाएं भी रहती हैं। जो मोबाइल बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई और संवाद के लिए दिए जाते हैं, उसका दुरुपयोग बच्चे ऑनलाइन गेमिंग व वर्जित सामग्री देखने के लिए करने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी बेबस है कि वे बच्चों की निगरानी कैसे करें? वे पढ़ रहे हैं या गेम खेल रहे हैं? कहना कठिन है कि ऑनलाइन खेलों को कितने पारदर्शी तरीके व ईमानदारी के साथ संचालित किया जाता है। बहुत संभव है कि ये गेम भी ऑनलाइन फ्रॉड संस्कृति का ही हिस्सा हों, जो संचालकों के मुनाफे के लिये ही संचालित होते हों। बहरहाल, किशोर व युवक द्वारा मोटी रकम हारने के बाद खुदकुशी करना परिवार, समाज व देश की बड़ी क्षति है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सब प्राणियों का प्रेम व स्नेह से मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा

संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

क्या भोग लगाना पाखंड है?

संकलित
प्रेरणा

एक बार सन् 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

अंतर्मन

आज की पाती

रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3070 करोड़ रुपए है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुएं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं। यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। **– संदीप अग्रवाल**, दुर्ग

करंट अफेयर

अमेरिका और द. कोरिया सैन्य अभ्यास समय से पहले खत्म

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं के बीच वार्षिक सैन्य अभ्यास निर्धारित कार्यक्रम से छह दिन पहले शुक्रवार को खत्म होने वाला है। कहा जा रहा है कि उत्तर कोरिया के प्रति नरमी दिखाने के लिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, उत्तर कोरिया ने कहा कि यह कदम उसे वार्ता के लिए मनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। सोमवार को शुरू हुए 'उलची फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंटागन को अभ्यास की अवधि में कटौती करने का आदेश दिया था। ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने यह आदेश इसलिए दिया क्योंकि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ उनके संबंध अच्छे हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया ने उनका समर्थन नहीं किया था। उत्तर कोरिया की सत्ता में प्रभावशाली मानी जाने वालीं किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने बुधवार को ट्रंप के इस कदम को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अवधि कम करने से अभ्यास का उकसावे वाला और आक्रामक स्वरूप नहीं बदलेगा।

ऑफ बीट

भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



ट्रेंड

राजनीतिक हताशा

राहुल गांधी का धरना न तो छात्रों के लिए है और न ही न्याय के लिए; यह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक हताशा और राहुल गांधी की 'फुटेज पाने की भूख' का प्रतीक है। आज कांग्रेस पूरे देश में 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर हर तरफ से घिरी हुई है।
- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

एफआईआर दर्ज हो

मोदी-शाह के राज में शांति से विरोध कर रहे युवाओं पर खुलेआम पैलेट गन चलाई जा सकती हैं, लेकिन उन्हें इंसाफ़ नहीं मिल सकता। जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती और दोषियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई का भरोसा नहीं मिलता हम डटे रहेंगे।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

सरकारी स्कूलों का सच

सरकारी स्कूलों में सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को जाने से रोकना यह दिखाता है कि इन स्कूलों की हालत सचमुच पूरी तरह से नज़रअंदाज़ी की एक दुखद कहानी बयां कर रही है। स्कूलों में ब्लैकबोर्ड, टॉयलेट, जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

गंभीर वित्तीय संकट

बिहार की वित्तीय स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन गई है। राज्य पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 5.8 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक है। बिहार गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है।
- **तेजस्वी यादव**, कार्यकारी अध्यक्ष, राजद

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने एच1एन1 इन्फ्लूएंजा से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को देश में एच1एन1 इन्फ्लूएंजा की मौजूदा स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी बैठक में उपस्थित थे।

नड्डा ने राष्ट्रीय निगरानी एवं महामारी विज्ञान की स्थिति, इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के रुझानों, जांच एवं प्रयोगशाला निगरानी तथा मौसमी इन्फ्लुएंजा के मामलों के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। नड्डा ने निरंतर सतर्कता, मजबूत निगरानी और सक्रिय तैयारियों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इन्फ्लुएंजा के रुझानों की निरंतर निगरानी करने तथा मामलों में किसी भी असामान्य वृद्धि या समूह की समय रहते पहचान और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

मंत्री ने समय रहते इसकी पहचान को जरूरी बताया

हेल्थकेयर सुविधाओं की तैयारियों पर भी चर्चा की

बैठक में हेल्थकेयर सुविधाओं की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इसमें अस्पताल के बिस्तरों, क्रिटिकल केयर यूनिट्स और अन्य जरूरी सामान की उपलब्धता शामिल थी। यह समीक्षा दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी की खबरों और उमस भरे बदलते मौसम के बीच हुई है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं।

सुविधाओं की तैयारियों को भी जाना

बैठक के दौरान दिल्ली में अस्पताल में बिस्तरों, गहन चिकित्सा सुविधाओं, ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों, वेंटिलेटर, आवश्यक दवाओं, निदान उपकरणों और अन्य महत्वपूर्ण आपूर्तियों की उपलब्धता आदि स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। नड्डा ने विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए पर्याप्त आपातकालीन क्षमता और सुगम रेफरल तंत्र के महत्व पर जोर दिया। नड्डा ने इन्फ्लुएंजा के मामलों की शीघ्र पहचान, समय पर जांच और उचित नैदानिक प्रबंधन को लगातार मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने मौजूदा निगरानी एवं प्रयोगशाला नेटवर्क के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।

पिछले महीने ही राज्यों को दी थी सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इससे पहले, 10 जुलाई 2026 को सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के लिए तैयारियों और निगरानी को मजबूत करने और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी। नड्डा ने जन जागरूकता, स्वच्छता, निवारक स्वास्थ्य उपायों पर भी जोर दिया। उन्होंने गंभीर श्वसन लक्षणों, सांस लेने में कठिनाई या अन्य लक्षणों वाले व्यक्तियों को तुरंत चिकित्सा परामर्श लेने की सलाह दी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, अपर सचिव (जन स्वास्थ्य) डॉ. राकेश गुप्ता, दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव रूपेश कुमार ठाकुर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

दिल्ली के लिए मुसीबत बनी ये बीमारी

राजधानी स्वाइन फ्लू की खतरनाक चपेट में है। तेज बुखार, सिर-शरीर में दर्द और सांस की दिक्कतों के साथ बड़ी संख्या में लोग अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। जोखिमों को देखते डॉक्टर सभी लोगों को इन दिनों श्वसन संक्रमण से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहने की सलाह दे रहे हैं। लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने, हाथों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जा रही है।

इन बिंदुओं पर दिया बल

- समीक्षा बैठक में अस्पताल के बेड, क्रिटिकल केयर सुविधाएं और मौसमी इन्फ्लूएंजा व गंभीर श्वसन बीमारी वाले मरीजों के इलाज के लिए जरूरी अन्य चीजों की उपलब्धता शामिल थी।
- स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने लोगों में जागरूकता और बचाव के स्वस्थ तरीकों, जैसे श्वसन और हाथ की स्वच्छता का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया।
- नड्डा ने कहा कि जिन लोगों को लगातार या गंभीर श्वसन संबंधी लक्षण, सांस लेने में तकलीफ या अन्य चेतावनी वाले संकेत महसूस हों, उन्हें तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

खबर संक्षेप

बिहार में जाली नोटों के रैकेट का खुलासा

मोतिहारी। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी पर नकेल कसते हुए 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बलऔर बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने 88,000 मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। कार्रवाई में पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।यह सफलता 71वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में हासिल हुई।

दिल्ली में 9वीं की त्रिभाषा का नियम वापस

नई दिल्ली। दिल्ली में कक्षा 9 के छात्रों को राहत मिली है। शिक्षा निदेशालय ने त्रिभाषा को लेकर लागू किए गए उस प्रावधान को वापस ले लिया है, जिसके तहत नौवीं में त्रिभाषा में क्वालीफाई नहीं करने वाले छात्रों के लिए दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की राह मुश्किल हो सकती थी। अब क्वालीफाई न होने के आधार नहीं रोका जाएगा।

अभिनेत्री जानकी का 94 साल में निधन

चेन्नई। तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा में काम कर चुकीं दिग्गज अभिनेत्री सौकार जानकी को लेकर बुरी खबर है। उनका निधन हो गया है। वो 94 साल की थीं और आईसीयू में बीते दिन ही एडमिट कराया गया था। वे उम्र से संबंधित बीमारी से जूझ रही थीं। नादिगर संगम के प्रेसिडेंट नासर ने उनकी मौत की इस खबर की पुष्टि की है।

मैकडोनाल्ड्स, रेडियो क्लब के लाइसेंस निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मुंबई के प्रसिद्ध बॉम्बे प्रेसिडेंसी रेडियो क्लब और कोलाबा स्थित मैकडोनाल्ड्स आउटलेट का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। राज्य में कुल 13 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों के उल्लंघन के कारण हुई है।

जिस मामले को लेकर राहुल धरने पर बैठे हैं, उसकी शिकायत दर्ज हो चुकी और सुप्रीम कोर्ट की हाई-पावर्ड कमिटी इसकी जाँच कर रही: रविशंकर

राहुल गांधी विपक्ष के नेता होकर भी अराजकता की राजनीति कर रहे व 'घिरने' पर धरना दे रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में बिना अनुमति राहुल गांधी के धरने पर बैठने की आलोचना की। सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास 21, मदर टेरेसा क्रिसेंट में मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर घिरने के बाद ध्यान भटकाने अराजकता की राजनीति कर रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संबंधित मामले की शिकायत दर्ज हो चुकी है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति इसकी जांच कर रही है। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि राहुल विपक्ष के नेता हैं और अब सिर्फ लोकतांत्रिक राजनीति नहीं, बल्कि अराजकता की राजनीति करते हैं। अभी वे दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस स्टेशन पर बिना अनुमति और बिना किसी पूर्व सूचना के धरने पर बैठे हुए हैं। कभी प्रधानमंत्री के घर के सामने बैठ जाते हैं और अभी फिर यहां बैठ गए हैं। वे घिरने के बाद जनता का ध्यान पटका रहे हैं।

जनता का ध्यान न भटकाएं

रविशंकर ने अपने आवास पर मीडिया को संबोधित किया

घटना की शिकायत दर्ज की जा चुकी

जिस घटना का राहुल संदर्भ दे रहे हैं, उसकी शिकायत ली जा चुकी है। सबसे बड़ी बात यह है कि जो पीड़ित थे, वे सुप्रीम कोर्ट गए और कोर्ट ने एक हाई-पावर्ड कमिटी बनाई है, जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज कर रहे हैं। उसमें 2 जज भी हैंष एक सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर हैं और एक अन्य बड़े अधिकारी हैं। इतनी हाई-पावर्ड कमिटी में यह भी जांच का विषय होगा कि गोली चली या नहीं चली। प्रसाद ने पूछा, लेकिन इस धरने का क्या मतलब है? क्या राहुल को नियम-कानून का कोई सम्मान नहीं करना है? जो उनके मन में आएगा, तो वहां धरने पर बैठ जाएंगे और अराजकता फैलाना शुरू कर देंगे? हमारी आशंका और आरोप दोनों हैं कि 'वंदे मातरम' पर कांग्रेस ने जो स्टैंड लिया, उसमें कांग्रेस फंस गई है। देश के सामने यह संदेश चला गया है कि 1937 में मुस्लिमपरस्ती के दबाव में जो कांग्रेस की, वही 2026 में भी है। जब उस समय मुस्लिम लीग के दबाव में कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' के 5 स्टैंजा के बजाय सिर्फ 2 स्टैंजा गाने का निर्णय किया था।

अब तो स्थिति यह हो गई है कि तथ्य सामने आए हैं कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1947 को संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में घोषणा की थी कि 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत होगा, राष्ट्रगान होगा और फिर आपका 'जन गण मन' राष्ट्रगीत होगा। यह सब रिकॉर्ड की बात है। डॉ. प्रसाद जी ने यह नहीं कहा था कि 'वंदे मातरम' को काट-छांटकर गाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राहुल की अगुवाई में अराजकता की पार्टी बन रही है।

देशभक्ति पर उठ रहा सवाल, इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण

राजनाथ का कांग्रेस पर हमला

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस द्वारा वंदे मातरम के सम्मान से औपचारिक रूप से इंकार करने और इसके विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण तथा संवैधानिक दृष्टि से गंभीर विषय बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत का सम्मान करने से इनकार करने पर देशभक्ति पर सवाल उठता है।

राष्ट्रगीत के सम्मान को देशभक्ति से जोड़ा

राजनाथ ने कहा कि यदि कोई राष्ट्रगीत का सम्मान करने से मना करता है तो उसकी देशभक्ति पर भी सवालिया निशान लग जाता है। उन्होंने कांग्रेस के वंदे मातरम को लेकर लिए गए निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई इसे संवैधानिक दृष्टि से गंभीर माना।

कट्टरपंथी तत्वों के आगे समझौता घातक

रक्षा मंत्री ने कहा कि कट्टरपंथी तत्वों के आगे समझौता करना हमेशा देश के लिए घातक साबित हुआ है।

गिरिराज का राहुल पर हमला

राहुल कानून हाथ में लेकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने डीसीपी कार्यालय के बाहर राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल कानून को अपने हाथ में लेकर अराजकता फैलाना चाहते हैं। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट ने उच्चस्तरीय समिति गठित की है और क्राइम ब्रांच भी मामले की जांच कर रही है। राहुल इस प्रदर्शन के जरिए लोगों का ध्यान वंदे मातरम के मुद्दे से भटकाना चाहते हैं।

ईरानी ने कहा

जांच तो पूरी होने देते, वे देश का अपमान कर रहे

भाजपा पदाधिकारी स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन पर कहा कि मैं साफ कर दूं कि पैलेट गन मामले में जांच अभी जारी है, हमें किसी भी तरह के निष्कर्ष पर नहीं निकलना चाहिए। अभी जांच को पारदर्शी तरीके से पूरा होने देना चाहिए। मुझे समझ नहीं आ रहा वर्दी में बैठे अधिकारी पर राहुल को भरोसा क्यों नहीं है वे सिर्फ सेना को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। वे सेना के काम पर शक करते हैं।

गृहमंत्री शाह का ममता पर हमला

सिंडिकेट को बचाने आपराधिक कानूनों को यहां नहीं किया लागू

एजेंसी ▶▶ सिलीगुड़ी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने संसद से पारित नए आपराधिक कानूनों को इसलिए अधिसूचित नहीं किया, क्योंकि वह सिंडिकेट, कट-मनी और वसूली के राज को बचाना चाहती थीं। सिलीगुड़ी के कावाखाली मैदान में शुक्रवार को तीन नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा कि अब सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इन कानूनों को लागू किया है। उन्होंने दावा किया कि इन कानूनों ने राज्य में भय के माहौल को भरोसे में बदलने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया है।' ममता ने नए कानूनों को अधिसूचित नहीं किया'

वसूली के लिए ये खतरा होते

शाह ने कहा कि जब पूरा देश नए आपराधिक कानूनों को लागू करना शुरू कर चुका था, तब ममता ने इन्हें अधिसूचित नहीं किया। उन्हें पता था कि ये कानून उनके सिंडिकेट, कट-मनी और वसूली के राज के लिए मौत की घंटी साबित होंगे। भाजपा सरकार ने राज्य में कानून का शासन स्थापित किया है। नए आपराधिक कानूनों से न्याय देने की प्रक्रिया तेज होगी।

घुसपैठियों को निकालेंगे बाहर

सीमा पार से घुसपैठ के मुद्दे पर शाह ने कहा कि मैं इस राज्य में एक-एक घुसपैठिये का पता लगाने और 'डिटेक्ट-डिलीट-डिपोर्ट' तंत्र के जरिए उन्हें देश से बाहर निकालने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराता हूं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश उर्फ शेखर पुत्र जितेंद्र निवासी म. नं. 191, सन्नोथ, नरेला, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 034558/23, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी, दिनांक 06.11.2023, थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ शेखर** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ शेखर** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 034558/23, अंतर्गत धारा 379/411 आईपीसी, दिनांक 06.11.2023, थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ शेखर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
उत्तर, कमरा नं. 06, भूतल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/11710/ON/2026
(Court Matter)

राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

5 सितंबर को 48 शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने 5 सितंबर को देश के कुल 48 शिक्षकों को महामहिम राष्ट्रपति राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों में राजधानी दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा और मध्य प्रदेश के शिक्षक भी शामिल हैं। इस बाबत विज्ञान भवन में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक शिक्षक के कार्यों को लेकर एक छोटी डॉक्युमेंटरी भी दिखाई जाएगी। जो कि शिक्षा के क्षेत्र में इन शिक्षकों के अनोखे और प्रेरणादायक कार्यों को प्रदर्शित करेगी। मंत्रालय ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए अपने तय किए गए पोर्टल पर 15 जून से लेकर 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मंगवाए थे। जिसमें से तीन स्तरों वाली चयन प्रक्रिया के तहत शिक्षकों का चयन किया गया है। जिनमें 26 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल हैं। इनका चयन 27 राज्यों, 7 केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के 6 संगठनों से किया गया है। दिल्ली से जीएसकेवी पूथकलां से सुमन गोयल सम्मानित की जाएंगी।

भाजपा की नई टीम की पहली बैठक आज

2027 की चुनावी 'रणनीति' पर होगी चर्चा, पकड़ मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम का ऐलान हो चुका है। नई टीम की पहली बैठक शनिवार को दिल्ली में होने जा रही है। 22 अगस्त को नई टीम के साथ नितिन नवीन परिचय बैठक करेंगे। अगले साल 2027 में होने वाले चुनाव को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हो सकती है। बैठक में नए लोगों को बताया जाएगा कि पार्टी कार्यकर्ता और आम लोगों के बीच किस तरह संवाद स्थापित करना है। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं को कैसे घर-घर तक पहुंचाना है और सोशल मीडिया पर किस प्रकार पार्टी की बातों को लोगों तक पहुंचाना है, इसको लेकर भी बैठक में बात हो सकती है। पार्टी महिलाओं और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर, सोशल मीडिया और जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 21 सितम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-14		
002157001777	राजीव	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 18 19, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 14, मार्केट कॉम्प्लेक्स, गुड़गांव, हरियाणा 122001
शाखा का नाम : रोहतक		
016857000112	नवदीप नवदीप	आईसीआईसीआई बैंक लि., अशोका प्लाजा, दिल्ली रोहतक रोड, रोहतक, हरियाणा– 124001
शाखा का नाम : पलवल		
073457000086	सुमित सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., 1750, न्यू कॉलोनी रोड, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा 121102
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-57		
114757000057	अरूण कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. जी 1, बेस्टेक स्क्वायर मॉल, सुशांत लोक 2, सेक्टर 57, गुड़गांव, हरियाणा–122002
114757000070	मालामोनी सरमाह	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – चार्मवुड		
184257000081	हरीश चन्द शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लि., चार्मवुड प्लाजा, सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा – 121009
शाखा का नाम : मण्डी डबवाली		
197862005296	मनप्रीत कौर	आईसीआईसीआई बैंक लि., चौधरी कॉम्प्लेक्स, चौटाला रोड, मंडी डबवाली, सिरसा जिला, हरियाणा 125104
शाखा का नाम : गुड़गांव – पालम विहार		
245257000032	अजय कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., पालम कॉर्पोरेट प्लाजा, अंसल एपीआई, पालम विहार, गुड़गांव, हरियाणा 122017
शाखा का नाम : हेली मण्डी		
282657000038	दिनेश कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., वार्ड नं. 3, पटौदी रोड, हेली मंडी, गुड़गांव 122504
शाखा का नाम : रोहतक – औद्योगिक क्षेत्र		
342257000031	सोनिया सोनिया	आईसीआईसीआई बैंक लि., आशियाना कॉम्प्लेक्स, एलपीएस प्लांट-2 के साथ लगता, औद्योगिक क्षेत्र, हिसार रोड, रोहतक, हरियाणा 124001
शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ फेज-1		
343157000008	रजत भटेजा	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर ए-4 और ए-5, शॉपिंग मॉल, अर्जुन मार्ग, डीएलएफ पीएच-1, गुड़गांव, हरियाणा 122002
शाखा का नाम : बावल		
349857000091	गौरव यादव	आईसीआईसीआई बैंक लि., बनीपुर चौक, बस स्टैंड के पास, आईएमटी बावल, हरियाणा 123501
शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा		
356505002402	संजीव कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., 138/9, चंडीगढ़ रोड, जाखल, जिला फतेहाबाद, हरियाणा – 125133
356562002047	इन्द्रजीत कौर	
शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा		
359562002414	आशीष कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, बराड़ा – 133202
शाखा का नाम : उचाना		
377262001869	मनजीत मनजीत	आईसीआईसीआई बैंक लि., अग्रसेन चौक, अनाज मंडी के पास, उचाना, जिला जींद, हरियाणा 126115
शाखा का नाम : डींग मण्डी		
381062000251	राम सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., बागड़ी कॉम्प्लेक्स, निकट राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, मंडी रोड, डिंग मंडी, जिला-सिरसा हरियाणा-125058
शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट		
383362001696	कंवर पाल	आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 971, खाता नंबर 1111, खसरा नंबर 86/19/2/3, सरस्वती मार्केट, कपाल मोचन रोड, बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा 135102
शाखा का नाम : तोशाम		
419057000044	दयानंद दयानंद	आईसीआईसीआई बैंक लि., फौजी मार्केट, बीएसएनएल एक्सचेंज के पास, सिवानी रोड, तोशाम, जिला-भिवानी, हरियाणा 127040
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-86		
489557000055	आयुष सहाय	आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट नंबर 137,138,139, एसएस ओम्निया, सेक्टर 86, गुड़गांव, हरियाणा 122004
489557000057	आयुष सहाय	
शाखा का नाम : कुण्डली – जी.टी. रोड		
546057000029	राजेश राजेश	आईसीआईसीआई बैंक लि., शोरूम नंबर 1, गांव कुण्डली की राजस्व सम्पदा, सोनीपत, हरियाणा 131028
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-93		
589157000004	मधुमिता चटर्जी	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 75 और 76, जेएमएस क्रॉसवॉक, सेक्टर 93, गुरुग्राम, हरियाणा 122005
शाखा का नाम : अम्बाला– निकल्सन रोड		
635257015041	हरप्रीत सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., सुदर्शन टावर, 5357/8, क्रॉस रोड.1, पंजाबी मोहल्ला, निकोलसन रोड, अंबाला कैंट, 133001
शाखा का नाम : रेवाड़ी – सनसिटी		
733705000590	क्रिश्मा यादव	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-सी1, सी2, सनसिटी प्रोजेक्ट, सेक्टर-6,7, रेवाड़ी, हरियाणा 123401
शाखा का नाम : सिरसा		
073357000469	गंगनदीप गल्होत्रा	आईसीआईसीआई बैंक लि., 16/753, होटल जय विलास के सामने, बीपीसीएल परमेश्वर सर्विस स्टेशन के साथ में, डबवाली रोड, सिरसा 125055
शाखा का नाम : इसराना		
211757000268	तेजवीर तेजवीर	आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 68, अमर अनाज मंडी, गांव और उपतहसील इसराना, जिला: पानीपत, हरियाणा 132107
शाखा का नाम : सफीदों		
282757000214	हरदीप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., शक्ति कॉम्प्लेक्स, रेलवे रोड, सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा 126112
शाखा का नाम : रानियां, हरियाणा		
359757000111	दिनेश कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर-24, अनाज मंडी, रानिया, जिला सिरसा, हरियाणा – 125076
शाखा का नाम : मदीना गिंधरान		
366457000096	सुरेन्द	आईसीआईसीआई बैंक लि., मोखरा मोड़ के पास, हिसार रोड, गांव मदीना, जिला रोहतक, हरियाणा 124111
शाखा का नाम : महम		
382557000263	साहिल	आईसीआईसीआई बैंक लि., अहलावत कॉम्प्लेक्स, क्रॉति चौक, गोहाना मोड़, महम, जिला-रोहतक, हरियाणा 124112
शाखा का नाम : जिरकपुर – धाकोली		
775857000071	मानव सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 45, पंचकुला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पीर मुचल्ला रोड, धाकोली, जीरकपुर 140603, पंजाब

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे – अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 22.08.2026
स्थान : गुरूग्राम, फरीदाबाद, अम्बाला, करनाल, सिरसा, सोनीपत, रेवाड़ी, फतेहाबाद, यमुनानगर, पलवल, रोहतक, जीन्द, भिवानी, पंचकूला

भवदीय, हस्ता/– प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

जेपीएससी परीक्षा विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

परीक्षा रद्द कर दोबारा कराएं, सीबीआई जांच भी कराएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ रांची

जनहित याचिका पर 24 अगस्त को होगी सुनवाई

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या स्वतंत्र जांच का मामला अब देश की सर्वोच्च अदालत में पहुंच गया है। इससे जुड़ी जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुप्रीम कोर्ट 24 अगस्त, सोमवार को सुनवाई करेगा। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरन देवगन द्वारा अधिवक्ता सत्यम सिंह राजपूत के माध्यम से दायर याचिका में परीक्षा रद्द करने और नई परीक्षा के आयोजन की मांग की गई है।

ओएमआर उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल

एक सफल उम्मीदवार की ओएमआर उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल हो गई, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर आरोप लगे। इन अनियमितताओं के कारण रांची में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति करे जांच

याचिका में झारखंड के बाहर के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश/न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र समिति के गठन की मांग है। प्रस्तावित समिति में फोरेंसिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, परीक्षा सुरक्षा, ओएमआर मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा और लोक प्रशासन के विशेषज्ञ शामिल हों। सभी बातें सुरक्षित रखें जाएं।

भौतिक व इलेक्ट्रॉनिक परीक्षा दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएं

याचिका में जेपीएससी, सरकारी अधिकारियों औरप्रक्रिया में शामिल सभी एजेंसियों, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं और परीक्षा केंद्र कर्मियों को सभी परीक्षा दस्तावेज सुरक्षित रखे जाने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।

1,932 अभ्यर्थियों की नौकरी पर छाया संकट टला

झारखंड में परीक्षा से जुड़े विवाद के बीच हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी है। इससे 1932 लोगों का संकट टला है।

समापन नीलामी सत्र चंद दिनों में हेराफेरी का शिकार बना

सूचकांक के बंद भाव को प्रभावित करने की कोशिश पर सेबी की पहली कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सेबी बाजार के बंद भाव को अधिक पारदर्शी बनाना चाह रही
- सेबी ने शेयरों में आक्रामक खरीद-बिक्री सौदों के लगाए आरोप
- जेपी मॉर्गन की कॉप्थॉल और मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग पर कार्रवाई

शेयर बाजार का बंद भाव तय करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए शुरू किया गया 'समापन नीलामी सत्र' (सीएएस) चंद दिनों में ही हेराफेरी का शिकार बन गया है। बाजार नियामक सेबी ने सेंसेक्स के शेयरों में आक्रामक खरीद-बिक्री सौदों के आरोप लगाकर कार्रवाई की है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचकांक के अंतिम स्तर को प्रभावित कर डेरिवेटिव सौदों में लाभ कमाने के आरोप में जेपी मॉर्गन चेज से संबद्ध कॉप्थॉल मॉरीशस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड और मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किया है।

दोनों से 3.68 करोड़ रुपये जब्त करने का निर्देश

सेबी ने दोनों इकाइयों से कथित तौर पर गलत तरीके से अर्जित कुल 3.68 करोड़ रुपये की राशि जब्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही, अगले आदेश तक दोनों को इक्विटी खंड के सीएएस में सीधे या परोक्ष रूप से भाग लेने और प्रतिभूति बाजार में पहुंच से रोक दिया गया है। सीएएस को भारतीय शेयर बाजारों में तीन अगस्त से चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया है।

निवेशक इसका इस्तेमाल नुकसान से बचाव के लिए करते हैं

आमतौर पर निवेशक इसका इस्तेमाल बाजार में गिरावट से लाभ कमाने या नुकसान से बचाव के लिए करते हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, इन ऑर्डर के आकार, समय, सेंसेक्स के विभिन्न शेयरों में उनकी एकाग्रता, आईईपी पर उनके प्रभाव, बाद में ऑर्डर को रद्द किए जाने और संबंधित इकाइयों की वायदा एवं विकल्प स्थिति को ध्यान में रखा गया।

तीनों उछाल में कॉप्थॉल प्रमुख खरीदार रहा

तीनों उछाल में कॉप्थॉल प्रमुख खरीदार रहा और उसने सेंसेक्स में शामिल शेयरों में संदर्भ मूल्य से तीन प्रतिशत ऊपर खरीद ऑर्डर रखे। पहले उछाल के दौरान दो सेकंड में रखे गए 88 खरीद ऑर्डर में कॉप्थॉल के आदेशों का मूल्य 66.58 करोड़ रुपये, यानी कुल का 99.91 प्रतिशत था। दूसरे और तीसरे उछाल में भी उसके आदेशों की हिस्सेदारी 96.09 और 85.21 प्रतिशत रही।

13 अगस्त को तीन तेज उछाल आए थे

सेंसेक्स का बंद स्तर उसमें शामिल शेयरों के बंद भाव पर आधारित होता है और यह सूचकांक डेरिवेटिव के निपटान के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार में 13 अगस्त को सेंसेक्स डेरिवेटिव के साप्ताहिक निपटान दिवस पर सीएएस के दौरान सूचकांक में तीन तेज उछाल आए। संदर्भ मूल्य 77,829.60 के मुकाबले सेंसेक्स अंत में 78,080 पर बंद हुआ।

दोनों ने मिलकर गलत गतिविधि को दिया अंजाम

नियामक ने प्रथमदृष्टया माना कि कॉप्थॉल के आक्रामक खरीद ऑर्डर से सेंसेक्स को ऊपर ले जाने और मानसी के बिक्री ऑर्डर से आईईपी को नीचे रखने का उद्देश्य संबंधित विकल्प सौदों से लाभ उठाना था। सेबी ने हालांकि कहा कि उपलब्ध साक्ष्य से प्रथमदृष्टया यह संकेत नहीं मिलता कि दोनों इकाइयों ने आपस में मिलकर यह गतिविधि की थी।

दोनों को राशि सावधि जमा रखने का निर्देश

सेबी ने कॉप्थॉल के लिए 2.96 करोड़ रुपये और मानसी के लिए 71.65 लाख रुपये के प्रथम दृष्टि में गलत लाभ का आकलन किया है। दोनों को यह राशि ऐसी सावधि जमा में रखने का निर्देश दिया गया है जिस पर सेबी के पक्ष में ग्रहणाधिकार होगा। नियामक ने कहा कि तत्काल कार्रवाई इसलिए जरूरी थी क्योंकि दोनों इकाइयों ने 20 अगस्त को समाप्त होने वाले अगले साप्ताहिक सेंसेक्स विकल्प अनुबंध में भी खुली स्थिति बना रखी थी।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 716.9 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 9.90 अरब डॉलर बढ़कर 716.91 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह, सात अगस्त को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707.002 अरब डॉलर रहा था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट आई थी। रुपये पर दबाव बढ़ने के बीच आरबीआई को डॉलर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा था।

मार्केट न्यूज

युवा निवेशक दिवम जुनेजा ने 148 करोड़ के सीरीज़ ए राउंड में supply पर लगाया दाव

दिवम जुनेजा, फाउंडर, जुनेजा वेंचर्स एलएलपी

चंडीगढ़। युवा निवेशक दिवम जुनेजा, जुनेजा वेंचर्स एलएलपी के फाउंडर, ने बेंगलुरु स्थित न्यूट्रिशन ब्रांड सप्लाई6 में रणनीतिक निवेश किया है। यह निवेश भारत की तेजी से बढ़ती कंज्यूमर इकोनॉमी में इनोवेशन आधारित और हाई-ग्रोथ बिजनेस को समर्थन देने की उनकी लान्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी को मजबूत करता है।

दिवम जुनेजा भारत की नई पीढ़ी के अनुशासित वेल्थ क्रिएटर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के टॉप 100 सबसे बड़े फैमिली ऑफिस में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं। वह प्रसिद्ध उद्योगपति डा. संजीव जुनेजा के पुत्र हैं, जिन्होंने केश किंग, डस. ऑर्थो, रूप मंत्रा और पेट सफा जैसे सफल ब्रांड स्थापित किए हैं। जुनेजा वेंचर्स एलएलपी के माध्यम से दिवम ऐसे बिजनेस की पहचान पर फोकस करते हैं, जिनके फाउंडर्स दूरदर्शी हों, बिजनेस माडल स्केलेबल हो और जिनमें लान्ग टर्म ग्रोथ की मजबूत संभावनाएं हों। उनकी इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी प्राइवेट इक्विटी, प्री-आईपीओ और पब्लिक मार्केट्स तक फैली हुई है। यह निवेश ऐसे समय में हुआ है जब बेंगलुरु स्थित हेल्थ और न्यूट्रिशन कंपनी सप्लाई 6 ने 48 करोड़ रुपए का सीरीज-ए फंडिंग राउंड सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस राउंड का नेतृत्व यूनिलीवर वेंचर्स ने किया, जबकि जीरोपर्ल वीसी, अभिनेत्री एवं निवेशक ति सेनन और अन्य प्रमुख निवेशकों ने भी इसमें भाग लिया। दिवम जुनेजा ने इस फंडिंग राउंड में 1 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वैभव भंडारी और राहुल जैकब द्वारा स्थापित सप्लाई 6 रोजमर्रा की न्यूट्रिशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए साइंस-बेस्ड न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स विकसित करती है। कंपनी इस नई फंडिंग का उपयोग प्रोडक्ट इनोवेशन, क्लीनिकल रिसर्च, सप्लाई चेन को मजबूत करने व डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर, मार्केटप्लेस, क्विक-कामर्स तथा आफलाइन रिटेल नेटवर्क के विस्तार में करेगी। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक 700 करोड़ रुपए का वार्षिक रेवेन्यू हासिल करना है। इस निवेश पर दिवम जुनेजा ने कहा, हम ऐसे बिजनेस में निवेश करते हैं जिनके फाउंडर्स मजबूत हों, बिजनेस माडल स्केलेबल हो और जो लान्ग-टर्म वैल्यू क्रिएट करने की क्षमता रखते हों। सप्लाई 6 हमारी इन्वेस्टमेंट फिलॉसफी के अनुरूप है और ऐसे इनोवेशन-ड्रिवन बिजनेस का उदाहरण है, जिसे समर्थन देने पर हमें गर्व है।

विदेश व्यापार नीति में बदलाव से रुपये का इस्तेमाल बढ़ेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश व्यापार नीति के कुछ प्रावधानों में संशोधन से निर्यातकों के लिए विदेशों में की गई बिक्री का बिल भारतीय रुपये में बनाना और भुगतान प्राप्त करना आसान होने से व्यापार निपटान में रुपये के अंतरराष्ट्रीय इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने शुक्रवार को यह कहा। सीआईआई की निर्यात-आयात संबंधी राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन और पैटन इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि भारतीय उद्योग इस दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने और इस गति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे वैश्विक व्यापार में भारत की प्रतिस्पर्धी क्षमता और मजबूत होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना से निर्यातकों के लिए विदेशों में किए जाने वाले लेनदेन का बिल भारतीय रुपये में बनाना और भुगतान प्राप्त करना आसान हो गया है।

रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.71 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख के कारण रुपया शुरुआती कारोबार में बढ़त में रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.69 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.65 प्रति डॉलर के उच्चतम और 95.75 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया। अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कच्चे तेल के दबाव में शेयर बाजार स्थिर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगभग स्थिर बंद हुए। अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल के दोबारा बढ़ने और कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतों ने निवेशकों को बाजार में आक्रामक रुख अपनाने से रोकने का काम किया। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 3.11 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,540.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 77,725.67 के उच्च और 77,445.86 के निचले स्तर तक गया। इस दौरान इसमें 279.81 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। निफ्टी भी 20.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,252 अंक पर बंद हुआ।

कार्ज़बाज़ार ने गुरुग्राम कार्यालय के साथ दिल्ली-एनसीआर में किया विस्तार

नई दिल्ली। भारत के तेजी से बढ़ते यूज़्ड-कार प्लेटफार्मों में से एक, कार्ज़बाज़ार ने गुरुग्राम में एक नए ऑफ़िस के साथ आधिकारिक तौर पर दिल्ली-एनसीआर के बाजार में अपना कामकाज शुरू कर दिया है। यह कंपनी के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के सफ़र में एक और अहम पड़ाव है। कार्ज़बाज़ार ने कामकाज शुरू होने के सिर्फ़ छह महीनों के अंदर अपनी पहली 1,000 कारें बेचकर ज़बरदस्त ग्रोथ हासिल की है। इस शानदार परफ़ॉर्मेंस की वजह से कंपनी का वैल्यूएशन 100 करोड़ के पार पहुँच गया है, जो इसके बिज़नेस मॉडल पर निवेशकों और मार्केट के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। कार्ज़बाज़ार के मैनेजिंग डायरेक्टर भावेश उपाध्याय ने कहा सिर्फ़ छह महीनों में अपनी पहली 1,000 कारें बेचने के बाद 100 करोड़ की वैल्यूएशन तक पहुँचना कार्ज़बाज़ार के लिए एक अहम पड़ाव है। दिल्ली-एनसीआर में हमारी एंट्री हमारी ग्रोथ के अगले चरण की शुरुआत है। हम एक ऐसा स्केलेबल बिज़नेस बना रहे हैं जिसमें टेक्नोलॉजी, डीलरों के साथ मज़बूत रिश्ते और गाड़ियों की कुशल सोर्सिंग का तालमेल है।

तीन भारतीय किशोरों ने जीता इंटरनेशनल यंग इको-हीरो अवार्ड

नई दिल्ली। लुधियाना और नई दिल्ली के छात्रों को हीट वेव, पॉलिनेटर्स के घटते आवास और वायु प्रदूषण से निपटने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए किया जाएगा सम्मानित। सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया आज, भारत के तीन किशोरों को 2026 इंटरनेशनल यंग इको-हीरो अवार्ड का विजेता घोषित किया गया है। पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के ठोस समाधान के लिए युवाओं को सम्मानित करने वाले अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन एक्शन फॉर नेचर, जो पिछले बीस वर्षों से काम कर रहा है, द्वारा 15-16 आयु वर्ग के तहत हरियाणा के गुरुग्राम की अमायरा कपूर ने पहला स्थान, पंजाब के लुधियाना की गुनीशा कौर ने तीसरा स्थान और नई दिल्ली के अभीवीर गुलाटी ने सम्मानजनक उल्लेख प्राप्त किया है। यह अवार्ड 8 से 16 वर्ष की आयु के पर्यावरण के प्रति जागरूक युवाओं को सार्थक पर्यावरणीय कार्यों के लिए मान्यता देता है, जिसमें पुर्तगाल के तट पर ऑक्टोपस की रक्षा करने से लेकर दिल्ली में झुग्गीवासियों के लिए स्वच्छ वायु अभियान का नेतृत्व करना शामिल है।

दिल्ली क्षेत्र के लिए मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी चलाई

नई दिल्ली। दिल्ली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए रेलवे ने आज नई दिल्ली से एक विशेष ट्रेन मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स शुरू की। श्री प्रवेश वाही, महापौर, दिल्ली ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल एवं दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह मॉस्किटो टर्मिनेटर ऑन व्हील्स ट्रेन प्रत्येक फेरे में लगभग 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रेल पटरियों के किनारे गड्ढों एवं एकत्रित पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने और उन्हें नियंत्रित करने तथा लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मच्छर मार विशेष रेलगाड़ी चलाई गई है। आज, नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए एक ट्रक माउंटेड पावर स्प्रेयर को रेलगाड़ी के खुले डिब्बे (एफ.एम.पी.) नामक एक विशेष प्रकार के वैगन पर लोड किया गया, जिसने ट्रेन की आवाजाही के दौरान 50-60 मीटर की दूरी तक के क्षेत्रों में मच्छरों को मारने के लिए एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव किया। यह रेलगाड़ी आज आदर्श नगर और बादली के रास्ते राठधना से गुजरते हुए नई दिल्ली लौटी और संलग्न कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में 26.09.2026 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों को कवर करेगी। मच्छरों के प्रजनन के चरम मौसम को कवर करने के लिए प्रत्येक सप्ताह 6 सप्ताह में कुल 12 राउंड छिड़काव (प्रत्येक मार्ग पर दो राउंड) किया जाएगा। इससे मच्छरों के लार्वा के प्रजनन और मच्छरों के खतरे के प्रसार में कमी आएगी।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के 9वें संस्करण का शुभारंभ

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ (एमआईसी) ने ऑनलाइन माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2026 के 9वें संस्करण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. योगेश सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की उपसचिव डॉ. तपस्या राघव, विभिन्न संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि, संकाय सदस्य, विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योगों के एकल संपर्क अधिकारी (एसपीओसी) तथा देशभर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। शुभारंभ के साथ ही एसआईएच 2026 के लिए टीम नामांकन और आइडिया प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एसआईएच विद्यार्थियों की रचनात्मकता को समाज, सरकार और उद्योग की वास्तविक चुनौतियों से जोड़ने वाला एक सशक्त राष्ट्रीय अभियान है। एसआईएच की सबसे बड़ी विशेषता इसमें विभिन्न पक्षों की सामूहिक भागीदारी है। इस वर्ष एआई, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 6जी, कृषि, साइबर सुरक्षा, स्वच्छ एवं हरित प्रौद्योगिकी और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 226 समस्या विवरण (प्रॉब्लम स्टेटमेंट) प्राप्त हुए हैं। इनमें 27 से अधिक मंत्रालयों, 12 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं उद्योगों तथा दो राज्य सरकारों का योगदान है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	08265100A	मैटेरियल्स ऑफ़ स्लाइडिंग बूम	271 सेट	17.09.2026
02	19262604	1-1/4 इंच कट ऑफ एंगल कॉक	3126 नग	21.09.2026

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 37/2026-2027 दिनांक 21.08.2026 2917/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेम, पुत्रः छबी लाल, पताः 459-460, दूसरी मंजिल, एफ-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 258/2024, U/s 188 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रेम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रेम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/2024, U/s 188 IPC, पुलिस थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रेम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार - सुश्री उपासना सतीजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11757/NW/2026

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका रादौर	नगर पालिका रादौर में एस.के. रोड पर पुराना बस स्टैंड के निकट भगवान परशुराम चौक का पुनरोद्धार + 3 कार्य।	20.08.2026 27.08.2026	1,31,48,945/-	https://etenders.hry.nic.in	8950032833 secymcradaur@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/48492/I/88/7 दि. 21.08.26

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद गोहाना	द्वारका कॉलोनी, वार्ड नं. 15, एम.सी. गोहाना में नशीर के मकान से जय कुमार शर्मा के मकान तक पीवीसी पाइप्स का पी/एल और आईपीबी गली का निर्माण + 7 कार्य।	19.08.2026 26.08.2026	42,50,272/-	https://etenders.hry.nic.in	1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in
2	नगर परिषद गोहाना	एम.सी. गोहाना में रोहतक रोड पर (अम्बेडकर चौक से ड्रेन नं. 8 कल्वर्ट तक) स्टॉर्म सीवर नेटवर्क के अपग्रेडेशन सहित साइकल ट्रैक और फुटपाथ समेत रो ट्रिटमेंट सहित सड़कों को चौड़ा करना और सौन्दर्यीकरण।	19.08.2026 31.08.2026	3,67,82,193/-	https://etenders.hry.nic.in	1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/48463/I/88/7 दि. 21.08.26

राशिफल

मेष — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सोना 1200 रुपये और चांदी 5000 रुपये उछली

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और दोनों धातुओं के भाव तीन महीने से अधिक के उच्च स्तर पर पहुंच गए। स्थानीय सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,200 रुपये बढ़कर 1,63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,62,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी तेजी का रुख दिखा और इसकी कीमत 5,000 रुपये बढ़कर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गई। यह चांदी का 15 हफ्तों का उच्चतम स्तर है। बृहस्पतिवार को चांदी 10,000 रुपये के उछाल के साथ 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस तरह दो सत्र में ही चांदी के भाव में 15,000 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। चांदी पिछली बार चार मई को इन स्तरों के आसपास देखी गई थी, जब इसकी कीमत 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

इमर्जिंग भारत, विकसित भारत की थीम पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजित

नई दिल्ली। इमर्जिंग भारत, विकसित भारत की थीम पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन 'हॉलीडे इन होटल' में आयोजित किया गया। थीम बिजनेस टॉक शो रहा बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली के मेयर प्रवेश वाही, एसपी जोन की चेयरपर्सन ऊषा शर्मा, हिंदूराव हॉस्पिटल एमएस प्रो. डॉ. सुमन मेंहदीरत्ता, इंस्पेक्टर संजय गड़े, संजय शर्मा, भारत भूषण पद्मश्री अवॉर्डी लोग शामिल हुए। अतुल जैन, ईशा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम मे यूथ इंडियाज भी लोगो ने शेयर किया। मुख्य रूप से जिन्होने ने अपनी बात रखी उनमें से प्रमुख लोग है डॉ. दिलीप कुमार (स्पर्मोटाइलद्ध प्रतिभा बादुरकर (द बूट्स एंड रेडियेंस) प्रशांत खानखोजे (एटूजेड एडकॉन एलएलपी) डॉ. मनु सिंह (सर्व धर्म संवाद) पिजुस रंजय घोष (एआई चैम्प एंड माइंडस्ट्रोलॉजी) सागर अमलानी (द प्रोडॅक्टिव माइंडसेट) सौरव महाजन (द सौरव महाजन शॉ) यूसुफ पुनावाला (लक्स यंगेस) नइरजारा औरा (ओरालाइट) सोमांशु गौर (वाइस मांक) कैप्टन देवल सोनी (गोल्डन एपॉलएटेस एविएशन) पंकज चंडक (ग्रोप्योर ऑरगेनिक) डॉ. अंशुल गुप्ता (द कॉर्पोरेड स्पारिटूएलिटी) भूपेन्द्र कुमार (वेल वीथ इंडिया प्रा. लि.) अनिमेश खण्डेलवाल (सेनाटॅस लीगल) इस कार्यक्रम का मंच संचालन अनुकृति शर्मा, खुशी मुद्गल, एवं वेरोनिका चौधरी ने की हमारी बात आयोजकों से हुई।

शब्द पहेली - 6324



बाएँ से दाए-

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6323 का हल



15 साल का सूखा खत्म कर त्रीसा-गायत्री ने किया मेडल पक्का

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप : 69 मिनट में चीनी जोड़ी को पछाड़ सेमीफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए महिला युगल क्वार्टर फाइनल में चीन की जिया यी फैन और झांग शू जियान को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक पक्का किया। भारत की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 1 घंटे 9 मिनट तक चले मैच में 16-21 21-15 21-13 से जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम चार में पहुंचकर अपने लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। भारत ने पिछली बार 2011 में महिला युगल में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता था। तब ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने लंदन में कांस्य पदक हासिल किया था।

पहले गेम के बाद बदली रणनीति

गायत्री ने कहा, 'हम अपनी पूरी कोशिश कर रहे थे। लेकिन पहले गेम के बाद हमने अपनी रणनीति बदल दी। शुरुआत में यह थोड़ा मुश्किल था। लेकिन हम संयमित रहे और जीत हासिल करने में कामयाब रहे।' त्रीसा ने दबाव वाली स्थितियों से निपटने में मदद के लिए मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद की शांत बने रहने की सलाह को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा कहते हैं कि बस शांत रहो और वर्तमान पल में रहो। मुझे लगता है कि आज इसने सही में काम किया। मुझे लगता है कि हमें इसी तरह की सलाह मिली थी।

लगातार छह अंक हासिल

त्रीसा और गायत्री शुरुआत में 1-6 से पिछड़ गईं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल करके स्कोर 8-9 कर दिया। चीन की टीम ने हालांकि इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त बना ली थी। भारतीय जोड़ी ने अपना संघर्ष जारी रखा और कुछ बेहतरीन रैलियों के बाद 13-15 के स्कोर पर चीनी खिलाड़ियों के करीब पहुंच गई। हालांकि झांग और जिया ने 17-14 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम जीत लिया। झांग और जिया ने दूसरे गेम में भी अपनी लय बरकरार रखी और पहले 5-1 और फिर 10-7 से बढ़त ले ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 13-10 कर दिया। मुकाबला काफी कड़ा रहा और एक समय स्कोर 15-14 तक पहुंच गया लेकिन भारतीय जोड़ी ने जल्द ही 19-14 की बढ़त बना ली और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

सिनसिनाटी ओपन

सेमीफाइनल में स्वियातेक चोटिल रायबाकिना बाहर

एजेंसी ▶▶ मेसन

एलेना रायबाकिना के टखने की चोट के कारण पहले सेट से हट जाने से इगा स्वियातेक ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जब दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना 1-4, 40-40 के स्कोर पर सर्व कर रही थीं, तब उन्होंने अपने बाएं टखने का इलाज कराने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया और कुछ ही क्षण बाद मैच से हट गई। मौजूदा चैंपियन स्वियातेक ने सिनसिनाटी में अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में कम से कम सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा।

सेमीफाइनल में पहुंचे आर्थर फिल्स

आर्थर फिल्स ने सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फिल्स ने 64 मिनट तक चले मुकाबले में थियागो अगस्टिन टिरेंटे को 6-3, 6-2 से हराया। फिल्स ने इस सीजन के तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई है। 22 साल के फिल्स एक सीजन में तीन मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले फ्रांसीसी बन गए। उनसे पहले गाइ फॉरगेट ने 1991 में यह उपलब्धि हासिल की थी। फरवरी में आठ महीने की चोट के बाद वापसी करते हुए फिल्स का शानदार सीजन रहा है। पहले सेट में 4-3 पर एक अहम ब्रेक हासिल करने के बाद, फिल्स ने लगातार जबरदस्त फोरहैंड लगाए, जिससे टिरांटे लगातार बैकफुट पर रहे। 22 साल के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अर्जेंटीना के खिलाड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी और पूरे मैच के दौरान उन्हें कभी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

टेस्ट क्रिकेट में 42 मैचों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनरों ने किया 11 बार आउट

दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से कोलंबो में

जयसूर्या के 'स्पिन जाल' को तोड़ने की तैयारी, गिल ने नेट्स पर बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने अपने निराशाजनक प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए इस तरह के गेंदबाजों के सामने कड़ा अभ्यास किया।

गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में गिल बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या के हाथों दो बार आउट हुए। इस मैच में उन्होंने 16 और 8 रन बनाए। भारत ने यह मैच 165 रन से जीता। दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से शुरू होगा।

गिल सही लाइन का अनुमान नहीं लगा पाने के कारण बाएं हाथ के परंपरागत गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। पहले टेस्ट मैच में भी जयसूर्या को खेलने में उन्हें परेशानी हो रही थी। टेस्ट क्रिकेट में 42 मैचों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनरों ने 11 बार आउट किया है।

गिल ने किया सुथार जडेजा का सामना

गिल ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की नेट पर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। उन्होंने काफी समय तक मानव सुथार, रविंद्र जडेजा और कुछ स्थानीय गेंदबाजों का सामना किया। भारत के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने गिल के नेट सत्र के बारे में जानकारी दी और कहा कि वह कोलंबो की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश कर रहे थे।

कुलदीप यादव ने नहीं किया अभ्यास

पहले टेस्ट मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे थे लेकिन उन्होंने न तो गेंदबाजी की और न ही बल्लेबाजी। दूसरी तरफ ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने ऋषभ पंत और शुभमन गिल को कुछ ओवर फेंके। उन्होंने पंत को दो मौकों पर मुश्किल में भी डाला। लेकिन अभी यह कहना मुश्किल है कि दूसरे टेस्ट मैच में कुलदीप की जगह जैन को मिलेगी।

नेट प्रैक्टिस में अनुपस्थित रहे राहुल

बहुतुले ने कहा, 'केएल और कुलदीप दोनों आराम कर रहे हैं। हमने पांच दिन का मैच खेला है। हम गॉल की यात्रा करके यहां पहुंचे हैं। इसलिए ऐसा किया गया।' पहले टेस्ट मैच में कुलदीप संघर्ष करते हुए नजर आए। उन्होंने 25 ओवर में 103 रन लुटाए और केवल एक विकेट लिया। यह विकेट भी उन्हें गिल के शानदार कैच के कारण मिला। केएल राहुल नेट प्रैक्टिस से अनुपस्थित थे, जबकि मध्य क्रम के बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने थोड़ी देर के लिए बल्लेबाजी की।

श्रीलंका टीम में शामिल हुए अरच्चिगे और मिशारा

कोलंबो। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर साहन अरच्चिगे और बल्लेबाज कामिल मिशारा को टीम में शामिल किया है। अरच्चिगे को रमेश मेंडिस की जगह टीम में लिया गया है। उन्होंने अब तक पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। अरच्चिगे ने पिछले महीने श्रीलंका ए की कप्तानी करते हुए भारत ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कुल 209 रन बनाए थे और वह साई सुदर्शन (332 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मिशारा ने टीम में निशान फर्नांडो की जगह ली, जिनका पहले टेस्ट मैच में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। पासिंदु सूरियाबंदारा चोटिल दिनेश चांदीमल की जगह टीम में बने रहेंगे।

खबर संक्षेप

हैदराबाद में होगी टेनिस प्रीमियर लीग

हैदराबाद। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का आठवां सत्र 8 से 13 दिसंबर तक हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। 8 टीमों का यह टूर्नामेंट तेलंगाना सरकार के सहयोग से एलबी टेनिस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 25 अंक के विशिष्ट प्रारुप में खेला जाएगा। इस लीग में जीएस दिल्ली एसेस, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, लखनऊ ब्लेज़र्स, गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स, गुजरात पैंथर्स, राजस्थान रेंजर्स, कोलकाता थंडर ब्लेड्स और मुंबई रॉयल्स की टीम प्रतिस्पर्धा करती हैं। पिछली बार यह टूर्नामेंट अहमदाबाद में खेला गया था।

डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में जीता गोल्ड, विश्व रिकॉर्ड से चूके

लुसाने। मोंडो डुप्लांटिस ने डायमंड लीग प्रतियोगिता में पोल वॉल्ट में स्वर्ण पदक जीता लेकिन वह विश्व रिकार्ड बनाने से चूक गए। ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 6.32 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए दो प्रयास किए, लेकिन इसमें नाकाम रहे। डुप्लांटिस ने 6.21 मीटर की ऊंचाई को पहली बार में ही पार कर लिया, जो उनका मार्च के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में 6.25 मीटर की ऊंचाई पार करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था और स्वर्ण पदक जीता था। डुप्लांटिस के घनिष्ठ मित्र और प्रतिद्वंद्वी एम्मानौइल करालिस ने 6.16 की ऊंचाई पार की और उन्होंने रजत पदक जीता।

डच चुनौती के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला आज

हॉकी विश्व कप : हरमनप्रीत की ललकार- पूरे 60 मिनट सिर्फ अटैक!

एजेंसी ▶▶ एम्सटेलवीन

पेरिस ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ शनिवार को विश्व कप के दूसरे दौर के मुकाबले को 'करो या मरो' का बताते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्होंने टीम से इतना ही कहा है कि पूरे 60 मिनट अच्छी हॉकी खेलनी पड़ेगी। पूल डी में पहले दौर में वेल्स और पाकिस्तान को हराने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गई थी, जिससे दूसरे दौर में उसके पास एक भी अंक नहीं होगा। इंग्लैंड पूल डी में भारत पर मिली जीत के तीन अंक लेकर दूसरे दौर में उतरेगा जबकि पूल ए से नीदरलैंड के पास भी तीन अंक है लिहाजा भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखने के लिए नीदरलैंड और अर्जेंटीना को हराना होगा।

तालमेल पर करेंगे फोकस

एक टीम के तौर पर हम रोटेशन, रफ्तार और तालमेल पर फोकस करेंगे। राजिंदर, जुगराज, दिलप्रीत जैसे युवा खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं और हर लाइन में हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी है और यह हम सभी पर हैं कि जिम्मेदारी से खेलकर उनका मार्गदर्शन करें।' टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक पांच गोल कर चुके हरमनप्रीत डच टीम के निशाने पर होंगे लेकिन उन्होंने कहा कि टीम पर या उन पर कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, 'कोई दबाव नहीं है, स्पष्टता है कि मैच जीतना ही है। जब आपके पास विकल्प नहीं होते तो करो या मरो के मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना ही होता है।

शैली और तेवर में बदलाव नहीं

हरमनप्रीत ने कहा, ' एक क्वार्टर में अच्छा खेलने से नहीं चलेगा, 60 मिनट अहम हैं और पूरे मैच में अच्छा खेलना है। बढ़त बनाने के बाद भी शैली और तेवर में बदलाव नहीं होना चाहिए। जब तक आखिरी सीटी नहीं बजती है हमारी बॉडी लैंग्वेज और जज्बा समान रहे।' उन्होंने कहा, 'हमने पिछले तीन मैचों में अपनी गलतियों का वीडियो विश्लेषण किया है और फोकस यही रहेगा कि उन्हें दोहराया नहीं जाए। डिफेंस मजबूत रहेगा तो हमें पता है कि हम विरोधी सर्कल में जाकर मौके बना सकते हैं और पीसी हासिल कर सकते हैं। अपनी गलती से गोल नहीं गंवाने हैं।'

लीड्स टेस्ट : तेंदुलकर की बराबरी पर पहुंचे रूट, पाकिस्तान के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ लीड्स

पहली पारी में इंग्लैंड की टीम 409 रन बनाकर ऑलआउट

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हेडिंग्ले में जारी है। इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने 112 गेंद में 66 रन की पारी खेली, जिसके चलते रूट ने टेस्ट क्रिकेट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक बड़े मुकाम पर कदम रख दिया है। रूट अब टेस्ट क्रिकेट में एक और फिफ्टी प्लस स्कोर की पारी खेलते हैं तो वह सचिन तेंदुलकर से आगे भी निकल जाएंगे। क्योंकि रूट और सचिन अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक फिफ्टी जड़ने के मामले में बराबरी पर हैं। वहीं पहली पारी में इंग्लैंड की पूरी टीम 409 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट क्रिकेट में 14,180 रन बना चुके रूट

वहीं, जो रूट की बात करें तो टेस्ट क्रिकेट में वो अभी तक 14,180 रन बना चुके हैं। उनकी निगाहें टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के बड़े रिकॉर्ड पर टिकी हुई हैं। सचिन तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट मैचों में कुल 15,921 रन दर्ज हैं और वह तेंदुलकर से अभी 1,741 रन पीछे हैं। 35 साल के रूट अभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और आने वाले सालों में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड को अपने नाम करना चाहेंगे।

रूट ने जड़ी 68वीं फिफ्टी

रूट ने जैसे ही इंग्लैंड के लिए पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी जड़ी, वो सचिन तेंदुलकर के मुकाम पर आ गए। रूट की टेस्ट क्रिकेट में ये 68वीं फिफ्टी थी और इतनी ही फिफ्टी टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर लगा चुके हैं। सचिन ने लेकिन 68 टेस्ट फिफ्टी के लिए 200 टेस्ट मैच खेले। वहीं, रूट ने 167वें टेस्ट मैच में इस कारनामे को अपने नाम कर लिया है। रूट और सचिन अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक फिफ्टी जड़ने वाले बैटर हैं, तो रूट के पास सचिन से आगे निकलने का मौका भी है। इन दोनों के बाद 66 टेस्ट फिफ्टी वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपाल के नाम दर्ज हैं।

भारतीय महिला पहलवानों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए देश का मान बढ़ाया

अंडर-20 विश्व कुश्ती : रोहतक की सविता ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्लोवाकिया के ब्रातिस्लावा में आयोजित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला पहलवानों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए देश का मान बढ़ाया है। सविता ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। दूसरी ओर, 62 किलोग्राम भार वर्ग में उतरीं रोहतक की पहलवान सविता ने भी पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन दांव-पेच दिखाते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया। खिताबी मुकाबले में सविता का मुकाबला जापान की दिग्गज पहलवान सकुरा ओनिशी से हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सविता रोहतक में छोटू राम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर व कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

सविता की उपलब्धियां

2018 में अंडर-14 स्कूली नेशनल में 44 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण जीता। 2019 में स्कूली नेशनल 50 किग्रा में स्वर्ण जीता। 2020 में स्कूली नेशनल में 54 किग्रा में स्वर्ण जीता। 2022 में अंडर-17 एशियन व वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता। 2023 में वर्ल्ड व एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। 2023 में अंडर-20 में वर्ल्ड व एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता।

पिलाना की रहने वाली हैं सविता

गांव पिलाना की बेटी सविता की कहानी है मिट्टी से उठे एक सपने की, जो न केवल उसके अपने लिए बल्कि पूरे गांव और जिले के मान-सम्मान के लिए था। जब भी कोई गांव का बच्चा बड़ा सपना देखता है तो उसकी नजर अपने बड़ों पर जाती है। सविता की नजर भी अपने दादा मुक्तार सिंह दलाल और पिता सुनील पर गई जो खुद कभी अखाड़े के चैंपियन हुआ करते थे। 2017 में जब सविता ने पहलवानी शुरू की तो यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक विरासत को आगे बढ़ाने का फैसला था। सविता ने बताया कि दादा और पिता का सपना है कि वह ओलंपिक में पदक जीतकर लाए। यह सपना सिर्फ उनका नहीं था बल्कि सविता की आंखों में भी पलने लगा था। सविता जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है।

सोनीपत की काजल ने जीता सोना

स्वर्ण पदक विजेता काजल ढोचक ने खिताबी मुकाबले में चीन की मजबूत पहलवान जिंगरू सन को एकतरफा अंदाज में 7-0 से शिकस्त दी। काजल ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी बेहतरीन डिफेंस और आक्रामक रणनीति का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक के सफर में अपने विरोधियों को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की पाइपर फाउलर को 6-0 से हराया था, जबकि शुरुआती दौर में जापान की मियू ताकायामा और तुर्की की एल्मीरा यासिन को 14-0 से करारी मात दी थी। इस शानदार जीत के साथ काजल, अंतिम पंघाल के बाद अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं।

चोट से उबरे अल्काराज खेलेंगे यूएस ओपन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज चोट से उबरकर यूएस ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं। अल्काराज ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह यूएस ओपन के लोगो के सामने दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर का शीर्षक था 'चलिए शुरू करते हैं।'

सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज अप्रैल से ही दाहिनी कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। इस कारण वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। अल्काराज ने पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में यानिक सिनर को हराकर दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी जीता, लेकिन बार्सिलोना ओपन में अपना पहला मैच जीतने के बाद वह टूर्नामेंट से हट गए। खेल से बाहर रहने के बावजूद वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



समुद्री लुटेरों से समंदर में फिर दहशत

यमन-सोमालिया के पास दो जहाज हाईजैक कब्जे में 22 भारतीय समेत 30 क्रू के सदस्य

फाइल फोटो

अदन की खाड़ी में इरिट्रिया के झंडे वाले तेल उत्पाद टैंकर एमटी सिबू 1 को हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, दूसरी घटना में सोमालिया के पुंटलैंड के ईयल जिले में मारेया में कैमरून के झंडे वाले कार्गो जहाज एम/वी लुटुफ को समुद्री लुटेरों ने हाईजैक कर लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन और सोमालिया के तट के पास दो अलग-अलग घटनाओं में समुद्री लुटेरों ने दो कमर्शियल जहाजों का अपहरण कर लिया। इन दोनों जहाजों पर कुल 22 भारतीय नागरिक समेत 30 क्रू सदस्य सवार थे।

एमटी सिबू 1 पर 16 और एम/वी लुटुफ पर 6 भारतीय नागरिक सवार थे। सोमालिया में अपहरण किए गए जहाज पर तुर्किये के हथियार और संचार-सैटेलाइट उपकरण लदे थे।

▶▶ सोमालिया ने जहाज की निगरानी शुरू की
▶▶ तुर्किये के जहाज और हेलिकॉप्टर पहुंचे

कैमरून के झंडे वाला है कार्गो जहाज

दूसरी घटना 17 अगस्त को सोमालिया के पुंटलैंड के ईयल जिले में मारेया से करीब साढ़े तीन नॉटिकल मील की दूरी पर हुई, जहां कैमरून के झंडे वाले कार्गो जहाज एम/वी लुटुफ को समुद्री लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। जहाज पर 10 सदस्यीय क्रू था, जिसमें 6 भारतीय नागरिक, एक तुर्किये का नागरिक, एक जॉर्जियाई नागरिक और दो सर्बियाई सुरक्षा गार्ड शामिल थे। सोमाली अधिकारियों के मुताबिक, जहाज का मालिकाना हक पोलर मूवमेंट शिपिंग के पास बताया गया है।

अदन की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला

शिपिंग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 अगस्त को यमन के तट से करीब 30 नॉटिकल मील दूर अदन की खाड़ी में इरिट्रिया के झंडे वाले तेल उत्पाद टैंकर एमटी सिबू 1 को हथियारबंद समुद्री लुटेरों ने अपने कब्जे में ले लिया। जहाज पर कुल 20 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें 16 भारतीय नागरिक शामिल हैं।

हमले में 4 की मौत

अधिकारी ने बताया कि बाद में तुर्किये के स्वामित्व वाले दो जहाज हाईजैक किए गए पोत के पास पहुंचे। इलाके में तुर्किये के हेलिकॉप्टर और ड्रोन भी निगरानी कर रहे थे। मंगलवार को दो लोगों को लेकर एक छोटी नाव हाईजैक किए गए जहाज के पास पहुंची और वहां खाट पहुंचाया। सोमालिया में खाट एक उत्तेजक पदार्थ है, जिसे आमतौर पर चबाया जाता है। सोमाली अधिकारी के अनुसार, छोटी नाव के तट पर लौटने के बाद इलाके में हवाई हमला हुआ।

जहाज और क्रू की मौजूदा स्थिति पर तस्वीर साफ नहीं

एम/वी लुटुफ, उसके चालक दल और जहाज पर लदे सामान की मौजूदा स्थिति तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना से जुड़ी कई जानकारियों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि भी नहीं हो पाई है। दोनों घटनाओं ने अदन की खाड़ी और सोमालिया के आसपास समुद्री सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। खास तौर पर भारतीय क्रू सदस्यों की मौजूदगी को देखते हुए भारतीय अधिकारियों के लिए उनकी सुरक्षित वापसी प्राथमिकता बनी हुई है।

जहाज पर तुर्किये के हथियार और संचार उपकरण

अधिकारियों के अनुसार, एम/वी लुटुफ तुर्किये के हथियार लेकर जा रहा था। इन हथियारों को मोगादिशु स्थित तुर्किये के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र तक पहुंचाया जाना था। जहाज पर संचार और सैटेलाइट उपकरण भी लदे थे। घटना को लेकर तुर्किये के अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। सोमाली अधिकारी के मुताबिक, करीब 8 समुद्री लुटेरों ने एम/वी लुटुफ पर कब्जा किया।

खबर संक्षेप

भारत के दूरदराज इलाकों में पहुंचेगी स्टारलिंक सेवा

वॉशिंगटन। स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क ने कहा कि स्टारलिंक की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

भारत में सबसे कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है, क्योंकि कंपनी भारत में अपनी व्यावसायिक सेवाएं शुरू करने की मंजूरी का इंतजार कर रही है। मस्क ने कहा कि स्टारलिंक भारत के सबसे कम सेवाएं प्राप्त क्षेत्रों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों की मदद करेगा। मई 2026 तक देश के 11,256 गांवों में अभी भी चौथी पीढ़ी की मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं थी।

पुंछ में हादसा टला, जिंदा मोर्टार को किया नष्ट

पुंछ। सेना ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास मनकोट

सेक्टर में मिले एक जिंदा मोर्टार शेल को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। डबराज इलाके में सेना के बम डिस्पोजल स्क्वाड ने एक कंट्रोल्ड डिस्पोजल ऑपरेशन के जरिए इस मोर्टार शेल को निष्क्रिय किया। इस ऑपरेशन में किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास के इलाकों में ग्रामीणों और किसानों को अक्सर बिना फटे जिंदा मोर्टार शेल मिलते हैं।

स्वीडन के एक स्कूल में तलवार से हमला, अरेस्ट

बर्लिन। स्वीडन के एक स्कूल में शुक्रवार को तलवार लेकर घुसे एक हमलावर ने कई लोगों को घायल कर दिया। संदिग्ध हमलावर को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राजधानी स्टॉकहोम के उत्तर-पश्चिम में स्थित फागरस्टा शहर के ब्रिनेल स्कूल में हुआ। पुलिस प्रवक्ता पेले वामस्टैड ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। वामस्टैड ने कहा कि अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

आईएसआईएस की साजिश नाकाम, महिला गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिकी अधिकारियों ने अल्बानी स्थित न्यूयॉर्क कैपिटल पर कथित बम हमले की साजिश को नाकाम करते हुए 35 वर्षीय जेसिका बोवी को गिरफ्तार किया है। वह आईएसआईएस के प्रति समर्थन जता चुकी थी, हमले के लिए सरकारी इमारतों की रेकी कर चुकी थी और विस्फोटक को भोजन पहुंचाने की सेवा के जरिए अंदर पहुंचाने की योजना बना रही थी।

पश्चिम बंगाल में गृह मंत्री शाह ने सीमा सुरक्षा जवानों से की मुलाकात, कहा

45 दिनों में सरकार ने बीएसएफ और एसएसबी को दे दी 1,129 एकड़ जमीन

घुसपैठ के खतरे को लेकर केंद्र सरकार गंभीर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से सिलिगुड़ी कॉरिडोर के महत्व को पहचाना है। यह एक संवेदनशील कॉरिडोर है, जो 8 राज्यों को जोड़ता है और जहां नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाएं मिलती हैं

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के फ्रंटियर मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में ममता बेनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैंने सीमा पर बीएसएफ द्वारा बाड़ लगाए जाने के लिए जमीन मुहैया कराने को लेकर कई बार गुहार लगाई लेकिन ममता बेनर्जी ने इसे अनसुना कर दिया। मैं सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए 1,129 एकड़ जमीन की मांग 2014 से कर रहा था। पश्चिम बंगाल में सरकार बनने के महज 45 दिनों के भीतर सीएम सुवेंदु अधिकारी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के लिए 1,129 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर यह कदम उठाया गया और इसकी वजह भाजपा की सरकार का होना नहीं बल्कि घुसपैठ के खतरे को समझना है। घुसपैठ पर रोक लगाए बिना न तो पश्चिम बंगाल और न ही भारत को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सकता है। अमित शाह ने कहा कि उन्होंने इसे सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

गृह मंत्री ने कहा कि इस काम में दिखाई जा रही तेजी की वजह केवल यह नहीं है कि राज्य में भाजपा की सरकार है। उनके मुताबिक, इसके पीछे घुसपैठ के खतरे को लेकर गंभीर समझ और उसे रोकने की प्रतिबद्धता है।

◀ घुसपैठ पर रोक लगाए बिना भारत सुरक्षित नहीं
◀ कई क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी बढ़ाई गई

सिलीगुड़ी स्थित एसएसबी फ्रंटियर मुख्यालय में गृह मंत्री शाह

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को उचित सम्मान दिया

गृह मंत्री ने कहा कि वह आजादी के बाद देश में बनीं पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को उचित सम्मान नहीं दिए जाने से दुखी थे। इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लाल किले में 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण गाया गया लेकिन इससे पहले भारत में 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण कभी नहीं गाया गया था। मुझे इस बात की तसल्ली है कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा इसकी रचना के 150वें वर्ष में देश ने इस गीत को आखिरकार उचित मान्यता दी है।

खुली सीमा की सुरक्षा करना सबसे कठिन काम

अमित शाह ने कहा कि वह हमेशा मानते हैं कि खुली सीमा की सुरक्षा करने वाले एसएसबी जवानों का काम सबसे कठिन है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से सिलिगुड़ी कॉरिडोर के महत्व को पहचाना है। यह एक संवेदनशील कॉरिडोर है, जो 8 राज्यों को जोड़ता है और जहां नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाएं मिलती हैं। सरकार ने चोपड़ा, किशनगंज और धुबरी में सुरक्षा बलों की मौजूदगी बढ़ाई है।

सुरक्षा बलों की अहम भूमिका

अमित शाह ने कहा कि जब तक घुसपैठ पर पूरी तरह रोक नहीं लगती, तब तक पश्चिम बंगाल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। घुसपैठ रुकना जरूरी है, क्योंकि इसके बिना न तो पश्चिम बंगाल सुरक्षित होगा और न ही भारत। गृह मंत्री शाह ने सीमा सुरक्षा और घुसपैठ रोकने की जरूरत पर जोर दिया।

सिलीगुड़ी गलियारा अत्यंत संवेदनशील

अमित शाह ने कहा कि अत्यंत संवेदनशील सिलीगुड़ी गलियारे की सुरक्षा मजबूत करने के लिए हमें 560 एकड़ जमीन की जरूरत थी लेकिन ममता बनर्जी की (पूर्व) सरकार ने इतने वर्षों तक यह जमीन नहीं दी। मैं सत्ता में आने के तुरंत बाद जमीन देने की मंजूरी के लिए (शुभेंदु) अधिकारी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

कोई पूर्व सीएम कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य के किसी भी पूर्व सीएम ने एसएसबी या सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कार्यक्रमों में कभी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने मंच पर उनके साथ मौजूद सीएम शुभेंदु अधिकारी को इस चलन को तोड़ने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद एसएसबी के समारोहों में कभी शामिल नहीं हुए। एसएसबी कोई राजनीतिक संगठन नहीं है। यह बल ऐसी बातों से ऊपर है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले बलों के प्रति इस तरह की उदासीनता से गलत संदेश जाता है।

बोले जायसवाल, विश्वसनीयता व साख की कमी वाली ऐसी पक्षपाती संस्थाओं से हमें बनानी चाहिए दूरी

यूएससीआईआरएफ को संघ प्रमुख की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा पर टिप्पणी करना पड़ा भारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संघ प्रमुख मोहन भागवत की आगामी अमेरिका यात्रा को लेकर गैर जरूरी बयानबाजी करने वाली संस्था यूएससीआईआरएफ को विदेश मंत्रालय ने जमकर खरी खोटी सुनाई है। यहां शुक्रवार को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा हम सभी इस बात से भलीभांति परिचित हैं कि यूएससीआईआरएफ एक पक्षपाती संस्था है।

जिसने पहले बार भारत को लेकर ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। यह बीते कई वर्षों से हमारे देश के बारे में उल्टी-सीधी बातें या मैं यह कहूंगा कि भड़काने वाली बातें कर रही है। जिसकी वजह से हमें इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों से हमें दूरी इसलिए भी बनानी चाहिए। क्योंकि इनके पास खुद का अपना एजेंडा होता है। इसके अलावा इनके पास साख या विश्वसनीयता का पूरी तरह से अभाव है। जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान से चीनी की खरीद को लेकर पूछे गए एक अन्य सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध वर्तमान में कैसे हैं, पाक को लेकर भारत का रुख किसी से छिपा हुआ नहीं है?

डाकुओं के कब्जाए जहाजों में सुरक्षित भारतीय

एक अन्य सवाल के जवाब में रणधीर ने बताया कि सोमालिया तट के पास समुद्री डाकुओं द्वारा जिन दो वाणिज्यिक जहाजों (एमवी सिबू, एरिट्रिया का ध्वज लगा हुआ और एमवी लुतुफ, कैमरून का ध्वज लगा हुआ है) पर कब्जा किया गया है। जिनमें कुल 22 भारतीय नाविक सवार हैं। यह दोनों जहाज विदेशी ध्वज वाले हैं। एमवी सिबू जहाज पर 16 और एमवी लुतुफ पर देश के 6 लोग हैं। फिलहाल सभी सुरक्षित हैं। वहीं, केन्या में भारतीय दूतावास ने सोमालिया में संबंधित अधिकारियों के सामने इस मामले को उठाया है।

अंतरराष्ट्रीय नाविक संघ द्वारा उठाए गए एक मामले की प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि नाविकों की सुरक्षा और कल्याण के विषय को भारत पूरी गंभीरता के साथ लेता है। इसके अलावा इन विषयों को हम सर्वोच्च प्राथमिकता के नजरिए से भी देखते हैं। जब कभी भी हमारे नाविक समुदाय से जुड़ा हुआ कोई मामला आता है। तो हम उसे नाविक संघ और अन्य संबंधित एजेंसियों के समक्ष उठाते हैं। इस मामले में भी जो भी प्रगति होगी। उसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

मक्का समझौते में शामिल होगा बांग्लादेश?

उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए रक्षा समझौते में शामिल होने की बांग्लादेश की इच्छा से जुड़े एक सवाल को लेकर रणधीर ने कहा कि मामले को लेकर जारी सभी घटनाक्रमों पर भारत बेहद बारीकी के साथ नजर बनाए हुए है। इसके साथ ही हमारी पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही तमाम गतिविधियों पर भी पैनी निगाह बनी हुई है। भारत का यही पक्ष रहा है कि इस विवाद का बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाना चाहिए।

सार्क की स्थिति के लिए पाक जिम्मेदार

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सार्क समूह को लेकर हमने कई मौकों पर अपनी स्थिति को स्पष्ट किया है। हम सभी जानते हैं कि सार्क आगे क्यों नहीं बढ़ रहा है? उसके लिए सिर्फ एक देश (पाकिस्तान) ही जिम्मेदार है। जहां तक महासचिव की बात है तो वह एक ही होता है। नए अधिकारी के चयन को लेकर मैं जानकारी मिलने के बाद देश की स्थिति को स्पष्ट करूंगा।

अतिक्रमण हटाना जवाबी कार्रवाई थी

भारत में पाक उच्चायोग के बाहर अतिक्रमण हटाने की घटना को लेकर कहा कि यह एक आनुपातिक और जवाबी कार्रवाई थी। क्योंकि इससे पहले इस्लामाबाद में पाकिस्तान के अधिकारियों ने भारतीय उच्चायोग के बाहर सुरक्षा ढांचे हटा दिए थे। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय के बाहरी पब्लिसिटी विभाग का दफ्तर शास्त्री भवन से दिल्ली स्थित सम्राट होटल में स्थानांतरित हो गया है। मंत्रालय से हमारी कई यादें जुड़ी हुई हैं। क्योंकि वहां पर हम दशकों से थे। लेकिन अब नए उत्साह के साथ आगे का कामकाज नई जगह से किया जाएगा।

अमेरिकी राजदूत के बयान पर हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न-अविभाज्य अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे: जायसवाल

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर द्वारा बीते दिनों की गई जम्मू-कश्मीर और लेह की पहली यात्रा के बाद दिए गए बयान पर शुक्रवार को नई दिल्ली ने एक बार फिर से दोनों केंद्रशासित प्रदेशों को लेकर बने हुए अपने प्राचीन-ऐतिहासिक रुख को मजबूती के साथ दोहराया है।

यहां हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि द्वारा मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग थे, हैं और हमेशा बने रहेंगे।

गोर ने दिया था यह बयान

गौरतलब है कि अमेरिका के राजदूत ने दोनों क्षेत्रों की अपनी यात्रा के दौरान कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक महत्वपूर्ण अंग है। जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने अपने रुख को पुनः स्पष्टता के साथ सबके सामने रखा है।

370 हटने के बाद की गई टिप्पणी

भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को पूरी तरह से समाप्त कर दिया था। जिसके बाद राज्य का विशेष दर्जा खत्म हो गया था। इसके साथ

ही इसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभक्त कर दिया गया। 2019 में उक्त घटनाक्रम के वक्त अमेरिका ने कोई बयान या टिप्पणी नहीं दी थी। लेकिन अब इसके करीब 8 साल बाद मामले को लेकर अमेरिकी राजदूत का यह बड़ा बयान सामने आया है। जो पूरी तरह से भारत के रुख के साथ मेल खाता है। विदेश मामलों के जानकार इसे धारा-370 की समाप्ति के बाद किए गए राज्य के पुनर्गठन के मामले को लेकर भारत को मिले अमेरिका के साथ के रूप में देखते हैं। उनका यह भी कहना है कि इस घटना को एक प्रकार से इस मुद्दे पर देश को मिले वैश्विक समर्थन या पुष्टि के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

पाकिस्तानी विरोध कुंठा का प्रदर्शन

सर्जियो गोर की टिप्पणी के बाद बुरी तरह से बौखलाए पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में तैनात अमेरिका के राजनयिक को तलब कर मामले पर कड़ा विरोध जताया था। जिसे लेकर रणधीर ने कहा कि मुझे पाकिस्तान की प्रदर्शित की गई कुंठा पर टिप्पणी करने की कोई वजह नजर नहीं आती है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर केवल पाकिस्तान को ही भारत से परेशानी नहीं है। बल्कि इसे लेकर चीन भी उसके साथ पूरी तरह से खड़ा हुआ है। क्योंकि भारत से अवैध ढंग से कब्जा किए हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के इलाके में ड्रैगन अपनी आर्थिक गलियारा परियोजना चला रहा है। वह कई मौकों पर यह कह चुका है कि भारत और पाकिस्तान को कश्मीर समस्या का समाधान संयुक्त राष्ट्र के कानूनों के मुताबिक निकालना चाहिए। जबकि नई दिल्ली ऐसे किसी भी मत या बयान से इत्तेफाक नहीं रखती है।

इजराइली राजदूत बोलीं- हमारे सबसे अच्छे मित्रों में भारत

एथेंस। भारत के राजदूत रवि शंकर ने इजराइल की नवनियुक्त राजदूत पनिनत यानाय से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत होते रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। इजराइल की नई राजदूत ने ग्रीस में शिष्टाचार भेंट के तहत भारतीय दूतावास का दौरा किया, जहां राजदूत रवि शंकर ने उनका स्वागत किया। यानाय ने इस मुलाकात को 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि यरूशलम से नई दिल्ली तक सच्ची दोस्ती! जो सीमाओं से परे है। इजराइल और भारत के बीच सिर्फ साझा हित ही नहीं हैं- बल्कि पिछले कुछ सालों में, हमारे दोनों देशों ने भरोसे, साझा मूल्यों और कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग पर आधारित एक मजबूत, गहरी और रणनीतिक दोस्ती बनाई है। नवनियुक्त राजदूत ने भारत के राजदूत संग विचारों का आदान-प्रदान किया। उनके लिए राजदूत रवि शंकर के अनुभव से सीखना और हमारे सामने मौजूद चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना बहुत दिलचस्प रहा।

भारत-ब्राजील ने आईसीटी में किया एमओयू

पुणे। भारत और ब्राजील ने दूरसंचार और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दूरसंचार विभाग के अनुसार, यह समझौता डिजिटल नवाचार को आगे बढ़ाने, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा। यह एमओयू पुणे में आयोजित 12वीं ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक के दौरान ब्रिक्स आईसीटी ट्रैक मीटिंग से इतर भारत के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडरिको डी सिक्वेरा फिल्हो ने हस्ताक्षरित किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109